


▸ वर्ष : 3 ▸ अंक : 65 ▸ मूल्य : 4 रू.

▸ RNI No. -DELHIN/2019/78266

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org

# मदरलैण्ड वॉइस

सोमवार, 25 अक्टूबर 2021

राष्ट्र प्रेमियों का दैनिक समाचार पत्र

दिल्ली से प्रकाशित एवं जयपुर, लुधियाना, चंडीगढ़, पटना, रायपुर, देहरादून, शिमला में प्रसारित

## जम्मू-कश्मीर के मंदिरों की भूमि, शांति में खलल डालने वालों को नहीं बख्सेंगे: अमित शाह

### प्रदेश में पहली बार आठ हजार युवाओं को पारदर्शी तरीके से रोजगार दिया गया : राज्यपाल मनोज सिन्हा

**जम्मू, एजेंसी।** देश के गृहमंत्री अमित शाह ने अपने 3 दिवसीय कश्मीर दौरे के दौरान जम्मू के भगवती नगर में रैली को संबोधित करते हुए कहा कि मैं पहली बार प्रदेश में अनुच्छेद 370 खत्म होने के बाद आया हूं। जम्मू-कश्मीर में विकास का नया युग शुरू हुआ है। अब जम्मू और कश्मीर दोनों का समान रूप से विकास होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने पांच अगस्त 2019 को ऐतिहासिक फैसला लेकर जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटा दिया। पहले सभी को समान रूप से नौकरी नहीं मिलती थी लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। प्रदेश के आदिवासी लोगों को वन अधिकार दिए। जम्मू-कश्मीर में पहले चार मेडिकल कॉलेज थे लेकिन अब सात नए कॉलेज बनाए जा रहे हैं। पांच बन गए हैं जबकि दो अन्य भी जल्द बनकर तैयार हो जाएंगे।

आज ही आईआईटी कैंपस की शुरूआत हुई है। इसमें सभी आधुनिक सुविधाएं मौजूद रहेंगी। इसमें सभी आधुनिक सुविधाएं मौजूद रहेंगी। इसमें 35 हजार युवा प्रशिक्षण ले सकेंगे। प्रदेश में 25 हजार युवाओं को नौकरियां दी जा चुकी हैं। आज हमनें सात हजार लोगों को नौकरी के लिए नियुक्ति पत्र सौंपे हैं। जम्मू-कश्मीर में आज 12 हजार करोड़ का निवेश हो रहा है। तीन परिवार हमारा मजाक उड़ाते थे कि जम्मू-कश्मीर में कौन निवेश करेगा। आज करोड़ों का निवेश जम्मू-कश्मीर में हो रहा है। पिछले 70 वर्षों में पूर्व की सरकारों ने क्या दिया। मोदी जी ने तो 80 हजार करोड़ का पैकेज दिया था। प्रदेश में एक हजार लोगों को वन अधिकार के दस्तावेज सौंपे हैं। आज जम्मू-कश्मीर में 15 हजार विकास कार्य शुरू किए हैं। पूर्व की सरकारों ने इन्हें करने में कभी भी दिलचस्पी नहीं दिखाई।

अंतरराष्ट्रीय सीमा के समीप रहने वाले लोगों को आरक्षण दे दिया गया है। बहुत जल्द गुज्जर समुदाय को भी आरक्षण दे दिया जाएगा। जम्मू में जल्द ही मेट्रो दौड़ती नजर आएगी। प्रदेश के हरेक जिले में हेलिपेड बनाया जाएगा। प्रदेश के हरेक गांव को 20 से 22 घंटे बिजली की आपूर्ति की जाएगी। इसके लिए पक्कल, दूलहस्ती से बात की गई है। मोदी जी के दिल में जम्मू-कश्मीर को लेकर हमेशा चिंता रहती है। आयुष्मान योजना जम्मू-कश्मीर के सभी लोगों के लिए हैं। कोरोना से बचाव के लिए प्रदेश में शत प्रतिशत टीकाकरण हुआ जिसके लिए आप सभी बधाई के पात्र हैं।

मोदी जी के नेतृत्व में सभी के घरों में बिजली पहुंची है। मोदी जी ने 30 हजार लोगों को चुना है। प्रदेश में पंचायती चुनाव करवाए। पंच-सरपंच बनाए। जिला विकास परिषद के सदस्य बनाए।



जम्मू-कश्मीर मंदिरों की भूमि है। मां वैष्णो की भूमि है। यहां की शांति में खलल डालने वालों को नहीं बख्सेंगे।

इससे पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जम्मू में पहुंचे। उन्होंने नगरोटा स्थित आईआईटी नगरोटा में ब्लाक का उद्घाटन किया और इसके उपरांत वह भगवती नगर रैली स्थल के लिए रवाना हुए।जम्मू पहुंचने पर उनका स्वागत में उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, जम्मू-कश्मीर पुलिस के डीजी दिलबाग सिंह सहित जम्मू के मेयर चंद्र मोहन गुप्ता सहित अन्य गणमान्य मौजूद थे।

अमित शाह ने जीएमसी ऊधमपुर का नींव पत्थर रखा और केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभार्थियों में चेक वितरित किए। उन्होंने मंच पर मिशन यूथ के अंतर्गत शफ्कत अली और रमन सिंह को नियुक्ति पत्र सौंपे। अमित शाह ने तेजस्विनी योजना के अंतर्गत शिवानी रेखी, सुनीता रानी और वीना को भी नियुक्ति पत्र सौंपे हैं। अमित शाह ने चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र सौंपे हैं जिनका हाल ही में चयन हुआ है। इसके अलावा उन्होंने केंद्र की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का भी उद्घाटन किया।

केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित सिंह का स्वागत किया। उन्होंने रैली स्थल से संबोधित करते हुए कहा कि मैं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जी का स्वागत करता हूं। जम्मू-कश्मीर के ग्रामीण और शहरी लोगों के जीवन को सुगम बनाने के लिए कई कल्याणकारी कदम उठाए गए हैं। सरकार ने वाल्मीकि समाज के लोगों को अधिकार दिए। प्रदेश के पहली बार आठ हजार युवाओं को पहली बार पारदर्शिता तरीके से रोजगार दिया गया। हमारी सरकार ने प्रदेश में रहने वाले महाजन और सिख समुदाय के लोगों को कृषि योग्य भूमि खरीदने का अधिकार दिया है।

जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि प्रदेश ने स्वच्छता अभियान में तीसरा स्थान हासिल किया है जो सभी के लिए गौरव की बात है। प्रदेश में रुकी-पड़ी कई परियोजनाओं पर काम शुरू हो चुका है। प्रदेश के स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। जम्मू-कश्मीर ने शत प्रतिशत टीकाकरण के अभियान के लक्ष्य को पूरा किया है। गृह मंत्री के सहयोग से हमने रिट्रीट सेरामनी शुरू की है। जम्मू कश्मीर सरकार ने प्रदेश में निवेश के लिए 60 हजार के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। प्रदेश सरकार प्रत्येक नागरिक की सुरक्षा के लिए पूरी तरह से वचनबद्ध है।

केंद्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि अमित शाह साहब ने जम्मू-कश्मीर को एक नई दिशा दी है। प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेन्द्र मोदी जी ने हमेशा ही जम्मू-कश्मीर की चिंता की है। वर्ष 2014 में जब जम्मू-कश्मीर में बाढ़ आई तो सबसे पहले मोदी जी ने दिवाली जम्मू-कश्मीर के बाढ़ पीड़ितों के साथ मनाई। पंडित प्रेमनाथ डोगरा के सपनों को अमित शाह जी ने पूरा किया है। धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के युवाओं व युवतियों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं शुरू की गई हैं।जम्मू-कश्मीर में 2014 के बजट में आइआइटी बनाने के लिए कहा गया। इसके निर्माण में 1100 करोड़ रुपए खर्च आए। जम्मू में एम्स और आइआइएम है। जम्मू विद्या का केन्द्र बनेगा। इसके लिए चर्चा की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### मोदी सरकार का 100 करोड़ टीकाकरण का दावा 'झूठा' : संजय राउत

मुंबई, एजेंसी। देश में कोविड-19 रोधी टीके की 100 करोड़ खुराक देने के मोदी सरकार के दावे को लेकर चल रही सियासत के बीच शिवसेना सांसद संजय राउत ने आरोप लगाया कि यह दावा 'झूठा' है और पात्र नागरिकों को अब तक 23 करोड़ से ज्यादा खुराक नहीं लगाई गई है। महाराष्ट्र में शनिवार को नासिक में पार्टी की एक बैठक को संबोधित करते हुए राउत ने कहा कि वह यह सबूत देंगे कि 100 करोड़ टीकाकरण का दावा 'झूठा' है। राज्य सभा सदस्य ने बिना किसी का नाम लिए हुए कहा, आप कितना झूठ बोलेंगे ? शिवसेना के प्रमुख प्रवक्ता ने दावा किया, पिछले एक पखवाड़े में 20 हिंदू और सिखों की हत्या हुई। 17 से 18 सैनिक शहीद हो गए। चीन अरुणाचल प्रदेश और लद्दाख में समस्या पैदा कर रहा है, लेकिन हम 100 करोड़ टीकाकरण का उत्सव मना रहे हैं, जो कि सही नहीं है। महाराष्ट्र के भाजपा प्रवक्ता केशव उपाध्याय ने कहा कि शिवसेना नेता आधारहीन दावे करते रहे हैं। उन्होंने कहा, 100 करोड़ टीकाकरण पर राउत की टिप्पणी कुछ नहीं बल्कि हंसने वाली बात है क्योंकि आंकड़े बिल्कुल स्पष्ट हैं। भारत ने 21 अगस्त को कोविड-19 के खिलाफ टीकाकरण का 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया।

### मनीष तिवारी बोले- कांग्रेस में 40 साल से अधिक समय में मैंने कभी पंजाब जैसी अराजकता नहीं देखी

चंडीगढ़, एजेंसी। पंजाब कांग्रेस में चल रही कलह खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। कांग्रेस नेता मनीष तिवारी ने पंजाब की सत्ताधारी कांग्रेस में जारी सियासी खींचतान को 'रोजाना के नाटक' करार देते हुए सवाल किया कि क्या पार्टी को लगता है कि राज्य के लोग इससे 'घृणित' नहीं हैं। तिवारी ने पार्टी के पंजाब प्रभारी हरीश रावत की एक इंटरव्यू का जिक्र करते हुए कहा कि 'कांग्रेस में 40 साल से अधिक समय में मैंने कभी ऐसी अराजकता नहीं देखी'। तिवारी ने एक के बाद एक कई सिलसिलेवार ट्वीट्स में पंजाब इकाई की समस्याओं के बारे में विस्तार से बताया और इसे 'अराजकता' करार दिया। उन्होंने लिखा, 'पंजाब कांग्रेस के एक अध्यक्ष द्वारा कांग्रेस आलाकमान की बार-बार खुली अवहेलना, पार्टी नेताओं का बच्चों की तरह एक-दूसरे से खुलेआम झगड़ना- एक-दूसरे के खिलाफ ऐसी गंदी भाषा का उपयोग तो मछली बेचने वाली भी नहीं करती हैं। पिछले 5 महीनों से यह पंजाब कांग्रेस का हाल है'। बता दें कि हरीश रावत ने एक हालिया इंटरव्यू में कहा था कि तिवारी ऐसे वरिष्ठ नेता थे, जिनसे उन्हें 'बहुत लगाव' था, लेकिन उन्हें पंजाब की जमीनी स्थिति को समझना चाहिए। इसके बाद तिवारी ने एक इंटरव्यू में कहा कि राज्य के प्रभारी इस बात की सराहना करने में विफल रहे हैं कि पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने इस सीमावर्ती राज्य के मुद्दों और यहां की राजनीतिक स्थिति को कैसे प्रबंधित किया, या कि उन्होंने एक स्थिर सरकार चलाई।

## चीनी हिंसक झड़प के दौरान साहस का परिचय देने वाले 20 जवान वीरता पदक से सम्मानित



**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।** साल-2020 में मई-जून के दौरान पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर चीन के साथ हुई हिंसक झड़प और दोनों देशों के बीच जारी सैन्य गतिरोध के दौरान असाधारण वीरता तथा अदम्य साहस का परिचय देने वाले भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के 20 जवानों को पुलिस वीरता पदकों से अलंकृत (सम्मानित) किया गया है। केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने रविवार को आईटीबीपी के 60वें स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर इन जवानों के सीने पर पदक लगाकर और उन्हें प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इन पुलिस पदकों की घोषणा इस साल 14 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर की गई थी। केन्द्रीय अर्द्धसैनिक बल आईटीबीपी के जवान 3,488 किलोमीटर लंबी वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) की सुरक्षा के अपने प्राथमिक उद्देश्य के तहत सेना के जवानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर तैनात हैं।

आईटीबीपी के प्रवक्ता के मुताबिक पुलिस पदक से सम्मानित होने वाले 20 में से आठ जवानों को पिछले साल 15 जून को गलवान नाला में मातृभूमि की रक्षा के लिए उनके वीरतापूर्ण कार्य, सावधानीपूर्वक योजना और सामरिक अंतर्दृष्टि का प्रदर्शन करने के लिए पुलिस वीरता पदक (पीएमजी) से सम्मानित किया गया है। पूर्वी लद्दाख के फिंगर चार क्षेत्र में 18 मई 2020 को चीनी सैनिकों के साथ हिंसक झड़प के दौरान वीरतापूर्ण कार्रवाई के लिए आईटीबीपी के छह जवानों को पीएमजी से सम्मानित किया गया है, जबकि बाकी छह जवानों को उसी दिन लद्दाख में हॉट स्प्रिंग्स के पास असाधारण वीरता का प्रदर्शन करने के लिए वीरता पदक से सम्मानित किया गया है। गौरतलब है कि पूर्वी लद्दाख में चीनी सैनिकों के साथ हुई झड़प में सेना के 20 जवान शहीद हुए थे। चीन के मुताबिक इस झड़प में उसके पांच जवान मारे गए थे जबकि वास्तविक संख्या इससे काफी अधिक होने की संभावना है। भारतीय सीमा क्षेत्र में चीन के बढ़ते हुए अतिक्रमण को रोकने के लिए 1962 में आईटीबीपी की स्थापना की गयी थी। आईटीबीपी में करीब 90 हजार जवान हैं।

## पंजाब के असली मुद्दों से बात नहीं भटकने दूंगा: नवजोत सिंह सिद्धू



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस पार्टी बार-बार यह साबित करने में जुटी है कि उसकी पंजाब इकाई में सबकुछ ठीक चल रहा है लेकिन प्रदेश अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू लगातार ऐसे बयान दे रहे हैं जिससे साफ है कि पंजाब कांग्रेस की कलह बरकरार है। सिद्धू ने एक बार फिर से तीखे तेवर दिखाते हुए कहा है कि वह असली मुद्दों पर डटे रहेंगे और इनसे ध्यान नहीं हटने देंगे। इससे पहले बीते हफ्ते ही सिद्धू ने पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी को चिट्ठी लिखकर मांग की थी कि वह चन्नी सरकार को 13 मुद्दों पर काम करने के निर्देश दें। सिद्धू ने ट्वीट किया, 'पंजाब को अपने वास्तविक मुद्दों पर लौट आना चाहिए, जो पंजाबी और हमारी आने वाली पीढ़ी की चिंता है। हम उस आर्थिक आपातकाल का सामना कैसे करेंगे जो हमें घूर रहा है ? मैं असली मुद्दों पर डटा रहूंगा और उनसे ध्यान नहीं हटने दूंगा। बता दें कि सिद्धू करीब 10 दिन पहले ही केसी वेणुगोपाल और हरीश रावत जैसे वरिष्ठ पार्टी नेताओं से दिल्ली में मिले थे। इस दौरान भी सिद्धू ने एक 18 सूत्रीय एजेंडा को लेकर अपनी चिंताएं जाहिर की थी और कहा था कि इनपर कार्रवाई की जाए। इसमें साल 2015 के गुरुग्रंथ साहिब बेअदबी केस के आरोपियों के खिलाफ एक्शन और ड्रग्स माफियाओं पर कार्रवाई भी शामिल थे। अपने दिल्ली दौरे पर सिद्धू ने राहुल गांधी से भी मुलाकात की थी और इसके बाद उनके इस्तीफे की वापसी का ऐलान भी किया गया था। हालांकि, सिद्धू ने फिर सोनिया गांधी को चिट्ठी लिखकर चन्नी सरकार को निर्देश दिए जाने की मांग कर के यह साफ कर दिया था कि उनकी नाराजगी दूर नहीं हुई है। सिद्धू को इसी साल जुलाई में पंजाब कांग्रेस का अध्यक्ष बनाया गया था। हालांकि, सितंबर में चरणजीत सिंह चन्नी की सरकार बनने के महज 8 दिनों के अंदर ही सिद्धू ने कुछ फैसलों से नाराज होकर इस पद से इस्तीफा देकर सबको हैरान कर दिया था।

## महंगाई- मोदी सरकार ने जनता को 'कष्ट' देने के रिकॉर्ड बनाए : प्रियंका गांधी



**नई दिल्ली , एजेंसी।** पेट्रोल-डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों को लेकर कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने रविवार को केंद्र पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने जनता को 'कष्ट' देने के रिकॉर्ड बनाए हैं। कांग्रेस नेता प्रियंका ने ट्विटर पर एक मीडिया रिपोर्ट साझा की जिसमें कहा गया है कि इस वर्ष पेट्रोल की कीमतों में रिकॉर्ड 23.53 रुपए की वृद्धि हुई है। प्रियंका ने हिंदी में ट्वीट किया, 'मोदी जी की सरकार ने जनता को कष्ट देने के मामले में बड़े-बड़े रिकॉर्ड बनाए हैं। सबसे ज्यादा बेरोजगारी, मोदी सरकार में, सरकारी संपत्तियां बिक रहीं, मोदी सरकार में, पेट्रोल की कीमतें एक साल में सबसे ज्यादा बढ़ीं, मोदी सरकार में।' कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने भी वही मीडिया रिपोर्ट साझा करते हुए सरकार पर हमला बोला और ट्वीट किया, 'अच्छे दिन'। शनिवार को लगातार चौथे दिन पेट्रोल और डीजल कीमतों में बढ़ोतरी हुई। पेट्रोल और डीजल दोनों के दाम 35-35 पैसे प्रति लीटर और बढ़ गए हैं। इस बढ़ोतरी के साथ मई, 2020 की शुरूआत से यानी 18 महीने से कम समय में पेट्रोल 36 रुपए लीटर महंगा हो चुका है।इस दौरान डीजल कीमतों में 26.58 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी हुई है। सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों की मूल्य अधिसूचना के अनुसार, दिल्ली में अब एक लीटर पेट्रोल की कीमत 107.24 रुपए प्रति लीटर हो गई है। वहीं डीजल 95.97 रुपए प्रति लीटर पर पहुंच गया है।

## पेट्रोल-डीजल की बढ़ रही कीमतों के खिलाफ सड़क पर उतरेगी कांग्रेस



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस पार्टी पेट्रोल और डीजल की कीमतों में वृद्धि के खिलाफ 14 नवंबर से 29 नवंबर तक पूरे देश में बड़े पैमाने पर आंदोलन करेगी। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने शनिवार को कहा, 'हम पेट्रोल और डीजल की कीमतों में वृद्धि के खिलाफ लगातार आंदोलन करने जा रहे हैं। 14 नवंबर से 29 नवंबर तक बड़े पैमाने पर अभियान चलाएंगे। विरोध प्रदर्शन कांग्रेस नेताओं द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में 'पदयात्रा' निकालने जैसे कार्यक्रमों का गवाह बनेगा। उन्होंने कहा, 'इन 15 दिनों के दौरान - एक सप्ताह में पूरी कांग्रेस समितियां पूरे देश में अपने-अपने क्षेत्रों में पदयात्रा भी करेंगी। इस बीच, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम ने भी ईंधन की कीमतों में वृद्धि को लेकर केंद्र सरकार पर हमला बोला और कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक के सुझाव के अनुसार करों को कम किया जाना चाहिए।

पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम ने शनिवार को चेन्नई में कहा, 'यह केवल सरकार का लालच है जिसने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में वृद्धि की है। इसलिए आरबीआई कहता है कि पंप की कीमतें कम कराधान के लायक हैं। आरबीआई बार-बार सरकार से कह रहा है कि पंप की कीमतें कम होनी चाहिए। देश भर में शनिवार को लगातार चौथे दिन पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी की गई। 0.35 रुपये की बढ़ोतरी के साथ, राष्ट्रीय राजधानी में पेट्रोल की कीमत बढ़कर 107.24 रुपये प्रति लीटर हो गई, जबकि डीजल की कीमत उसी राशि से बढ़कर 95.97 रुपये प्रति लीटर हो गई। मुंबई में पेट्रोल और डीजल की कीमत प्रति लीटर क्रमशः 113.12 रुपये और 104.00 रुपये है।

## चीन-पाकिस्तान की सांठगांठ से भारत को खतरा, दक्षिण एशिया की स्थिरता भंग होगी : सीडीएस रावत

**गुवाहाटी, एजेंसी।** देश के प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल बिपिन रावत ने आशंका जताई है कि चीन-पाकिस्तान की सांठगांठ से भारत को खतरा होगा साथ ही दक्षिण एशिया की स्थिरता भी भंग होगी। रावत ने कहा कि चीन की वैश्विक ताकत हासिल करने की महत्वाकांक्षाओं के कारण दक्षिण एशिया की स्थिरता पर 'सर्वव्यापी खतरा' है। जनरल रावत ने यहां प्रथम रविकांत सिंह स्मृति व्याख्यान देते हुए कहा कि चीन दक्षिण एशिया तथा हिंद महासागर क्षेत्र में अंदर तक सेंध लगा रहा है ताकि उभरती वैश्विक महाशक्ति के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत कर सके।

उन्होंने कहा, 'हाल में हम चीन द्वारा क्षेत्र में भू-रणनीतिक स्पर्धा और भारी निवेश देख रहे हैं।' उन्होंने कहा कि म्यांमा तथा बांग्लादेश पर चीन की प्रतिकूल कार्रवाई भी भारत के राष्ट्रीय हित में नहीं हैं क्योंकि ये 'भारत पर नियंत्रण' की कोशिश हैं। रावत ने कहा, 'क्षेत्रीय रणनीतिक अस्थिरता का सर्वव्यापी खतरा बना हुआ है।' उन्होंने कहा कि इससे भारत की क्षेत्रीय अखंडता और रणनीतिक महत्व को खतरा हो सकता है। सीडीएस ने भारत-पाक संबंधों पर कहा कि पाकिस्तान का सरकार प्रायोजित आतंकवाद तथा सरकार से इतर तत्वों की आतंकवादी गतिविधियां दोनों देशों के बीच शांति प्रक्रिया में अवरोधक हैं। उन्होंने विभिन्न मुद्दों पर पाकिस्तान तथा चीन के बीच




साझेदारी को 'भारत विरोधी सांठगांठ' कहा। जिसमें चीन द्वारा पाकिस्तान को सैन्य उपकरण प्रदान करना और अंतरराष्ट्रीय मंच पर उसका समर्थन करना शामिल है। सीडीएस ने बाद में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि चीन के साथ सीमा संबंधी मुद्दों को समग्रता से देखना होगा और यह लद्दाख सेक्टर या पूर्वोत्तर राज्यों से जुड़े विषय नहीं हैं।

उन्होंने कहा, '2020 में थोड़ी दिक्कत (भारत और चीन के बीच) थी। सेना से लेकर राजनीतिक स्तर तक विभिन्न स्तरों पर बातचीत के साथ मुद्दों को सुलझाया जा रहा है।' जनरल रावत ने कहा कि पहले भी दोनों पड़ोसियों के बीच ऐसे मुद्दे उठ चुके हैं, लेकिन सुलझा लिए गए हैं। जनरल रावत ने कहा, 'दोनों देशों के बीच संशय हैं और इसलिए मुद्दों के समाधान में समय लगता है। लोगों को प्रणाली और सशस्त्र बलों में भरोसा होना चाहिए।' उन्होंने कहा कि क्षेत्र में चीन के प्रभाव का मुकाबला करने के लिए भारत ने पड़ोसी देशों के साथ सहभागिता बढ़ा दी है। सीडीएस ने कहा, 'चीनियों की किसी देश में लोकप्रियता हासिल करने के लिए धनबल का इस्तेमाल करने की आदत रही है। लेकिन जैसा कि हमारे प्रधानमंत्री ने आह्वान किया है, हम सभी के लिए सुरक्षा और प्रगति में भरोसा करते हैं। हमें अपने पड़ोसियों को बताना होगा कि हम यहां स्थायी मित्रों के रूप में हैं।'

रावत ने संबंधों को मजबूत करने के लिए पड़ोसी देशों के साथ सांस्कृतिक संपर्कों की संभावना खोजने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने देश की रक्षा तैयारियों पर कहा कि भारत के पास पर्याप्त रक्षा और सशस्त्र प्रणालियां हैं और सरकार ने सशस्त्र बलों को आपात अधिकारों का इस्तेमाल कर सशस्त्र बलों को आवश्यक शस्त्र प्राप्त करने की अनुमति दी है। जनरल रावत ने कहा, 'जहां तक हमारी सुरक्षा प्रणाली में सुधार की बात है तो कोई सवाल (सरकार द्वारा) नहीं उठाया जा रहा।'

## पीएम मोदी जी-20 शिखर सम्मेलन में अफगान संकट पर संयुक्त दृष्टिकोण अपनाने पर दे सकते हैं बल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इटली में 30 अक्टूबर से शुरू होने जा रहे दो दिवसीय जी-20 शिखर सम्मेलन में अफगानिस्तान के वर्तमान हालात का सामना करने, जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने और कोरोना महामारी को लेकर संयुक्त वैश्विक दृष्टिकोण अपनाने पर बल दे सकते हैं। प्रधानमंत्री की यात्रा से जुड़े जानकारों ने रविवार को यह बात कही। मोदी बृहस्पतिवार या शुक्रवार को इटली और स्कॉटलैंड की यात्रा पर रवाना हो सकते हैं। जी-20 समूह के सदस्य देशों के राष्ट्राध्यक्षों और सरकारी प्रमुखों का यह शिखर सम्मेलन रोम में 30 ओर 31 अक्टूबर को होगा। इसमें सदस्य देशों के नेता व समूह और कुछ अंतरराष्ट्रीय व क्षेत्रीय संगठनों के प्रतिनिधि शिरकत करेंगे। इस सम्मेलन में प्रतिनिधियों के कोरोना वायरस महामारी की चुनौतियों के बाद सुधार, जलवायु परिवर्तन और विश्व के विभिन्न



हिस्सों में गरीबी व असमानता जैसी प्रमुख चुनौतियों पर चर्चा की उम्मीद है। एक जानकार ने बताया कि अफगानिस्तान की स्थिति को लेकर इस सम्मेलन में प्रमुखता से चर्चा हो सकती है। प्रधानमंत्री मोदी इस सम्मेलन में विभिन्न वैश्विक चुनौतियों पर भारत का रुख सामने रख सकते हैं और अफगानिस्तान की स्थिति पर एक वैश्विक दृष्टिकोण अपनाने का आह्वान कर सकते हैं। साथ ही वह जलवायु परिवर्तन और कोरोना महामारी के खिलाफ एकजुटता की भी बात कर सकते हैं।



newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



# अन्त्योदय योजना के अंतर्गत पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक राहत पहुंचे इसके लिए मोदी सरकार प्रतिबद्ध: दुष्यंत गौतम

## उत्तराखंडवासियों के इस आपदा में भाजपा हर कदम पर उनके साथ है:आदेश गुप्ता

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री श्री दुष्यंत गौतम एवं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री आदेश गुप्ता ने आज उत्तराखंड में बाढ़ से हुई त्रासदी के लिए प्रदेश भाजपा की ओर से प्रदान राहत सामग्री से भरे ट्रकों को झंडा दिखाकर रवाना किया। श्री दुष्यंत गौतम ने इस राहत कार्य के लिए प्रदेश भाजपा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारी पार्टी सबसे पहले यह सुनिश्चित कर रही है कि जो भी बाढ़ से ग्रसित क्षेत्र है, वहां खाने की समस्या न हो क्योंकि कोई भी त्रासदी आती है तो सबसे पहले भूखमरी की समस्या उत्पन्न हो जाती है और त्रासदी से ज्यादा भूखमरी से मरने वालों की संख्या होने का डर होता है। इसी को ध्यान में रखते हुए दिल्ली प्रदेश भाजपा ने आज 20 हजार राशन किट जिसमें दिनचर्या में प्रयोग किए जाने वाले सभी सामग्री है, उत्तराखंड के लिए भेज रही है।



इस मौके पर प्रदेश संगठन महामंत्री श्री सिद्धार्थन, प्रदेश महामंत्री श्री हर्ष मल्होत्रा, प्रदेश कोषाध्यक्ष श्री विष्णु मित्तल, प्रदेश मीडिया प्रमुख श्री नवीन कुमार जिंदल, प्रदेश प्रवक्ता श्री मोहन लाल गिहारा, शाहदरा जिला प्रभारी श्री पंकज जैन सहित अन्य प्रदेश, जिला एवं मंडल के पदाधिकारी मौजूद थे।

श्री दुष्यंत गौतम ने कहा कि भाजपा अन्त्योदय योजना के अंतर्गत पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति को भी मुख्यधारा से जोड़ने का काम किया है और उस तक राहत पहुंचे इसके लिए मोदी सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। भारतीय जनता पार्टी ह्यसेवा ही संगठनह्व के माध्यम से जन सेवा कार्य में लगी हुई है। अभी हाल ही में गृहमंत्री श्री अमित शाह खुद उत्तराखंड का दौरा करके आए हैं और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री लगातार एक सेवक की तरह काम कर रहे हैं। भाजपा की तरफ से विश्वास दिलाता हूं कि उत्तराखंड वासियों के साथ पार्टी हर संभव मदद के लिए तैयार है।

उन्होंने विपक्ष द्वारा बार-बार सवाल खड़े किए जाने पर तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि कोई भी त्रासदी किसी पार्टी विशेष के लिए नहीं होती बल्कि मानव के साथ होती है और मानवता तो हर किसी के लिए है, चाहे वह पक्ष हो या विपक्ष। ऐसे में विपक्ष इतने सालों से महामारी के दौरान घर में कैद होने के अलावा अगर कुछ किया हो तो बताएं। चाहे वह कांग्रेस हो या फिर आम आदमी पार्टी हो। श्री दुष्यंत गौतम ने विपक्ष से अपील की कि सिर्फ पार्टी, धर्म, जाति के नाम पर राजनीतिक रोटियां सेंकना बंद करें और मानवता को सर्वोपरी मानकर सेवा कार्य करें तो वह ज्यादा बेहतर है।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री आदेश गुप्ता ने कहा कि आज प्रदेश भाजपा की ओर से 20,000 राशन किट हल्द्वानी उत्तराखंड के लिए रवाना किए गए हैं जिसमें आटा, चावल, चीनी, चायपत्ति, तेल और पानी के अलावा अन्य सामग्री भी शामिल है। भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता उत्तराखंड के साथ खड़ा है और हर संभव मदद के लिए तैयार है। देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री श्री अमित शाह एवं पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जे. पी. नड्डा लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। लगातार एक सेवक की तरह खुद उत्तराखंड के माननीय मुख्यमंत्री भी जनसेवा में लगे हुए हैं।

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के अलग-अलग क्षेत्रों में राहत सामग्री ही पहुंचाना कठीन कार्य है लेकिन हम सजग है और उत्तराखंड वासियों को हम विश्वास दिलाते हैं कि हम हर कदम पर उनके साथ खड़े हैं।

# कला भारती फाउंडेशन द्वारा किया गया सृष्टि गुलाटी को सम्मानित



» स्वतंत्र सिंह भुल्लर मदरलैंड संवाददाता

कला भारती फाउंडेशन के फाउंडर सुशील भारती ओर ममता सोनी द्वारा रिकॉर्ड गर्ल सृष्टि गुलाटी को सांस्कृतिक और समाज सेवा में योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रेसिडेंट ममता सोनी, प्रवीन गुलाटी, प्रिया गुलाटी, राकेश भाटिया, कमल शर्मा, लीला आदि सभी उपस्थित रहे। प्रेसिडेंट ममता सोनी ने कहा की नन्ही बच्ची की इस उपलब्धि पर हम सभी को गर्व है। आजकल बच्चे जिस उम्र में ठीक से खेलना भी नही जानते वही सृष्टि गुलाटी ने इस छोटी सी उम्र में काफी सफलता प्राप्त की है और नेक कार्य किये हैं। सृष्टि गुलाटी द्वारा सामाजिक कार्य मे मास्क बाटना, सेनिटरी पैड वितरण ओर जरूरतमंद बच्चो को लेखन सामग्री भी वितरित की है। यह सभी कार्य सृष्टि अपने माता-पिता के सहयोग से करती हैं। फाउंडर सुशील भारती ने कहा की हम सभी सृष्टि गुलाटी द्वार किए गए कार्यों की प्रशंसा करते हैं। कला भारती फाउंडेशन आर्ट ओर कल्चर को प्रोत्साहित करती है। कला भारती द्वारा गरीब साहित्यकारों ओर कलाकारों की सहायता की जाती है। चिकित्सा और शिक्षा के क्षेत्र में भी कार्य करती हैं। किसानों को आर्गेनिक खेती के बारे में मार्गदर्शन करते हैं। संस्था के द्वारा वैक्सीनेशन कैम्प ओर रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया जाता है। सृष्टि के माता-पिता बेटी की हर एक उपलब्धि पर प्रफुल्लित होते है। माता-पिता द्वारा सुशील भारती ममता सोनी ओर कला भारती संस्था का हार्दिक धन्यवाद किया।

## संक्षिप्त समाचार

### केंद्र ने राज्यों से कहा- आगामी त्योहार सुरक्षित तरीके से मनाएं

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्र सरकार ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से कहा है कि कोविड-19 महामारी के मद्देनजर आगामी त्योहार अत्यधिक सावधानियों के साथ सुरक्षित तरीके से मनाए जाएं। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को लिखे पत्र में कहा कि कोविड मामले बढ़ने पर काबू के लिए पिछले महीने जारी मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) का पालन किया जाना चाहिए। निषिद्ध क्षेत्रों के रूप में पहचाने जाने वाले इलाकों और पांच प्रतिशत से अधिक संक्रमण दर वाले जिलों में किसी भी सामूहिक आयोजन की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान सावधानी बरतने के लिए संबंधित राज्य सरकारों द्वारा पर्याप्त रूप से पहले ही आवश्यक निर्देश जारी किए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि कोविड संबंधी उपयुक्त व्यवहार के उल्लंघन के मामले में दंडात्मक कार्रवाई भी की जानी चाहिए। केंद्र ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से ऑनलाइन समारोहों, ऑनलाइन खरीदारी और अनावश्यक यात्रा से बचने के लिए विभिन्न तौर-तरीकों का पता लगाने तथा उन्हें बढ़ावा देने को भी कहा। केंद्र ने कहा कि यह अहम है कि जिला स्वास्थ्य अधिकारी स्थानीय मामलों की संख्या पर कड़ी नजर रखें और स्वास्थ्य मंत्रालय और गृह मंत्रालय द्वारा समय-समय पर जारी परामर्श के आधार पर समय पर तथा सख्ती से हस्तक्षेप करें।

### डासना मंदिर के महंत नरसिंहानंद की बढ़ेंगी मुश्किलें

नई दिल्ली, एजेंसी। गाजियाबाद जिले के डासना स्थित देवी मंदिर के महंत यति नरसिंहानंद सरस्वती के खिलाफ गाजियाबाद पुलिस ने गुंडा एक्ट की कार्रवाई शुरू कर दी है। उन पर मारपीट, हत्या का प्रयास व महिलाओं के लिए अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने के आरोप हैं। सहायक पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी सदर आकाश पटेल ने बताया कि मंदिर परिसर में आए दिन तरह-तरह के बवाल हो रहे हैं। पुलिस की एक अस्थायी टुकड़ी जिले की कानून-व्यवस्था से हटाकर मंदिर में अराजकता रोकने के लिए तैनात की गई है, लेकिन हालात नियंत्रण से बाहर जाने की स्थिति में महंत के खिलाफ गुंडा एक्ट की कार्रवाई शुरू की गई है। इसकी फाइल तैयार कर एसडीएम सदर को भेज दी है, लेकिन एसडीएम की मंजूरी नहीं मिलने से कार्रवाई आगे नहीं बढ़ पा रही है। यति नरसिंहानंद लगातार कानून-व्यवस्था के लिए खतरा बन रहे हैं। मंदिर में वह चेकिंग करने नहीं देते और कुछ भी विवाद होता है तो पुलिस पर आरोप लगाते हैं। वह गुंडा एक्ट की कार्रवाई के लिए योग्य हैं इसलिए कार्रवाई शुरू हुई है।

### क्या हमें एक सीट कांग्रेस को हारने के लिए देनी चाहिए? जिससे वह अपनी जमानत भी गंवा सके? - लालू

नई दिल्ली, एजेंसी। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव से जब पूछा गया कि विधानसभा की दो सीटों पर हो रहे उपचुनाव में उनकी पार्टी राष्ट्रीय दल कांग्रेस को एक सीट नहीं दे रही है तो ऐसे में क्या इसे एक तरह से गठबंधन में टूट के तौर पर देखा जाए, उन्होंने पलटकर पूछा, 'क्या होता है कांग्रेस का गठबंधन?' उन्होंने कहा, ह्यक्या हमें एक सीट (कांग्रेस को) हारने के लिए देनी चाहिए? जिससे वह अपनी जमानत भी गंवा सके?' उन्होंने कांग्रेस नेता भक्त चरण दास का भी उपहास किया जो पार्टी के बिहार प्रभारी हैं और राजद पर निशाना साधते रहे हैं।

# फिर डरा रहे कोरोना केस, आए 15906 नए मामले, 561 की मौत

## कई राज्यों में दुगार्पूजा और दशहरा के बाद कोरोना के नए केस बढ़े

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में कोरोना संक्रमण में मामले हर दिन ऊपर और नीचे हो रहे हैं। कोरोना संक्रमण की रफ्तार धीमी गति से आगे बढ़ रही है लेकिन ये आंकड़े आने वाले समय के लिए खतरनाक साबित हो सकते हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय की आंकड़ों पर नजर दौड़ाएं तो कई राज्यों में दुगार्पूजा और दशहरा के बाद कोरोना के नए केस बढ़ते दिखाई दे रहे हैं। पिछले 24 घंटे में देश में कोरोना संक्रमण के 15 हजार 906 नए केस सामने आए हैं, जबकि इस दौरान 561 मरीजों की मौत हुई है। कोरोना के नए मरीज मिलने के बाद अब देश में कुल संक्रमितों की संख्या 3 करोड़ 41 लाख 75 हजार 468 हो गई है।

स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, देश में अब तक कोरोना के 1 लाख 72 हजार 594 एक्टिव केस हैं, जबकि 3 करोड़ 35 लाख 48 हजार 605 लोग ठीक होकर अपने घर जा चुके हैं। वहीं अब तक कोरोना से 4 लाख 54 हजार 269 लोगों की मौत हो चुकी है। देश में अब तक 1,02,10,43,258 लोगों को वैक्सीन लगाई जा चुकी है। पिछले 24 घंटे में 77,40,676 लोगों को कोरोना वैक्सीन लगाई जा चुकी है। केरल में शनिवार को कोविड-19 के 8,909 नए मामले सामने आने के साथ ही राज्य में कुल संक्रमितों की संख्या बढ़कर 48,97,587 हो गई है। राज्य में गत 24 घंटे के दौरान महामारी से 65 और मरीजों की मौत दर्ज की गई जिन्हें मिलाकर अब तक राज्य में 28,229 संक्रमितों की जान जा चुकी है। राज्य की स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक केरल में बीते 24 घंटे के दौरान कोविड-19 के 8,780 मरीज संक्रमणमुक्त हुए, जिससे राज्य में इस जानलेवा वायरस के संक्रमण को मात देने वालों की संख्या बढ़कर 47,97,409 हो गई है। महाराष्ट्र में शनिवार को कोविड-19 के 1,701 नए मामले सामने आने के साथ कुल संक्रमितों की संख्या बढ़कर 66,01,551 हो गई जबकि 33 और रोगियों की मौत होने से मृतकों की तादाद 1,39,998 तक पहुंच गई है। राज्य के स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक राज्य में बीते 24 घंटे में 1,781 रोगियों के संक्रमण से उबरने की पुष्टि हुई है, जिसके बाद संक्रमण मुक्त होने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 64,33,919 हो गई है। महाराष्ट्र में कोविड-19 के उपचाराधीन रोगियों की संख्या 24,022 हो गई है। पश्चिम बंगाल में कोविड-19 की स्थिति और खराब हो गई है। जहां शनिवार को 974 और लोग कोरोना वायरस से संक्रमित हुए जो एक दिन पहले की तुलना में 128 अधिक मामले हैं। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक पश्चिम बंगाल में शुक्रवार को कोविड-19 के 846 मामले सामने आए थे। दुगार्पूजा के बाद राज्य में लगातार चौथे दिन नए मामलों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। राज्य में कुल संक्रमितों की संख्या बढ़कर 15,85,466 हो गई है और संक्रमण के सबसे अधिक 268 नए मामले कोलकाता में सामने आए हैं। कोरोना वायरस के कारण 12 और लोगों के मरने से मृतकों की कुल संख्या बढ़कर19,045 हो गई है।

# कांग्रेस भाजपा के खिलाफ लड़ाई में विपक्ष का नेतृत्व नहीं कर सकती: वियजन



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में माकपा की केंद्रीय समिति की बैठक के दूसरे दिन केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने कहा कि कांग्रेस सत्तारूढ़ भाजपा के खिलाफ लड़ाई में विपक्ष का नेतृत्व नहीं कर सकती। वाम दल के केरल नेतृत्व ने भगवा पार्टी के खिलाफ इस जिम्मेदारी का नेतृत्व करने में कांग्रेस की नैतिक विश्वसनीयता पर सवाल उठाया। कुछ नेताओं ने इसके नरम हिंदुत्व रुख का मुद्दा भी उठाया। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के सूत्रों ने कहा कि अगले साल होने वाले पार्टी सम्मेलन के लिए तैयार किए जा रहे मसौदा प्रस्ताव में इस रुख को प्रतिबिंबित करते हुए अपने कैडर आधार को मजबूत करने पर बल दिए जाने की उम्मीद है। नेताओं ने यह भी बताया कि उन क्षेत्रीय दलों के साथ गठजोड़ पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए जो राज्यों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अधिक प्रबल विरोधी साबित हुए हैं। हालांकि कुछ नेताओं ने तर्क दिया कि कांग्रेस के बिना कोई भी विपक्षी एकता सफल नहीं हो सकती। केरल के नेताओं ने कहा कि सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस को भाजपा के विकल्प के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। सूत्रों ने संकेत दिया कि पार्टी महासचिव सीताराम येचुरी सहित कई नेताओं ने रणनीतिक कारणों से कांग्रेस के साथ गठबंधन करने पर जोर दिया है, जैसे उन्होंने असम या तमिलनाडु में किया था। तमिलनाडु में वे द्रमुक के साथ गठबंधन का हिस्सा थे।

# कोयला आपूर्ति से हिंदुस्तान जिंक कुछ प्रभावित:अरुण मिश्रा

## -बिजली संयंत्रों को आपूर्ति में प्राथमिकता दे रही है सीआईएल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** घरेलू कोयले की आपूर्ति में बिजली क्षेत्र को प्राथमिकता देने से हिंदुस्तान जिंक पर 'कुछ हद तक' असर पड़ा है। वेदांता समूह के एक शीर्ष अधिकारी यह बात कही। उन्होंने कहा, हालांकि कंपनी ने मार्च तक के लिए कोयले के आयात का अनुबंध कर फिलहाल इस समस्या का हल निकाल लिया है। घरेलू कोयला उत्पादन में 80 प्रतिशत का हिस्सा रखने वाली कोल इंडिया लि. (सीआईएल) ताप बिजली संयंत्रों में कोयले की कमी को देखते हुए उन्हें अस्थायी रूप से आपूर्ति में प्राथमिकता दे रही है।

हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अरुण मिश्रा ने कहा कि कंपनी की वार्षिक कोयले की खपत लगभग 20 लाख टन है और वह अपने संयंत्रों में आयातित और घरेलू दोनों ईंधन का उपयोग करती है। बिजली क्षेत्र को घरेलू कोयले की आपूर्ति में प्राथमिकता देने से कंपनी को पड़ने वाले असर को लेकर उन्होंने कहा, ''हां, कुछ हद तक हम पर इसका असर पड़ा है। यह अस्थायी हो सकता है। अब आयातित कोयले की अधिक खपत होगी तथा अगले दो या तीन महीनों में घरेलू कोयला पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होना चाहिए।'' मिश्रा ने कहा, ''जहां तक उच्च कीमतों का सवाल है, तो यह पहली बार है जब कीमतों का लागत पर प्रभाव पड़ा है।'' उन्होंने कहा कि संयंत्रों में धातुओं के उत्पादन के लिए बिजली बहुत महत्वपूर्ण है और कोयला कंपनी के बिजली संयंत्र के लिए प्रमुख उत्पादन सामग्री है।

Hindustan Zinc Limited

# संसद का शीतकालीन सत्र 29 नवम्बर से संभावित

## दो अहम वित्त विधेयक पेश कर सकती है सरकार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** संसद का शीतकालीन सत्र 29 नवम्बर से शुरू होने की संभावना है। सरकार इस सत्र में वित्तीय क्षेत्र से जुड़े दो खास विधेयक ला सकती है। इनकी घोषणा बजट में हुई थी। इनमें से एक विधेयक सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के निजीकरण को सुगमता से पूरा करने से संबंधित है। इसके अलावा सरकार राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास (एनपीएस) को पेंशन कोष नियामक एवं विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) से अलग करने के लिए पीएफआरडीए, अधिनियम, 2013 में संशोधन का विधेयक भी ला सकती है।



इससे पेंशन का दायरा व्यापक हो सकेगा। सूत्रों ने बताया कि संसद के आगामी शीतकालीन सत्र में सरकार बैंकिंग नियमन अधिनियम, 1949 में संशोधन संबंधी विधेयक ला सकती है। इसके अलावा बैंकों के निजीकरण के लिए बैंकिंग कंपनीज (अधिग्रहण और उपक्रमों का स्थानांतरण) अधिनियम, 1970 और बैंकिंग कंपनीज (अधिग्रहण एवं उपक्रमों का स्थानांतरण) अधिनियम, 1980 में संशोधन करने की जरूरत होगी। सूत्रों ने बताया कि इन कानूनों के जरिए दो चरणों में बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया गया था। अब बैंकों के निजीकरण के लिए इन कानूनों के प्रावधानों में बदलाव करने की जरूरत होगी। संसद का एक माह का शीतकालीन सत्र अगले महीने के आखिर में शुरू होने की उम्मीद है। इस सत्र में अनुदान की अनुपूरक मांगों की दूसरी किस्त को भी रखा जाएगा। वित्त विधेयक के अलावा सरकार इसके जरिए अतिरिक्त खर्च कर सकती है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2021-22 का बजट पेश करते समय सरकार के 1.75 लाख करोड़ रुपए के विनिवेश लक्ष्य के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के निजीकरण की घोषणा की थी। उन्होंने कहा था कि हमारा आईडीबीआई बैंक के अलावा दो अन्य सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के निजीकरण का प्रस्ताव है। साधारण बीमा कंपनी के निजीकरण के लिए सरकार को अगस्त, 2021 में समाप्त हुए मानसून सत्र में साधारण बीमा कारोबार (राष्ट्रीयकरण) संशोधन विधेयक, 2021 के जरिए संसद की मंजूरी मिल चुकी है। सूत्रों ने बताया कि पीएफआरडीए कानून में संशोधन के बाद एनपीएस ट्रस्ट के अधिकार, कामकाज और दायित्व संभवतः परमार्थ न्यास या कंपनी कानून के तहत आ जाएंगे।

## दीपावली पर स्वदेशी चीजें ही खरीदें : पीएम मोदी

# 'मन की बात' में पीएम ने दिया वोकल फॉर लोकल का संदेश

## वैक्सीनेशन में हेल्थवर्कर्स और महिला शक्ति का जताया आभार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पीएम नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में उन हेल्थवर्कर्स का आभार व्यक्त किया है, जिन्होंने वैक्सीनेशन के अभियान को ऊंचाई दी है। उन्होंने कहा कि आज देश में टीकाकरण 1 अरब के पार पहुंच गया है। इस लक्ष्य को हासिल करने में देश के हेल्थवर्कर्स ने बड़ा योगदान दिया है और इसके लिए कोई कसर नहीं छोड़ी है। पीएम नरेंद्र मोदी ने मन की बात के 82वें संस्करण में भारत की महिला शक्ति की भी जमकर तारीफ की। त्योहारी सीजन का जिक्र करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि हम त्योहारों पर खरीददारी करने जा रहे हैं। इस दौरान हमें वोकल फॉर लोकल का ख्याल रखना है। उन्होंने कहा कि हमें त्याहारों पर यह ध्यान रखना है कि भारत में बने सामान की ही खरीदें। उन्होंने कहा कि यदि हम किसी गरीब से कुछ अच्छा सामान खरीदते हैं तो उसे सोशल मीडिया पर भी शेयर करें। इससे लोगों को स्वदेशी चीजों को खरीदने की प्रेरणा मिलेगी।

पीएम मोदी ने इस मौके पर 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के मौके पर तीन प्रतियोगिताएं कराने का भी ऐलान किया। इस मौके पर पीएम नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा को भी याद किया। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि हम सभी को किसी न किसी ऐसी गतिविधि से जुड़ना चाहिए, जिससे देश की एकता मजबूत हो। इसके साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर रंगोली कंपीटिशन कराने का भी ऐलान किया। पीएम नरेंद्र मोदी ने इस मौके पर कहा कि आज हमारा देश तकनीकी के मामले में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। ड्रोन तकनीक का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इसके जरिए हम तमाम काम कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमने ड्रोन तकनीक के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए इसकी लाइसेंसिंग की प्रक्रिया को आसान किया है। इस दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने स्वच्छ भारत अभियान का भी जिक्र किया और कहा कि हमें दिवाली पर स्वच्छता के दौरान अपने घर ही नहीं बल्कि पास-पड़ोस की सफाई की भी चिंता करनी है। उन्होंने कहा कि हमें इस अभियान के तहत यह संकल्प भी लेना है कि सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल नहीं करना है। पीएम ने कहा कि 100 करोड़ वैक्सीन के लक्ष्य को पार करने के बाद आज देश नए उत्साह, नई ऊर्जा से आगे बढ़ रहा है। हमारे टीकाकरण कार्यक्रम की सफलता, भारत के सामर्थ्य को दिखाती है। भारत, दुनिया के उन पहले देशों में से है, जो ड्रोन की मदद से अपने गांव में जमीन के डिजिटल रिकार्ड तैयार कर रहा है। अपातकाल में मदद पहुंचाने से लेकर कानून व्यवस्था की निगरानी तक ड्रोन से की जा रही है। पीएम ने कहा कि पहले ये धारणा बन गई थी कि सेना और पुलिस जैसी सेवा केवल पुरुषों के लिए ही होती है लेकिन आज ऐसा नहीं है। पुलिस अनुसंधान और विकास ब्यूरो के आंकड़े बताते हैं कि पिछले कुछ वर्षों में महिला पुलिसकर्मियों की संख्या दोगुनी हो गई है। 2014 में जहां इनकी संक्या 1 लाख 5 हजार थी, वहीं इसमें अब 2020 तक दोगुनी से भी अधिक बढ़ोतरी हुई है। पीएम ने कहा कि भारत ने सदैव विश्व शांति के लिए काम किया है। हमें इस बात का गर्व है कि भारत 1950 के दशक से लगातार संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन का हिस्सा रहा है। गरीबी हटाने, जलवायु परिवर्तन और श्रमिकों से संबंधित मुद्दों के समाधान में भी भारत अग्रणी भूमिका निभा रहा है। पीओम ने कहा कि आप कल्पना करिए, जब आजादी के आंदोलन से जुड़ी रंगोली बनेगी, लोग अपने द्वार पर, दीवार पर, किसी आजादी के मतवाले का चित्र बनाएंगे, आजादी की किसी घटना को रंगों से दिखाएंगे, तो, अमृत महोत्सव का भी रंग और बढ़ जाएगा। उन्होंने कहा कि सरदार साहब कहते थे कि, हम अपने एकजुट उद्यम से ही देश को नई महान ऊंचाईयों तक पहुंचा सकते हैं। अगर हममें एकता नहीं हुई तो हम खुद को नई-नई विपदाओं में फंसा देंगे। यानी राष्ट्रीय एकता है तो ऊंचाई है, विकास है। हमारी आजादी का आंदोलन तो इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। मन की बात प्रधानमंत्री का मासिक रेडियो संबोधन है, जो हर महीने के आखिरी रविवार को प्रसारित होता है, लेकिन इस बार कार्यक्रम का प्रसारण महीने के दूसरे आखिरी रविवार को किया जा रहा है। इससे पहले पीएम मोदी ने 26 सितंबर को मन की बात के 81वें एपिसोड में भारतीय संस्कृति में वर्षा जल संचयन के महत्व को रेखांकित किया था। पीएम मोदी ने जल-जीलानी एकादशी और छठ के पारंपरिक त्योहारों की तुलना राष्ट्रीय जल मिशन (एनडब्ल्यूएम) के अभियान कैच द रेन से की थी।



newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



## संक्षिप्त समाचार

### गांव नगला बलसिंह में पहुंचा डेंगू का डंक



मदरलैंड संवाददाता, मैनपुरी/एलाऊ। जनपद में जिलाधिकारी के अथक प्रयासों के बाद डेंगू बुखार की रफ़्तार में कुछ कमी के आंकड़े निकलकर आ रहे हैं। वहीं जनपद के प्रत्येक शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में डेंगू का भय लोगों में इस कदर व्याप्त है कि हल्के जुखाम बुखार में ही लोगों में डेंगू का डर देखने को मिल रहा है। थाना एलाऊ क्षेत्र के ग्राम नगला बलसिंह में अब डेंगू बुखार ने दस्तक दे डाली है, यहां लगभग 6 लोगों में डेंगू बुखार के लक्षण मिले हैं जिनमें से कुछ लोग आगरा मैनपुरी एवं कुछ लोग घर पर रहकर ही उपचार ले रहे हैं, लेकिन मरीजों की संख्या घटने के बजाय बढ़ रही है जिसके चलते यहां के स्थानीय निवासियों में डर का माहौल बना हुआ है। लोगों का कहना है कि यहां पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया जाना चाहिए ताकि हम लोगों को सही जांच एवं सही उपचार मिल सके।

### सिकंदराराऊ मे बुखार से उपचार के दौरान युवक की मौत

मदरलैंड संवाददाता, सिकन्दराराऊ कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में बुखार व डेंगू से हो रही लगातार मौतों का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। जिसके चलते स्वास्थ्य विभाग व नगर पालिका द्वारा किए जा रहे उपाय सभी नाकाम साबित हो रहे हैं। तथा 3 दिन से आ रहे बुखार के चलते उपचार के दौरान स्थानीय मोहल्ला नौरंगाबाद पूर्वी निवासी 21 वर्षीय युवक की अलीगढ़ में उपचार के दौरान मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार गौरव पुत्र साधू निवासी मोहल्ला नौरंगाबाद पूर्वी 21 वर्षीय को 3 दिन से बुखार आ रहा था। जिसके उपचार के लिए परिजन युवक को अलीगढ़ लेकर गए जहां बुखार के चलते युवक का उपचार चल रहा था। कि उसी दौरान शनिवार की देर शाम गौरव की मौत हो गई। उक्त घटना को लेकर मोहल्ला में शोक व्याप्त है वहीं परिजनों में हाहाकार मचा हुआ है। इस घटना को लेकर भंते धर्मवीर ने कहा है कि मोहल्ला नौरंगाबाद पूर्वी में पिछले कुछ दिनों में लगातार पांच मौतें हुई हैं। लेकिन उसके बाद भी स्वास्थ्य विभाग पर नगर पालिका द्वारा इसकी रोकथाम के लिए किसी भी प्रकार का कोई उपाय नहीं किया गया है। और ना ही फागिंग कराई गई है जिसको लेकर लोगो मे रोष व्याप्त है।

### मॉ काली ने भक्तों की रक्षा के लिये राक्षसों का नाश किया है: एसपी सिंह सैंगर



मदरलैंड संवाददाता, सिकन्दराराऊ समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता जिला पंचायत सदस्य पति एसपी सिंह सेंगर ने सिकंदराराऊ विधानसभा क्षेत्र के गांव भिलोखरी मैं मां काली मेले का उद्घाटन फीता काटकर व मॉ काली की पूजा अर्चना करके किया। वहीं इा मौके पर मेला आयोजकों द्वारा मुख्य अतिथि एसपी सिंह सैंगर का माला पहनाकर व प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया गया। इस दौरान सैंगर ने मेले का शुभारम्भ करने के दौरान मां काली से प्रार्थना की कि क्षेत्र व देश में इस फैली हुई महामारी मैं सभी जनों को सुरक्षित रखें और इस महामारी का सर्वनाश करें। उन्होने आगे कहा कि माता काली ने हमेशा अपने भक्तों की रक्षा की खातिर राक्षसों व आतताइयों का नाश किया है। जिसको लेकर हमको मॉ काली की प्रतिदिन पूजा अर्चना करनी चाहिये जिसके चलते क्षेत्र मे खुशहाली रहे और भाईचारा मजबूत हो।

### जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी हेतु शिविर हुये आयोजित

मदरलैंड संवाददाता, आगरा। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेशों के अनुपालन में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। इस हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला स्तर पर पर्यवेक्षण समिति एवं उप-समिति का गठन किया गया है। इनके माध्यम से गाँवों, विद्यालयों एवं ब्लॉकों सहित जिन स्थानों पर जनता की संख्या अधिक रहती है, वहाँ पर विधिक सेवा गतिविधियों तथा सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से जनपद आगरा के विभिन्न गाँवों में ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा अधिक गांवो में गृह भ्रमण कर लोगों से संपर्क किया गया। इस अवसर पर डी0पी0ओ0 कार्यालय, महिला विभाग और बाल कल्याण समिति द्वारा बाल योजनाओं की सामूहिक जानकारी दी गई। साथ ही केन्द्र लाल डिग्गी द्वारा राज्य विधिक सेवा की भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान पर ग्रामवासियों को यह भी बताया गया कि किसी भी जनकल्याणकारी योजना की जानकारी अति आवश्यक है। इसी उद्देश्य से यह शिविर चलाया जा रहा है, जिससे अधिक से अधिक पात्र लोगों को इससे लाभान्वित किया जा सकें।

# अम्मा कैसी हो, ताऊ कैसे हो के साथ डीएम ने जाना जिला अस्पताल में बुजुर्गों का हाल

## बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए नियमित रूप से जिला अस्पताल पर डीएम की नजर

» अजय सक्सेना, मदरलैंड संवाददाता




मैनपुरी। जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह ज्वर से पीड़ित मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कराने के लिए नियमित रूप से जिला चिकित्सालय का भ्रमण कर व्यवस्थाएं देख रहे हैं, जिन गांव में बुखार से अधिक पीड़ित हैं, वहां स्वयं भ्रमर कर गांव में ही मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करा रहे हैं, अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों के माध्यम से निरंतर गांव का भ्रमण कराकर फीडबैक ले रहे हैं, ग्रामों में साफ-सफाई के साथ-साथ वेक्टर जनित बीमारियों से बचने के लिए नियमित छिड़काव, फॉगिंग का काय कराया जा रहा है, शहरी क्षेत्र से लेकर ग्रामीण क्षेत्र तक फागिंग, साफ-सफाई, मरीजों को प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं का निरंतर फीडबैक उनके द्वारा लिया जा रहा है।

श्री सिंह ने आज प्रतिदिन की भांति जिला चिकित्सालय पहुंच भती मरीजों से स्वास्थ्य का हाल जाना, निरीक्षण के दौरान बुजुग महिला से पूछा कि अम्मा कैसी हो, बुजुर्ग व्यक्ति से पूछा कि ताऊ कैसे हो, बच्चे से पूछा छोटू कैसे हो, सभी ने जवाब दिया कि पहले से काफी राहत है, अच्छा महसूस कर रहे हैं, स्वास्थ्य में भी तेजी से सुधार हो रहा है, परिजनों ने बताया कि जिला चिकित्सालय में भती होने के पश्चात सेहत में काफी तेजी से सुधार हुआ है। उन्होने भ्रमण के दौरान मुख्य चिकित्साधीक्षक को निर्देशित करते हुए कहा कि इमरजेंसी वाड में भती होने वाले गंभीर मरीजों को 24 घंटे से पहले किसी भी दशा में अन्य वार्ड में भर्ती न किया जाये। उन्होने मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा जिला चिकित्सालय सबद्ध किये गये चिकित्सकों, स्टॉफ नस, सफाई कमियों से कहा कि चिकित्सक, स्टॉफ नस मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाऐं प्रदान करें, निरतंर क्रियाशील रहकर मरीजों की देखभाल करें, सफाईकमी सफाई व्यवस्था को दुरूस्त रखें।

जिलाधिकारी ने तीमारदारों, डेगूं वाड, सजिर्कल वाड, हड्डी रोग वाड, आयुष्मान वाड, बालरोग वाड, इमरजेंसी वाड में भती मुन्ना लाल, छवि, मनोज कुमारी, प्रवीन, साहिल, रश्मि, बिट्टू, विशाल, पवन, प्रिंस, आशू, मोहन सिंह, मानिकश्री, प्रिया से प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी लेते हुये कहा कि जनपद में बुखार के मरीजों की संख्या में कमी आयी हैं, धीरे-धीरे मौसम ठीक हो रहा है, वैक्टर जनित बीमारियों से जल्द राहत मिलेगी, जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक मरीज को बेहतर स्वास्थ्य सेवाऐं उपलब्ध करायी जा रही हैं, जिला प्रशासन की पहली प्राथमिकता ज्वर से पीड़ित मरीजों को जल्द से जल्द बेहतर स्वास्थ्य सेवाऐं उपलब्ध कराना है।

श्री सिंह ने जन-सामान्य से अपील करते हुए कहा कि संचारी रोगों से बचने के लिए सतकर्ता बरतें, यदि सदी के साथ अचानक तेज बुखार, सिर दद, मांसपेशियों एवं जोड़ों में दद, ऑखों के पीछे दद, जी मचलाना एवं गंभीर मामलों में नाक, मुँह, मसूड़ों से खून आना, त्वचा में चकत्ते पड़ना तथा कुछ भी खाने-पीने में गले में सूजन आने के कारण अत्यधिक दद की शिकायत हो तो तत्काल समीपवर्ती सरकारी स्वास्थ्य केन्द्र पर जाकर चिकित्सक से परामश कर स्वास्थ्य सेवाऐं लें, स्वास्थ्य सेवाऐं लेने में विलम्ब न करें। उन्होने जन-सामान्य से कहा कि यदि बुखार से पीड़ित व्यक्तियों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लेना हो तो मुख्य चिकित्साधिकारी कायालर्य में स्थापित फीबर हेल्पडेस्क के दूरभाष संख्या-05672-240251 पर कॉल करें, एंबुलेंस सेवा का लाभ लेने के लिए 108 पर कॉल करें ताकि जल्द से जल्द स्वास्थ्य सेवा मिल सके।

निरीक्षण के दौरान संयुक्त निदेशक मलेरिया डा. अवधेश यादव, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. पी.पी. सिंह, मुख्य चिकित्साधीक्षक डा. अरविन्द गग, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा.राजीव राय, डा. सुदेश कुमार, डा. अनिल यादव, जिला मलेरिया अधिकारी एस.एन. सिंह, प्र. अधिकारी फार्मेसी ऋषि यादव, स्वास्थ्य शिक्षाधिकारी रविन्द्र गौर आदि उपस्थित रहे।

# समतामूलक समाज की स्थापना ही जनसेवा मंडल का ध्येय:पवन बाछोदिया



» विजय कौशिक , मदरलैंड संवाददाता

नारनौल। समतामूलक समाज की स्थापना से देश समृद्ध बन सकता है,समाज व देश की उन्नति में हर व्यक्ति का योगदान अवश्य होना चाहिये,हमें समाज व देश से कुछ पाने की इच्छा न रख कर, यह सोचना चाहिए कि हम इनके लिए क्या न्योछावर कर सकते हैं।उक्त विचार जनसेवा मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन बाछोदिया ने मण्डल के राष्ट्रीय कार्यालय में जनपद के गांव बाघोत के जनसेवा मण्डल के कार्यकताओं के एक प्रशिक्षण शिविर को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किये।उन्होंने कहा कि समाज की उन्नति रूपी यज्ञ में सहयोग की आहूति हम सबकी सबकी होनी चाहिये।जनसेवा मंडल पिछले 34 वर्षों से अपने जनसेवी कार्यों से मानवमात्र के कल्याण व समाज की उन्नति में अपना सहयोग दे रहा है।जनसेवा मण्डल आज प्रदेश व देश की सीमाओं को लाँघ कर, विदेशों तक समाज सेवा के कार्यों में जुटा है।जनसेवा मंडल के लाखों कार्यकर्ता अपने परमार्थ की पुण्य कमाई से जनसेवी कार्य कर के, जन कल्याण में जुटें हैं।जरूरतमन्द लोगों की सहायता, निर्धन व विकलांग बच्चों को शिक्षा, दहेज प्रथा, भ्रूण हत्या, वृक्षारोपण, रक्तदान व नेत्रदान भ्रूण हत्या दहेज प्रथा बाल विवाह आदि सामाजिक कार्यों की दिशा में काम कर रहे है।उन्होंने संगठन के कार्यकताओं को आह्वान किया कि वे पहले सर्वगुण संपन्न होकर, सबल बनें, फिर समाज सेवा में जुट जाएं।जनसेवा मंडल का एक ही ध्येय है कि सभी सबल हों तथा हर व्यक्ति में जनकल्याण की भावना पैदा हो।जनसेवा मण्डल का मूलमंत्र सभी सुखी हों,सभी निरोगी हों,सभी का कल्याण हो,किसी को कोई दुख न हो।उन्होंने उपस्थित कार्यकताओं को समाज सेवा में योगदान देने की शपथ दिलाई।इस अवसर पर बाबा शम्भुपुरी,हेमराज जोशी, राजकुमार पुजारी, रमेश पहलवान, संजय पहलवान, राजकुमार कटारिया, पंडित तुलसीराम, रोहित गोस्वामी, आजाद शर्मा, दीपक चौहान आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# डीएम और एसपी ने रखी सभी परीक्षा केंद्रों पर निगरानी

» मदरलैंड संवाददाता




मैनपुरी। 21 स्टेटिक मजिस्ट्रेट, 08 सेक्टर मजिस्ट्रेट, समस्त उप जिलाधिकारियों, पुलिस अधिकारियों के साथ प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर पयार्प्त मात्रा में पुलिस बल की निगरानी में उ.प्र. सम्मिलित राज्य, प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रारम्भिक) परीक्षा दो पालियों में शांतिपूण, सुचितापूवर्क संपन्न हुई, प्रथम पाली में 09 हजार 600 परीक्षाथियों के सापेक्ष 2784 परीक्षाथी उपस्थित रहे, 06 हजार 816 परीक्षाथी परीक्षा में शामिल नहीं हुये।विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित परीक्षा का जिलाधिकारी महेन्द्र बहादु सिंह, पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार राय ने निरीक्षण कर कक्ष निरीक्षकों, केन्द्र व्यवस्थापकों, स्टेटिक मजिस्ट्रेट को परीक्षा की सुचिता बनाए रखने के निदेश दिए, परीक्षा मे किसी प्रकार का विघ्न न हो, कोई भी अभ्यथी परीक्षा मे अनुचित संसाधनों का प्रयोग न कर सके, इसके लिए पयार्प्त इंतजाम किये गये थें, सभी परीक्षा केन्द्रों पर वरिष्ठ अधिकारियो को सेक्टर, स्टेटिक मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात किया गया था, प्रत्येक परीक्षा केन्द्र के मुख्य द्वार पर सघन तलाशी कराई गई, प्रतिबन्धित सामग्री, इलैक्ट्रानिक उपकरण ,मोबाइल, केलकुलेटर, डिजिटल घड़ी आदि को परीक्षा केन्द्र के मुख्य द्वार पर ही जमा कराया गया, उच्चाधिकारियो, सेक्टर, स्टेटिक मजिस्ट्रेट के अलावा कक्ष निरीक्षको ने भी परीक्षा की सुचिता पर विशेष ध्यान दिया।

निरीक्षण के दौरान उन्होने केन्द्र व्यवस्थापकों को आदेशित करते हुये कहा कि सभी परीक्षा केंद्रों पर प्रत्येक परीक्षाथी सीसीटीवी कैमरे की जद में रहे, अंतिम सीट पर बैठे परीक्षाथी मॉनिटर पर दिखाई दे, कन्ट्रोल रूम से सभी कक्षों की निगरानी हेतु 01 कमी की तैनाती की जाये जो परीक्षा अवधि में नियमित रूप से 01-01 कक्ष की कन्ट्रोल रूम से ही मॉनीटरिंग करे। उन्होने कहा कि परीक्षा की सुचिता को भंग करने वाले बख्शें नहीं जायेगें, जो भी संलिप्त पाया जायेगा, उसे गम्भीर परिणाम भुगतने होगें। उन्होने परीक्षा केन्द्रों पर तैनात सुरक्षा कमियों से कहा कि परीक्षा केन्द्र के मुख्य द्वार के आस-पास विशेष सतकर्ता बरतें, परीक्षा केन्द्र के समीप कोई भी फोटोस्टेट की दुकान खुली न रहे, कोई भी परीक्षाथी निधारित समय से पूव परीक्षा केन्द्र किसी भी दशा में न छोडे.।

जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक ने सनातन धर्म इण्टर कॉलेज, डा. किरन सौजिया सीनियर सेकेण्डरी स्कूल, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, कुं.आर.सी. महा विद्यालय, आकांक्षा ग्लोबल एकेडेमी, कुं. आर.सी. कन्या इंटर कॉलेज का भ्रमण कर जायजा लिया और केंद्रों पर तैनात स्टैटिक मजिस्ट्रेट को निदेर्शित किया कि परीक्षा की सुचिता पर विशेष ध्यान दें, परीक्षाथी के फोटो का भंलि-भांति मिलान करें, परीक्षा केन्द्र के आस-पास कोई अनाधिकृत व्यक्ति मौजूद न रहे, परीक्षा अवधि में मुस्तैदी के साथ अपने दायित्वों को अंजाम दें। उन्होने कहा कि दोनों पालियों में परीक्षा अवधि में स्टेटिक मजिस्ट्रेट भ्रमणशील रहकर प्रत्येक कक्ष का निरीक्षण करें, केन्द्र व्यवस्थापक भी निरतंर निरीक्षण करते रहें, सभी सीसीटीवी कैमरे निवार्ध रूप से संचालित रहें, निरतंर रिकार्डिंग की जाये, सभी कमरों में पयार्प्त प्रकाश व्यवस्था रहे, सुनिश्चित किया जाये।

# विवेकशील राघव ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से मुलाकात, विधानसभा चुनाव की दावेदारी

» फैजान भारती, मदरलैंड संवाददाता




सिकन्दराराऊ उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2022 में सिकन्दराराऊ 80 विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बनाये जाने को लेकर कर्मयोग सेवा संघ के अध्यक्ष विवकेशील राघव ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतन्त्र देव सिंह से लखनऊ में मुलाकत कर अपनी दावेदारी पेश की।

यहाँ गौरतलब है कि राघव क्षेत्रीय युवाओं व बुद्धजीवी वर्ग की पहली पसंद माने जाते हैं। 20 वर्ष के सार्वजनिक जीवन मे राघव संघ और उसके अनुषांगिक संगठनों सहित भाजपा में विभिन्न पदों पर रहे हैं और पिछले 5 वर्ष से कर्मयोग सेवा संघ का गठन कर संगठन को देश भर के 200 जिलों में पहुंचाने में सफल रहे हैं। विवेकशील राघव 20 वर्ष से समाज के हर वर्ग की लड़ाई लड़ने को जाने जाते हैं।

उनकी दावेदारी को लेकर क्षेत्रीय जनता में उत्साह देखा जा रहा है। हर जाति वर्ग के लोगों का जुड़ाव विवेकशील राघव के साथ दिखाई दे रहा है। इससे लगता है कि राघव की क्षेत्रीय स्थिति सबसे मजबूत है और उनकी दावेदारी मायने रखती है।

इस दौरान राघव का कहना है कि क्षेत्रीय जनता के प्रेरित करने पर उनके द्वारा दावेदारी प्रस्तुत की गई है।

# मेले की व्यवस्थाओं हेतु जिम्मेदारी हुई निर्धारित

» मदरलैंड संवाददाता



आगरा। अपर नगर आयुक्त श्री सुरेन्द्र प्रसाद ने अवगत कराया है कि शासन के निदेर्शानुसार नगर निकाय, आगरा में दीपावली पर्व पर दिनांक 28 अक्टूबर 2021 से दिनांक 03 नवम्बर 2021 तक नगर निकाय द्वारा जी0आई0सी0 ग्राउण्ड में मेले का आयोजन किया गया है। जिसके सफल संचालन हेतु पुलिस अधीक्षक (नगर) को मेला आयोजन स्थल पर शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था कायम रखने, मुख्य चिकित्सा अधिकारी को मेला आयोजन स्थल पर वैक्सीनेशन कैम्प तथा कोविड हैल्प डेक्स की स्थापना, एम्बुलेन्स की व्यवस्था आदि, अग्निशमन अधिकारी को मेला आयोजन स्थल पर सुरक्षा की दृष्टि से फायरब्रिगेड वाहन/कार्मिकों की तैनाती, महाप्रबन्धक, टोरेन्ट पावर प्रा0लि0 को मेला आयोजन स्थल पर निर्वाध विद्युत आपूर्ति हेतु आवश्यक कार्यवाही करने तथा जिला विद्यालय निरीक्षक को जिला आगरा में स्थित विद्यालयों को सूचित कर मेले में छात्र/छात्राओं को मेला आयोजन स्थल पर सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभाग करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने की जिम्मेदारी निर्धारित की गई है।

अपर नगर आयुक्त ने बताया कि उक्त मेले का उद्देश्य पथ विक्रेताओं की आय में बढ़ोत्तरी हो, इसलिये अधिक से अधिक पथ विक्रेताओं को चिन्हित कर, मेले में अपना रोजगार (दुकान) लगाने को कहा गया है।

# 2022 विधानसभा चुनाव में भाजपा की हार किसान लिख चुके हैं : पूर्व विधायक काली चरण सुमन

» शंकरदेव तिवारी, मदरलैंड संवाददाता

आगरा,। लखीमपुर खीरी में शहीद हुए किसानों की अस्थि कलश यात्रा का आज ग्रामीण विधानसभा में प्रवेश हुआ और गांव बमरौली कटारा में भारतीय किसान यूनियन द्वारा श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गयीं, जिसमें राष्ट्रीय लोकदल के विधानसभा प्रत्याशी पूर्व विधायक कालीचरण सुमन की ओर से शहीद किसानों के अस्थि कलश यात्रा को नमन कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

इस संदर्भ में राष्ट्रीय लोक दल से आगरा ग्रामीण विधानसभा से प्रत्याशी पूर्व विधायक कालीचरण सुमन ने पत्रकार वार्ता में कहा कि लखीमपुर खीरी की घटना बहुत ही दुखद और निंदनीय थी। इस घटना ने अंग्रेज शासन काल की याद दिला दी है। किसान आंदोलन को दबाने के लिए सरकार किस हद तक गिर सकती है, सरकार में बैठे लोगों ने फिर बता दिया। अभी कल की ही तो बात थी सारी दुनिया ने भारत के राष्ट्रपिता की जयंती को विश्व अहिंसा दिवस के रूप में मनाया। निश्चित तौर पर वर्तमान सरकार के लोगों ने हिंसा ना फैलाने की शपथ ली होगी और दूसरे दिन किसानों पर मंत्री पुत्र ने अपनी गाड़ी चढ़ाकर कहर बरपा दिया। एक नहीं कई किसान मारे दिए गए जबकि एक दर्जन से अधिक घायल हुए हैं। घटना उत्तर प्रदेश के उसी लखीमपुर खीरी की है। जहां पिछले दिनों ब्लाक अध्यक्ष चुनाव के दौरान प्रस्तावक एक महिला के चीरहरण के दृश्य पूरी दुनिया ने देखे थे। उसी लखीमपुर खीरी में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा और उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव मौर्य यहां पहुंचे थे। इसकी जानकारी कृषि कानूनों का विरोध करने वाले किसानों को लगी। वे वहां पहुंच गए और किसानों ने सुबह से हेलीपैड पर कब्जा कर लिया और दोपहर करीब 2:45 बजे जब सड़क के रास्ते अजय मिश्रा और केशव मोर्य का काफिला तिकोनिया चौराहे से गुजरा तो किसान उन्हें काले झंडे दिखाने दौड़ पड़े। अजय मिश्रा की बेटे आशीष ने किसानों पर गाड़ियां चढ़ा दीं थी। वहीं,मंत्री बनने के बाद अजय मिश्रा ने कहा था हम




अपनी पर आ गए तो हम क्या कर सकते हैं। यह सब जानते हैं विदित हो 26 सितंबर को अजय मिश्रा को लखीमपुर के संपूर्णानगर में काले झंडे दिखाए गए थे। जनसभा में तब उन्होंने मंच से किसानों को धमकी दी थी कहा था ह्वकिसानों के अगुवा यानी संयुक्त किसान मोर्चा के लोग प्रधानमंत्री का सामना नहीं कर पा रहे हैं। 10 महीने हो गए ह्व काले झंडे दिखाने वालों से कहा था -ह्वयदि वे गाड़ी से उतर जाते तो भागने का रास्ता नहीं मिलता। वे मानते हैं कि कृषि कानून को लेकर सिर्फ 10-15 लोग ही शोर मचा रहे हैं। यदि कानून इतना गलत होता तो अब तक देश भर में आंदोलन होना चाहिए था। उन्होंने कहा था कि सुधर जाओ नहीं तो सामना करो वरना हम सुधार देंगे सिर्फ 2 मिनट लगेंगे। विधायक, सांसद से बनने से पहले से लोग मेरे विषय में जानते होंगे कि मैं किसी भी चुनौती से कभी नहीं भागता हूं।

श्री सुमन ने कहा कि एक केन्द्रीय मंत्री के ये तेवर स्पष्ट संकेत दे रहे हैं, कि उनके इशारे पर ही किसानों को इस बुरी तरह कुचला गया था। यह किसान आंदोलन कर रहे लोगों में दहशत फैलाने के लिए भी हो सकता है। क्योंकि यहां राज्य चुनाव करीब हैं और किसान भाजपा से बुरी तरह नाखुश हैं। तानाशाही का इससे अधिक वीभत्स रूप क्या होगा ? जहां इस देश के अन्नदाता को कीड़े मकोड़े की तरह रौंद दिया गया हो। किसानों पर अंग्रेजों ने भी इस कदर जुल्म नहीं ढाये थे। उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी की घटना किसान विरोधी भाजपा की सोच का साक्षात हस्ताक्षर है। भाजपा देश के किसानों से कितनी नफरत करती है ? उन्हें जीने का हक नहीं है ? यदि वे आवाज उठाएँगे तो उन्हें गोली मार दोगे, गाड़ी चढ़ाकर रौंद दोगे ? बहुत हो चुका। ये किसानों का देश है, भाजपा की क्रूर विचारधारा की जागीर नहीं है। किसान सत्याग्रह मजबूत होगा और किसान की आवाज और बुलंद होगी।बीजेपी किसी भ्रम में ना रहे अब पंजाब और हरियाणा के किसानों की तरह अब उत्तर प्रदेश का किसान भी जाग गया हैं। वह तब तक वापस नहीं हटेगा जब तक वह अपनी मांग पूरी नहीं करवा लेता। चुनाव में भाजपा की हार किसान लिख चुका है।अपने सैंकड़ों किसानों की आंदोलन में उन्होंने शहादत देखी है। वे इन घटनाओं से डरने वाले नहीं हैं। इस शहादत ने तो देश के किसानों को झकझोर दिया है। किसानों का कारवां रुकने वाला नहीं है, बल्कि ताकतवर होगा। 2022 विधानसभा चुनाव में भाजपा की हार किसान लिख चुके हैं।

इस दौरान राजवीर लवानियां, कृपाल सिंह फौजदार, बाबू लाल प्रधान फौजी, जिला पंचायत सदस्य टीकम सिंह व अन्य सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### भोपाल सिंह बने कांग्रेस विधानसभा उपाध्यक्ष



मदरलैंड संवाददाता ,रुड़की ! ग्राम रामपुर निवासी समाजसेवी भोपाल सिंह को कांग्रेस का कलियर विधानसभा उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है ! भोपाल सिंह की नियुक्ति से तमाम कार्यकताओं व समाज में खुशी की लहर है । प्रेस को जारी बयान में कांग्रेस के कलियर विधानसभा अध्यक्ष सुभाष सैनी ने बताया कि भोपाल सिंह लंबे समय से कांग्रेस से जुड़े हुए हैं ! पार्टी के प्रति उनकी लगन और मेहनत को देखते हुए उन्हें कलियर विधानसभा में उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है । उधर कांग्रेस विधानसभा उपाध्यक्ष भोपाल सिंह ने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी उन्हें दी है, उसे वह बखूबी निभाने का प्रयास करेंगे ! पार्टी को मजबूती देने के लिए वह पूरी जिम्मेदारी से काम करेंगे ।

### अरूण को इंसाफ दो, की मांग को लेकर सड़क उतरे महासंघ कार्यकर्ता




मदरलैंड संवाददाता , हरिद्वार । चमार वाल्मीकि महासंघ कार्यकताओं ने आगरा के अरुण वाल्मीकि के हत्यारों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई, पीड़ित परिवार को एक करोड़ मुआवजा, सरकारी भवन, एक सदस्य को सरकारी नौकरी तथा सुरक्षा की मांग को लेकर नगर निगम प्रागण से सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय तक प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन प्रस्तुत किया गया । इस दौरान चमार वाल्मीकि महासंघ संस्थापक अध्यक्ष भंवर सिंह प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र श्रमिक ने कहा कि थाना जगदीशपुरा, आगरा में थाने के सफाई कर्मचारी अरुण वाल्मीकि की माल खाने से 25 लाख रुपए चोरी के झूठे आरोप में पुलिस ने अरुण वाल्मीकि की पीट-पीटकर हत्या कर दी । जिससे चमार-वाल्मीकि समाज में भारी आक्रोश है । भंवर सिंह ने कहा कि भाजपा के राज में भगवान राम की रामायण लिखने वाले वाल्मीकि के वंशजों पर अत्याचारों की बाढ़ आ गई है । यमुनानगर जेल में रमण वाल्मीकि की हत्या, हाथरस में मनीषा वाल्मीकि के साथ सामूहिक बलात्कार के बाद हत्या, दिल्ली में मासूम पायल के साथ बलात्कार कर हत्या, सिंघु बॉर्डर पर धार्मिक ग्रंथ छू लेने पर वाल्मीकि की हत्या, उत्तर प्रदेश आगरा में अरुण वाल्मीकि की हत्या इसका पुख्ता प्रमाण है । इसके बावजूद भी समाज के जनप्रतिनिधियों की चुप्पी टूटने का नाम नहीं ले रही है । ऐसे समाज विरोधी जनप्रतिनिधियों की चमार-वाल्मीकि समाज घोर निंदा करता है । कहा कि अगर अरुण वाल्मीकि को शीघ्र न्याय नहीं मिला तो चमार वाल्मीकि महासंघ कार्यकर्ता सड़कों पर आंदोलन करने पर बाध्य होंगे जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन, प्रशासन की होगी । ज्ञापन देने वालो में भंवर सिंह, सुरेंद्र राजेंद्र श्रमिक, आत्माराम बेनीवाल, सुनील राजोर, नानक चंद, वीरेंद्र श्रमिक, डॉक्टर भोरे, रफल पाल सिंह, सरोज पाल सिंह, नसीर अहमद, सुरेंद्र पास्टर, शलेक चंद, राजेश खन्ना, बलराम चुटेला, राजू खेरवाल, लक्ष्मीचंद, जितेंद्र तेश्वर, प्रवीण तेशवर, संजय पेवल, संजू बाबा, श्याम सुंदर, प्रधान राजेश छाछर, आशीष राजोर, आनंद कांगड़ा, बंटी चंचल, राजेश हवलदार, प्रमोद बिरला ,कुलदीप कांगड़ा, सुभाष खेरवाल, सुनीला, अनुराग, कुलदीप, दीपक, नवीन चंचल एडवोकेट, लोकेश, प्रकाशी जगरोशन देवी, सविता देवी, कविता, लक्ष्मी देवी, बेबी, सुनीता,छोटी, सुषमा, तिलका देवी, सतीश, डॉ राजकुमार, फूल सिंह आदि शामिल थे ।

### दूसरा पक्ष भी आया सामने, कहा आरोप निराधार

मदरलैंड संवाददाता, लंढोरा । खेमपुर में भूमि पर कब्जे को लेकर गर्माई सियासत के बीच शुक्रवार को दूसरा पक्ष भी सामने आ गया । दूसरे पक्ष ने भूमि को अपना बताते हुए तमाम आरोप निराधार बता दिए ! मीडिया के सामने दूसरे पक्ष ने बैनामे के तमाम कागजात भी दिखाए ! कहा कि कुछ लोग सियासी फायदे और लालचवश भूमि को बंजर बता रहे हैं ! ग्रामीण बीर सिंह के बेटे सचिन बोकाड़िया ने बताया कि उन्होंने यह भूमि गांव के ही मुर्तजा से खरीद रखी है । पटवारी राजेश गौतम की जांच में भी यह भूमि बंजर न होकर आबादी की निकल चुकी है । बैनामे समेत भूमि के तमाम कागजात भी उनके पास है ! कहा कि विरोध जताने वाले एक ही परिवार के लोग हैं ! पूर्व प्रधान के इशारे पर यह लोग उन पर आरोप लगा रहे है ! हो हल्ला मचाने वाले लोग भूमि पर गलत तरीके से कब्जे की नीयत रखते है । इसी वजह से विपक्षी परिवार आबादी की भूमि को बंजर बताकर अफवाह फैला रहा है ।

### उर्स कमेटी ने किया अधिकारियों, कर्मचारियों का सम्मान

मदरलैंड संवाददाता , पिरान कलियर । साबिर पाक के 753 वे उर्स का मेला सकुशल सम्पन्न कराने पर उर्स कार्यक्रम आयोजन कमेटी ने ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अंशुल सिंह,सुपर मेला अधिकारी इंजीनियर सयैद मीसम अली, सीओ रुड़की, सीओ मेला नताशा सिंह, नायब तहसीलदार सुरेश सैनी, बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट प्रवीण तोमर, लेखपाल अनुज यादव आदि को अजमेर के गद्दी नशीन सयैद नजर हुसैन चिश्ती ,संयोजक अंतरराष्ट्रीय शायर अफजल मंगलोरी, संरक्षक ईश्वर लाल शास्त्री, जिला पंचायत उपाध्यक्ष राव आफाक व सचिव सलमान फरीदी द्वारा अवार्ड व शाल पेश कर सम्मानित किया गया । संचालन नईम सिद्दिकी ने किया । मुशायरा में ताहिर फराज, अफजल मंगलोरी, नदीम शाद, वसीम राजपुरी, बिलाल सहरानपुरी, नईम देवबन्दी, मसरूर रोनक, अमजद अजीम, सयैद नाफिसुल हसन,राव बिलावर, इमरान देशभक्त, हुमा मिर्जा, अंजुम गोड़ ने कलाम पेश किया । संयोजक व अंतरराष्ट्रीय शायर अफजल मंगलोरी ने सभी का आभार भी व्यक्त किया ।

# भाजपा, कांग्रेस ने युवाओं को बेरोजगारी, आम जन को महंगाई से मारने का काम किया: आकाश

» मदरलैंड संवाददाता







रुड़की। बसपा राष्ट्रीय को-आर्डिनेटर आकाश आन्नद ने कहा कि कांग्रेस, भाजपा ने युवाओं को बेरोजगारी और आम जन को महंगाई की मार से मारने का काम किया है ! भाजपा का मकसद सरकारी महकमों को खत्म कर देश के युवाओं को अपने कारखानों में दिहाड़ी, मजदूरी पर लाने और देश के मजदूर वर्ग, छोटे कारोबारियों को गुलाम बनाने का है ! कहा कि भाजपा, कांग्रेस आपस में मिले हुए हैं, लेकिन दोनों दल यह नहीं जानते हैं कि युवा इस देश शक्ति है तो किसान, मजदूर, छोटा कारोबारी देश की रीढ़ है ! चारों आपस में मिल जाए तो किसी को भी झुका सकते हैं ! उन्होंने कहा कि बसपा ही सर्व समाज को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है। नेहरू स्टेडियम में आयोजित जनसभा में पहुंचे नेताओं ने बाबा भीम राव अम्बेडकर और काशीराम के चित्र पर पुष्प अर्पित किए ! इसके बाद कार्यकर्ताओ ने सामूहिक माला से अपने अतिथियों का स्वागत किया। बसपा राष्ट्रीय कॉर्डिनेटर आकाश कुमार आंनद ने कहा कि मायावती ने अम्बेडकर और काशीराम के आदर्शों पर चलते हुए अपना जीवन समर्पित किया। मायावती के शासन से सभी दल के लोग डरते हैं क्योंकि उनकी सत्ता में किसी का उत्पीड़न नही होता। कई पार्टियां दलित, पिछड़ो की लड़ाई लड़ने की बात कहती हैं लेकिन उनके बहकावे में नही आना है ! केवल बसपा ही सबको साथ लेकर चलने वाली पार्टी है। कहा कि केंद्र में जब तक कांग्रेस की सरकार रही उन्होंने बहुजन समाज की आवाज को बुलंद नही किया। इसके साथ ही भाजपा ने भी बहुजन की आवाज को दबाने का काम किया दोनो दल सिक्के के दो पहलू हैं। कहा कि भाजपा आज किसानों की आवाज सुनने को तैयार नही है ! केंद्र सरकार अन्नदाताओं का शोषण कर रही है। कहा कि सभी पार्टियों का शासन देखा लेकिन किसी ने महिलाओं का सम्मान, युवाओं को रोजगार व्यापारियों को सुरक्षा देने का काम नही किया। कहा कि उत्तर प्रदेश की मायावती सरकार में सभी को सम्मान मिलता था। कहा कि आज दलित समाज के लोगों से भेदभाव हो रहा है ! पुलिस थानों में जनसुनवाई नही होती ! हरिद्वार से दलित समाज की बेटी वंदना कटारिया ने देश का परचम ओलंपिक में लहराया और उसका सम्मान करने के बदले टीम की हार का जिम्मेदार बनाया गया। कहा कि सर्वसमाज को जोड़कर पार्टी का जनाधार बढाना है जिसमें 50 प्रतिशत युवा वर्ग को शामिल करना है युवाओं से आह्वान किया कि दबे कुचले लोगों की लड़ाई लड़े ! राज्यसभा सांसद रामजी गौतम ने कहा कि दबे कुचले, पिछड़ो की आवाज को मायावती और बसपा ने ही उठाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग अलग अलग संगठन बनाकर बसपा को खत्म करना चाहते हैं लेकिन बसपा राष्ट्रीय स्तर की तीसरे नम्बर की पार्टी है यह और मजबूत होकर आगे बढ़ रही है। बसपा को खत्म करने वाले हजारों आये और हजारों गए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नही चाहती थी कि अम्बेडकर संविधान सभा के सदस्य हों, लेकिन अंग्रेजों के दबाव में उन्हें संविधान सभा मे शामिल किया गया और फिर वह अपनी काबलियत के दम पर संविधान सभा के अध्यक्ष बने और दबे कुचले लोगों की इंसाफ की लड़ाई लड़ी। उन्होंने भाजपा कांग्रेस को एक सिक्के के दो पहलू बताया। कहा कि 2022 में एक बार फिर से उत्तर प्रदेश में बसपा की सरकार बनेगी। कहा साऊथ में भी बसपा की सरकार बनेगी। हरिद्वार को बसपा की जान बताते हुए सभी 11 सीटों पर कार्यकताओं को मेहनत करने के साथ जीतने की बात कही। प्रदेश प्रभारी शमसुद्दीन राईन ने कहा कि कार्यकर्ता सम्मेलन में आये लोगों के जोश ने बता दिया है कि प्रदेश में बसपा की सरकार बनेगी कहा कि भाजपा राज में सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य सभी बदहाल है कहा कि अब प्रदेश के लोग बसपा की सरकार बनाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि परिवर्तन तय है। इस दौरान राज्य मंत्री (स्तर) दर्शन शर्मा और उनके समर्थको ने भाजपा छोड़कर बसपा ज्वाइन की। आर्मी रिटायर्ड पदम कुमार ने भी बसपा की सदस्यता ली। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष नरेश गौतम एवं संचालन उत्तराखण्ड में बसपा को खत्म करने वाले प्रदेश प्रभारी प्रदीप जाटव ने किया। इस दौरान मंच पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आनन्द कुमार, प्रदेश प्रभारी मदनलाल, प्रदेश अध्यक्ष नरेश गौतम, पूर्व विधायक मोहम्मद शहजाद, सूरजमल, पूर्व विधायक हरिदास, झबरेड़ा विधानसभा प्रभारी आदित्य बृजवाल, कलियर विधानसभा प्रभारी निसार अहमद, डॉ. एसपी बावरा, जनेश्वर प्रसाद सुनेहरा, इखलाक उर्फ लाक्खा, पूर्व जिलाध्यक्ष मास्टर योगराज, जितेंद्र कुमार, आदेश कुमार, अनूप कुमार, बादशाह, अजीत कुमार, अरूण मिर्जा, तेलूराम आदि मौजूद रहे।

## मिशन 2022 की सफलता को एकजुट होकर कार्य करें कांग्रेसी: कुंजवाल

» मदरलैंड संवाददाता



रुड़की! रुड़की महानगर कांग्रेस कमेटी के प्रभारी पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल ने नगर कांग्रेस कमेटी एवं समस्त फ्रंटल संगठनों के साथ-साथ वार्ड कमेटी व बूथ मैनेजमेंट को लेकर रामपुर रोड पर आयोजित कांग्रेसियों की बैठक में शिरकत की। जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ कांग्रेस नेता रामकिशन धीमान ने की। कार्यक्रम में रुड़की के समस्त नेताओं एवं कार्यकताओं ने अपने वक्तव्य द्वारा आने वाले विधानसभा 2022 चुनाव के मद्देनजर किस प्रकार भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी को हराया जाए, उस पर अपने अपने विचार व्यक्त किए। सभी वक्ताओं ने वार्ड कमेटियों एवं बूथ मैनेजमेंट को लेकर कांग्रेस के चल रहे कार्य की जानकारी भी प्रभारी को दी। कार्यक्रम के संबोधन में राजेन्द्र चौधरी एडवोकेट ने प्रभारी कुंजवाल के समक्ष प्रस्ताव रखा कि रुड़की के 129 बूथ मैनेजमेंट को लेकर एक समिति बनाई जाए! जिस पर कार्रवाई करते हुए रुड़की महानगर कांग्रेस कमेटी प्रभारी गोविंद सिंह कुंजवाल ने बूथ मैनेजमेंट के कार्य हेतु 17 सदस्य समिति बनाई! कार्यक्रम में पूर्व मंत्री मनोहर लाल शर्मा, पूर्व मंत्री राम सिंह सैनी, सचिन गुप्ता, राजेंद्र चौधरी एडवोकेट, अध्यक्ष बिट्टू शर्मा, प्रोफेसर देवेंद्र प्रताप सिंह सैनी, महानगर सेवादल अध्यक्ष डॉ. अफजल खां, मंजू कश्यप, आदेश सैनी, रईस अहमद, संजय चौधरी गुड्डु, विकास त्यागी, हंसराज सचदेवा, हाजी नौशाद अली, आशीष अग्रवाल, बेबी खन्ना, पूर्व सांसद राजेंद्र बाडी, सुधीर शांडिल्य, सौरभ चौरसिया, सुफियान, विक्रम सिंह, मुब्बिसर, हेमेंद्र चौधरी, सुशील कश्यप आदि मौजूद रहे।

## छात्र की हत्या से गुस्सा, मातम, कार्रवाई की मांग को सड़क पर बैठे परिजन

» मदरलैंड संवाददाता

मंगलौर। मखदूमपुर में कक्षा 12 के छात्र की गोली मारकर हत्या कर दी गई। शनिवार सुबह छात्र का शव कॉलेज के पास ही गन्ने के खेत में पड़ा मिला। बेटे की हत्या से गुस्साए परिजनों, ग्रामीणों ने इसके विरोध में हंगामा खड़ा कर दिया। परिजनों ने शव को सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। मौके पर पहुंची पुलिस के भी परिजनों को समझाने में पसीने छूट गए। घंटो की मशक्कत के बाद किसी तरह पुलिस परिजनों को शांत करने में कामयाब हुई। जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल रुड़की भिजवाया। रविवार सुबह फिर से गुस्साए परिजन देवबंद मार्ग पर बैठ गए। परिजनों ने हत्यारों को गिरफ्तार करो, हत्यारों को फांसी दो के नारे लगाते हुए सड़क पर जाम लगा दिया। इसकी सूचना से पुलिस में भी हड़कम्प मच गया। करीब चार घंटे तक परिजन ग्रामीणों के साथ सड़क पर बैठे रहे। दोपहर बाद पुलिस ने किसी तरह से परिजनों, ग्रामीणों को समझाकर जाम खुलवाया। पुलिस के अनुसार ग्राम लहबोली निवासी युवक मंजीत पुत्र अशोक मखदूमपुर में इंटर कॉलेज में कक्षा 12 का छात्र था। पुलिस के अनुसार शुक्रवार को मंजीत पढ़ने के लिए कॉलेज गया था ! जिसके बाद वह घर वापस नहीं लौट सका। सुबह छात्र का शव स्कूल के पास एक खेत में पड़ा मिला। इसकी जानकारी लगते ही परिजन आपा खो बैठे। सीओ मंगलौर पंकज गैरोला ने बताया कि गोली मारकर छात्र की हत्या की गई है। मृतक छात्र के पिता अशोक की तहरीर पर अज्ञात में हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा। इसे लेकर पुलिस की कई टीमें काम कर रही हैं।

## त्यौहारों, कैलांडर वितरण के बहाने नेताओ ने शुरू किया जनसंपर्क

» मदरलैंड संवाददाता




रुड़की। विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी माहौल गर्मा चला है। त्यौहारों, कलैंडर वितरण के बहाने नेताओ ने जनता के बीच अपनी दस्तक तेज कर दी है। रुड़की विधानसभा कांग्रेस से टिकट की दावेदारी में लगे पूर्व ग्रह राज्य मंत्री एवं कांग्रेस नेता प्रोफेसर देवेंद्र प्रताप सिंह सैनी ने रविवार को कैलेंडर वितरण के बहाने शहर के बाजारों में घुमकर में व्यापारियों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कोरोना काल में व्यापारियों के सामने आई परेशानियों तथा चुनाव पर व्यापारियों की राय जानने के साथ ही उन्हें कांग्रेस की नीतियां भी समझाई ! उन्होंने कहा कि कलेंडर वितरित करना तो अपनो से मिलने का एक बहाना हैं। प्रोफेसर डी पी सैनी ने व्यापारियों से व्यापार के हालात जाने और कोरोनाकाल में हुए नुकसान पर अपनी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि कोरोनाकाल में व्यापारियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा था लेकिन सरकारों ने उनकी कोई मदद नही की। कहा कि अब हालात सामान्य होने की ओर हैं हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि सब खुश रहें। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि आपसी भाईचारा व प्रेम को बढ़ावा देने के लिए उन्होंने इस कार्यक्रम की शुरूआत की है। जिसमें वह शहर में घूम घूम कर लोगों से मिल रहे हैं। प्रोफेसर डीपी सैनी ने लोगों से अपील की कि वह सभी त्योहारों को आपसी प्रेम और भाईचारे के साथ मिलकर मनाएं।

## लक्ष्मण के तीर चलाते ही इन्द्र देव प्रसन्न, झमाझम कर बरसे, माता सीता ने बुझाई प्यास

» मदरलैंड संवाददाता



रुड़की ! देवभूमि रामलीला समिति रुड़की के तत्वाधान में न्यू भारत कॉलोनी भारत कॉलोनी में पांचवे दिन की रामलीला का शुभारंभ मुख्य अतिथि विजय पाल रावत ने फीता काटकर किया। पांचवे दिन की राम लीला में प्रभु राम के वन गमन से आहत व उनके वियोग में दशरथ के व्यथित होने और रो-रो कर अंतिम सांस लेने की लीला ने दर्शकों को झझकोर कर रख दिया। वन गगन में राम की मुलाकात केवट से होती है जो कि उन्हें तरणी के पार करवाने से पहले केवट द्वारा उनके पांव को धोने की प्रार्थना करते हैं पांव धोने के पश्चात प्रभु राम नदी का गुणगान इस प्रकार करते है। नमो गंगे तरगे आस हमारी, सदा जय हो सदा जय हो तुम्हारौ नदी पार करने के पश्चात राम लक्ष्मण व सीता माता जंगलों में भटकते भटकते एक स्थान पर विश्राम करते हैं इस दौरान सीता माता को गर्मी से बहुत प्यास लगती है और वह व्याकुल होकर कहती है। लगी है धूप से गर्मी लगी है प्यास अति भारौ सीता की व्याकुलता को देखते हुए राम भ्राता लक्ष्मण को जल लेने भेजते हैं जल का कहीं अता पता न चलने पर लक्ष्मण को धित होकर कहता है, चढ़ा है बाण धनुवा पर हे जल कहां छुपा है तू। निकल हे जल की धारा यह मेरा वार आता है। जैसे ही लक्ष्मण ने तीर चलाया उसी के साथ तेज हवा के साथ झमाझम पानी बरसा और सब की तृष्णा पूरी हो गई। उधर अयोध्या से निमंत्रण भेज कर भरत शत्रुघ्न को ननिहाल से बुलावा भेजना, भरत, शत्रुघ्न वापस अयोध्या पहुंचते हैं ! उन्हें पता लगता है कि माता केकैई और दासी मथरा के कारण राम को वनवास भेज दिया गया और वियोग में पिता भी चल बसे ! इससे क्रोधित होकर भरत माता केकैई को और शत्रुघ्न दासी मथरा को भला बुरा कह कर कोसते हैं। भरत राम को वापस लाने हेतु वन जाने की घोषणा करने के साथ ही पंचम दिवस रामलीला का समापन हो गया ! रोचक अभिनय करने वालों में दिगंबर सिंह नेगी, अभय पवार, राजेंद्र सिंह रावत, संग्राम सिंह रावत, विनोद जखवाल, कुंवर सिंह चौधरी, विजय रावत रितु लखेड़ा, राजेंद्र रावत, सुरेंद्र सिंह बिष्ट, शुभम सिंह बिष्ट, शुभम, साबर सिंह नेगी, भुवन चंद थपलियाल, सुनील नेगी, जगदीश नेगी विक्रम कुलाश्री, हेमंत बड़थ्वाल, नरेंद्र गुसाईं, बादल लखेड़ा, अभी नयाल, आरुषि, साक्षी, सिया बिष्ट, निकिता बिष्ट, रितिक नेगी, पार्वती देवी ,अनूप, प्रणव ,प्रेम सिंह राणा, रितिक थापा, हरदीप, यस , गोपाल दत्त मेंदोला ,बलबीर सिंह रावत, अर्जुन सिंह तड़ियाल, राजेंद्र सिंह रावत ,सतीश नेगी,अजय कुमार, सुरेंद्र सिंह नेगी, चिंतामणि जखवाल, गिरीश चंद प्रदीप बुडाकोटी, उमाशंकर खंखरियाल, सुदर्शन डोबरियाल, त्रिलोक सिंह रावत, बलवंत सिंह रावत, चंद्र बल्लभ बड़थ्वाल, आनंद सिंह रावत आदि राम भक्त उपस्थित थे।

## मुक्केबाजी में छाए प्रहार क्लब के खिलाड़ी, केशव रहे सैकिंड विनर

» मदरलैंड संवाददाता



हरिद्वार। कनखल में आयोजित बाक्सिंग (मुक्केबाजी) प्रतियोगिता में शनिवार को खिलाड़ियो ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में रुड़की से 35 बच्चों को प्रतियोगिता के लिए चुना गया। प्रहार क्लब के बैनर तले रुड़की के खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। इसमें पूर्व सभासद संजय अग्रवाल के बेटे केशव अग्रवाल सैकिंड विनर रहे। कोच और अभिभावको ने प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले अपने बच्चों को सीने से लगा लिया। सेना से रिटायर सुबेदार कोच किशन सिंह मेहर ने बताया कि कनखल, जगजीतपुर में सुबह साढ़े दस बजे से बाक्सिंग (मुक्केबाजी) प्रतियोगिता शुरू हुई। इससे पहले सुबह 8 से 10 बजे तक खिलाड़ियों का वजन लिया गया। प्रतियोगिता में पूरे जनपद से खिलाड़ियो ने प्रतिभाग किया। रुड़की से 35 बच्चे प्रतियोगिता में शामिल रहे। तमाम खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता को लेकर पूरा जोश और उत्साह दिखाया। रुड़की से प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले जादूगर रोड़ सिविल लाइन निवासी कैंट बोर्ड के पूर्व सभासद संजय अग्रवाल के बेटे एवं सैकिंड विनर केशव अग्रवाल ने बताया कि प्रतियोगिता को लेकर उनमें भी अन्य खिलाड़ियों की तरह जोश और उत्साह बना रहा। पहली बार जिला स्तर पर खेलने के कारण उनमें और हौंसला बढ़ा है। प्रहार क्लब के कोच सेना से रिटायर सुबेदार किशन सिंह मेहर अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी रह चुके हैं ! इनके नेतृत्व में ही पूरी टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया। सेवानिवृत्ति के बावजूद मुक्केबाजी को लेकर किशन मेहर का जोश कम नहीं है। किशन सिंह मेहर प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले तमाम खिलाड़ियों का हौंसला बढ़ाया। कहा कि अपनी प्रतिभा का हुनर अब वह रुड़की क्षेत्र के बच्चों में भरना चाहते हैं। इसे लेकर वह प्रहार बाक्सिंग क्लब के बैनर तले बच्चों को बाक्सिंग की कोचिंग दे रहे हैं ! उनके दो शिष्य सेना में पायलट और अफसर बन चुके है। मुक्केबाजी में क्षेत्र के बच्चों को निपुण बनाना उनकी सबसे बड़ी प्राथमिकता है। प्रहार क्लब के दूसरे कोच डीबी मल्ल ने भी खिलाड़ियों की हौंसला अफजाई की। इस अवसर पर अभिभाक जितेंद्र भंडारी, अनिल लोहानी, पूर्व सभासद संजय अग्रवाल, मोहित गोस्वामी, ललित वालिया आदि भी मौजूद रहे।

## कांग्रेस के सच्चे सिपाही रहे राम बिहारी गुप्ता, पार्टी परिवार के साथ

» मदरलैंड संवाददाता



रुड़की ! पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल ने रविवार को जादूगर रोड़ रोड़, सिविल लाइंस में कांग्रेस नेता सचिन गुप्ता के आवास पर पहुंचकर कांग्रेस में वरिष्ठ स्तम्भ रहे स्व. राम बिहारी गुप्ता के स्वर्गवास को लेकर दुख व्यक्त किया एवं संपूर्ण परिवार के समक्ष अपनी संवेदनाएं रखीं। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल ने बताया कि कांग्रेस में अक्सर उनकी मुलाकात स्व. राम बिहारी गुप्ता से होती रहती थी और वह हमेशा कांग्रेस की सेवा दिल से करते थे। कांग्रेस के सभी कार्यक्रमों में अक्सर उनकी सहभागिता बनी रही। हरिद्वार आते जाते हुए भी उनसे मुलाकात होती रहती थी। उत्तर प्रदेश के समय में भी वह कांग्रेस की सेवा तन मन धन से करते थे। आज उनके ना रहने से कांग्रेस को बहुत बड़ी क्षति हुई है, जिसकी भरपाई नहीं की जा सकती। उन्होंने सचिन गुप्ता से कहा कि जैसे वह अपने पिताजी के साथ मिलकर कांग्रेस की सेवा कर रहे थे अब उन्हें इसे आगे बढ़ाते हुए स्वयं जिम्मेदारी का निर्वाहन करते हुए कांग्रेस की सेवा करनी है। सचिन गुप्ता ने कहा कि वह हमेशा अपने पिता के बताए हुए पदचिन्हों पर चले हैं एवं तन मन धन से वह भी कांग्रेस की सेवा करते आ रहे हैं। उनके पिता की भी यही इच्छा थी कि वह उत्तराखंड विधानसभा 2022 में रुड़की विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी बनकर चुनाव लड़े। सचिन गुप्ता ने कहा कि वह भी कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में रुड़की विधानसभा से टिकट की दावेदारी कर रहे हैं और कांग्रेस हाईकमान से अपेक्षा करते हैं कि हाईकमान उन्हें एक अवसर अवश्य प्रदान करेगें। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ने उन्हें हाईकमान पर भरोसा रखने को कहते हुए विश्वास जताया कि कांग्रेस सभी को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है एवं कांग्रेसी कार्यकताओं का पूरा ध्यान रखती है। उन्होंने सचिन गुप्ता से अपनी ओर से रुड़की विधानसभा से चुनाव लड़ने की पूरी तैयारी रखने को भी कहा। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष के साथ ही अन्य कांग्रेसियो ने भी सचिन गुप्ता के समक्ष उनके पिता स्व. राम बिहारी गुप्ता के आकस्मिक निधन पर दुख व्यक्त किया एवं अपनी संवेदनाएं रखीं। इस अवसर इश्वर लाल शास्त्री भी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### एमएमसीसी पुणे चौथी बार रेड बुल कैम्पस क्रिकेट के चैम्पियन बने

मदरलैंड संवाददाता, चंडीगढ़, : रेड बुल कैम्पस क्रिकेट यूनिवर्सिटी स्टूडेंट्स के लिये एकमात्र वैश्विक क्रिकेट टूनार्मेंट है। इसके भव्य 10वें एडिशन में शानदार सिटी क्वालिफायर्स और रीजनल राउंड्स के बाद नेशनल फाइनल 22 अक्टूबर 2021 को मोहाली के प्रसिद्ध पीसीए स्टेडियम में संपन्न हुआ। उसमें एमएमसीसी पुणे और न्यू एलजे कॉलेज अहमदाबाद के बीच कड़ी टक्कर हुई। पुणे के एमएमसीसी कॉलेज ने न्यू एलजे कॉलेज अहमदाबाद को 2 विकेट से हराकर देश की बेस्ट क्रिकेट कॉलेज यूनिवर्सिटी का ताज पहना। एमएमसीसी कॉलेज पुणे इससे पहले साल 2016, 2017 और 2018 में भी विजेता बन चुका है और इस प्रतियोगिता के इतिहास में चौथी बार नेशनल चैम्पियन बना है। फाइनल मैच को श्री अनिल चौधरी ने ऑफिशियेट किया था, जो आईसीसी के इंटरनेशनल पैनल में अम्पायर हैं और कई आईपीएल मैचेस को भी ऑफिशियेट कर चुके हैं। फाइनल तक पहुँचने के अपने सफर में एमएमसीसी पुणे ने फर्स्ट सेमी–फाइनल में मुजफ्फरनगर के श्री राम कॉलेज को आठ विकेट से हराया था। सेकंड सेमी–फाइनल में न्यू एलजे कॉलेज अहमदाबाद ने टीकेआरईएस हैदराबाद को 6 विकेट से हराया था।रेड बुल कैम्पस क्रिकेट नेशनल फाइनल्स में देश के 8 सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट कॉलेजों ने 18 से 20 अक्टूबर तक लीग स्टेजेस में एक–दूसरे से मुकाबला किया था। इसके मैच चंडीगढ़ के मुल्लानपुर स्टेडियम और सेक्टर 16 स्टेडियम में साथ–साथ खेले गये थे।रेड बुल कैम्पस क्रिकेट नेशनल फाइनल्स जीतने पर एमएमसीसी पुणे के कप्तान यश ने कहा, ह्यह्यइस जीत से हम बहुत खुश हैं। फाइनल्स तक पहुँचने के लिये हमने बहुत सख्त प्रैक्टिस की थी और इसे जीतना ज्यादा खास है। यह जानने पर भी बहुत गर्व होता है कि हमारे कॉलेज ने रेड बुल कैम्पस क्रिकेट इंडिया फाइनल्स चौथी बार जीता है। बतौर एक टीम, हमें गर्व है कि हमने इस टूनार्मेंट में अपने कॉलेज की विरासत को आगे बढ़ाया है। हम रेड बुल को भी ऐसे बेहतरीन टूनार्मेंट के आयोजन के लिये धन्यवाद देते हैं, जो हमारे जैसे कॉलेज स्टूडेंट्स को देश के बेस्ट क्रिकेट कॉलेजों के बीच अपना टैलेंट दिखाने के लिये एक आदर्श प्लेटफॉर्म देता है।

### उत्तराखंड युवा मंच के पदाधिकारियों का चयन

विनोद कुमार, मदरलैंड संवाददाता, चंडीगढ़। उत्तराखंड युवा मंच का चुनाव,मंच के सम्मनीय सदस्य श्री ऋषि राम भट्ट, मुख्य चुनाव आयुक्त एवम श्री तरुनेश बुड़ाकोटी , उप मुख्य चुनाव आयुक्त की अध्यक्षता में संपन्न हुआ जिसमे सर्वसम्मति से नए पदाधिकारियों का गठन किया गया । मंच में कुल 7 पदों पर 7 ही आवेदन आए थे। जिनको निर्विरोध चुना गया । उत्तराखंड की नई कार्यकारिणी में श्री वासुदेव शर्मा प्रधान, श्री राकेश जुब्लान, उपप्रधान, श्री संजय जखमोला, जनरल सेक्टरी, श्री आशुतोष कोठारी , जॉइंट सेक्रेटरी, श्री अरविंद रावत, एडिशनल जॉइंट सेक्रेटरी, श्री अमित ध्यानी, सांस्कृतिक एवं खेल मंत्री और श्री संतोष रौतेला कैसियर के पद पर नियुक्त किए गए। मंच के निवर्तमान अध्यक्ष श्री धर्मपाल रावत ने नए पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि नवनिर्वाचित सदस्यों का भरपूर सहयोग रहेगा ताकि समाज में उत्तराखण्ड युवा मंच नई बुलंदियों तक पहुंचे और समाज में जरूतमंद ब्यक्तियों की सेवा की जा सके।

### आईटीआई में दाखिले की दूसरी मेरिट लिस्ट जारी



सुरेश गुप्ता, मदरलैंड संवाददाता, पलवल। कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग हरियाणा द्वारा आईटीआई में दाखिले के लिए दूसरी मेरिट लिस्ट ऐडमिशन पोर्टल पर डाल दी गई है क इसमें राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पलवल की 306 सीटें अभ्यर्थियों को अलॉट की गई है । सीट अलॉट होने वाले अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्रों की एवं दस्तावेजों की वेरिफिकेशन का कार्य 25 अक्टूबर तक किया जाएगा क दाखिला लेने वाले विद्यार्थी को अपने दस्तावेजों की वेरिफिकेशन कराने उपरांत 26 अक्टूबर तक ऑनलाइन फीस जमा करवानी होगी ।28 अक्टूबर को दूसरे चरण में रिक्त रहने वाली सीटों का विवरण पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। 30 अक्टूबर तक तीसरे चरण की काउंसलिंग में अभ्यर्थी अपनी पसंद भरने के बाद, साथ– साथ बदलाव भी कर सकते हैं क इस प्रक्रिया को पूर्ण होने के बाद 2 नवंबर को तीसरे चरण की काउंसलिंग के अनुसार मेरिट सूची जारी की जाएगी क इसके उपरांत 7 नवंबर तक सभी संस्थानों में चयनित अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्र व दस्तावेजों की जांच की जाएगी। दाखिले की दूसरी मेरिट सूची जारी हो चुकी है क चयनित होने वाले अभ्यर्थियों को अनुदेशकों द्वारा फोन के माध्यम से सूचित किया जा रहा है। अभ्यार्थियों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना ना करना पड़े, इसके लिए संस्थान में हेल्प डेस्क भी स्थापित की हुई है।

### जिला में करवा चौथ पर्व धूमधाम से मनाया गया



मयंद मोहन, मदरलैंड संवाददाता, नूंह/मेवात। जिला में रविवार को करवाचौथ पर्व धूमधाम से मनाया गया, सुहागनें सुबह से ही व्रत रखकर 16 श्रृंगार कर माता की पूजा अर्चना में जुटी हुई थी तथा सांय को माता की पूजा कर व कहानी सुनकर रात को चन्द्रमा को अर्घ्य देकर व्रत खोला । सुहागनों ने अपने पति की लम्बी आयु की कामना के लिए यह निर्जला व्रत रखा। कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को करवा चौथ व्रत मनाया जाता है। महिलाऐं शिमला, रानी, सुशीला , एकता, मायादेवी,यशोदा, सोनिया, प्रिया, पूनम, अन्नू, कोमल, कांता, संतोष देवी, प्रिती, सुमन शर्मा, ममता एलावादी, सुनीता अलमादी, नीरू, आशा मोहन, कविता व अलका आदि ने बताया कि करवा चौथ व्रत सुहागनों का सबसे बड़ा व्रत होता है, इस दिन महिलाऐं निर्जला व्रत रखकर रात को चांद देखने के बाद ही कुछ खाया जाता है ,इस दिन विवाहित महिलाएं अपने पति की लंबी आयु और सलामती के लिए व्रत रखती हैं, तो वहीं कुंवारी लड़कियां भी अच्छे वर के लिए इस दिन व्रत रखती हैं। आजकल महानगरों में कई पुरूष भी अपनी पत्नियों के साथ करवा चौथ का व्रत रखते हैं। सांय को महिलाओं ने एकत्रित होकर माता की पूजन कर कहानी सुनी तथा मिटटी के करवा में पानी भरकर रात को चांद देखकर उसे अर्घ्य देकर व्रत खोला। जबकि कई महिलाऐं सेल्फी लेकर व फोटोग्राफी करवाकर व्रत की याद को ताजा किया।

# अपोलो टायर्स लिमिटेड ने भारत में प्रीमियम टायर ब्रांड व्रेडेस्टीन प्रस्तुत किया

» मदरलैंड संवाददाता



चंडीगढ़, :भारत में अपने उत्पादों की श्रृंखला मजबूत करते हुए अग्रणी टायर निमार्ता, अपोलो टायर्स लिमिटेड ने भारत में प्रीमियम यूरोपियन ब्रांड, व्रेडेस्टीन प्रस्तुत किया है। व्रेडेस्टीन ब्रांड के टायरों का निर्माण भारत में अत्याधुनिक तकनीक से परिपूर्ण संयंत्रों में किया जाएगा, और ये पैसेंजर कारों में प्रीमियम व लक्जरी सेगमेंट को सेवाएं देंगे। इस ब्रांड के टू-व्हीलर टायर भारत में बढ़ते हुए सुपरबाईकिंग सेगमेंट को सेवाएं देंगे। व्रेडेस्टीन ब्रांड अपने डिजाईनर एवं उच्च क्वालिटी के टायरों के लिए मशहूर है। यह भारत में पैसेंजर वाहन सेगमेंट में 15ह्लह्ल से 20ह्लह्ल के आकार के टायरों के साथ प्रवेश कर रहा है। व्रेडेस्टीन अल्ट्राक वोर्टी प्रीमियम लक्जरी सेडान, जैसे मर्सिडीज, बीएमडब्लू, ऑडी, लैंड रोवर और वॉल्वो के लिए है, वहीं व्रेडेस्टीन अल्ट्राक प्रीमियम हैचबैक एवं सेडान कारों, जैसे होंडा सिटी, मारुति सुजुकी सियाज और बैलेनो के लिए है। व्रेडेस्टीन के टू-व्हीलर टायर, सेन्टॉरो एनएस एवं एसटी, स्पोटर्स टूरिंग एवं सुपर स्पोटर्स रेंज की मोटरसाईकल्स की पूर्ण श्रृंखला, जैसे बीएमडब्लू, डुकाटी, अप्रिलिया, ट्रायंफ, कावासाकी, सुजुकी, होंडा और यामाहा के लिए हैं।भारत में व्रेडेस्टीन ब्रांड के लॉन्च के बारे में नीरज कन्वर , वाईस चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, अपोलो टायर्स लिमिटेड ने कहा, भारत में प्रीमियम और लक्जरी सेगमेंट की कारों, तथा सुपरबाईकिंग सेगमेंट में भारी वृद्धि हो रही है। इसलिए हमें 100 साल से ज्यादा पुराने ब्रांड, व्रेडेस्टीन को भारतीय उपभोक्ताओं के लिए प्रस्तुत करने की प्रेरणा मिली। व्रेडेस्टीन प्रीमियम स्टाईलिंग और अल्ट्रा हाई परफॉर्मेंस का पर्याय है, जिसे लक्जरी कार एवं सुपरबाईक्स के मालिक सबसे ज्यादा महत्व देते हैं। मुझे विश्वास है कि घरेलू अंतर्राष्ट्रीय ब्रांड, व्रेडेस्टीन के साथ हम भारत में लक्जरी सेगमेंट में एक प्रतिष्ठित स्थान पा लेंगे। व्रेडेस्टीन की पैसेंजर वाहन श्रृंखला में मशहूर ऑटोमोबाईल डिजाईनर, जॉजेटो जुजियारो ने अपना सिग्नेचर टच दिया है, जबकि टू-व्हीलर श्रृंखला को मशहूर इटैलियन डिजाईन हाउस, फ्रेस्कोली डिजाईन द्वारा डिजाईन किया गया है। भारतीय बाजार में प्रस्तुत किए जा रहे इन टायर का परीक्षण यूरोप और भारत के प्रमुख ट्रैक्स पर किया गया है, और ये यूरोप व अमेरिका में विभिन्न ऑटोमोटिव मैग्जीन टेस्ट्स में पोडियम पोजिशन प्राप्त कर चुके हैं।लॉन्च के अवसर पर, सतीश शर्मा, प्रेसिडेंट, एशिया पैसिफिक, मिडिल ईस्ट एवं अफ्रीका (एपीएमईए), अपोलो टायर्स लिमिटेड ने कहा, ह्यह्यव्रेडेस्टीन ब्रांड की शुरूआत भारत में पैसेंजर वाहन और टू-व्हीलर के सेगमेंट में हमारी प्रस्तुतियों को मजबूत करेगी। भारत सरकार द्वारा हाल ही में टायरों के आयात पर प्रतिबंध के कारण हमारे लिए हाई-एंड कारों व मोटरसाईकल्स के लिए भारत में व्रेडेस्टीन ब्रांड के टायर लाने के लिए व्यवसायिक परिस्थिति काफी मजबूत हो गई। हमारी आरएंडडी टीमों ने इन टायरों को भारतीय परिस्थितियों के अनुरूप सर्वश्रेष्ठ सुरक्षा एवं ड्राईविंग का बेहतरीन अनुभव देने के लिए कस्टमाईज किया है।

## व्हाट्सऐप ने 5 महिला कलाकारों के साथ पेमेंट्स में इन-ऐप स्टिकर लॉन्च किए

» मदरलैंड संवाददाता




चंडीगढ़, आज व्हाट्सऐप ने दोस्तों व परिवारों को पेमेंट्स भेजना और ज्यादा आकर्षक व दिलचस्प बनाने के लिए स्टिकर्स की श्रृंखला प्रस्तुत की है। भारत के लिए डिजाईन किए गए ये नए चित्रण पैसे के लेन-देन बारे विभिन्न सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों पर आधारित हैं।प्रेम, परवाह, आभार, शुभकामना एवं आनंद की अभिव्यक्ति को मनोरंजक एनिमेटेड चित्रणों में परिवर्तित करते हुए भारत में अपने यूजर्स के लिए पेमेंट स्टिकर्स का नया पैक लॉन्च करने के लिए व्हाट्सऐप ने पांच लोकप्रिय भारतीय महिला कलाकारों/चित्रकारों के साथ गठबंधन किया है। ये कलाकार मिलकर व्हाट्सऐप पर प्रेम के आदान-प्रदान की मौलिक भावना को जीवंत करेंगे, जो कभी-कभी पैसे के लेन-देन में अभिव्यक्त होती है। साथ ही, ये स्टिकर पैक भारतीय संस्कृति, इनका निर्माण करने वाली महिला कलाकारों, और चित्रकारों के समुदाय को सम्मानित करेंगे, जो अपने मौलिक कलारूपों द्वारा कहानियों को जीवंत करते हैं। मनीष महात्मे, डायरेक्टर ऑफ पेमेंट्स, व्हाट्सऐप इंडिया ने कहा, हमारा विश्वास है कि हर भुगतान के पीछे एक कहानी होती है। हम बचे हुए 500 मिलियन लोगों को डिजिटल पेमेंट्स के परिवेश में लाना और बड़े स्तर पर वित्तीय समावेशन लेकर आना चाहते हैं। इसलिए पैसे भेजने की प्रक्रिया को हर यूजर के लिए उपयोगी व संदर्भपूर्ण बनाने के लिए हमने भारत की विकसित होती संस्कृति से जुड़ी 5 सफल महिला कलाकारों के साथ गठबंधन किया है, जो भुगतान के अनुभव को दिलचस्प व आकर्षक तरीके से अभिव्यक्त करने के लिए लोकप्रिय शब्दों व सामाजिक बारीकियों को जीवंत करेंगी।

## हिमाचल प्रकोष्ठ बीजेपी चंडीगढ़ ने नारी शक्ति के लिए निशुल्क मेहंदी का आयोजन किया



» विनोद कुमार, मदरलैंड संवाददाता

चंडीगढ। हिमाचल प्रकोष्ठ बीजेपी चंडीगढ़ के द्वारा करवा चौथ के उपलक्ष्य मे नारी शक्ति के लिए निशुल्क मेहंदी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम मे मे सभी हिमाचली बहनों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। मेहंदी के साथ ही सभी बहनों हिमाचली गाने गायें और खूब नाची। सभी उपस्थित लोगों ने इस सांस्कृतिक कार्यक्रम का खूब आनंद उठाया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रही हिमाचल से राज्यसभा की सदस्य और चंडीगढ़ नगर निगम चुनावों की सह प्रभारी श्रीमती इंदु बाला गोस्वामी और गेस्ट ऑफ ऑनर थे बीजेपी चंडीगढ़ के प्रदेशध्यक्ष अरुण सूद। इन सभी ने कार्यक्रम मे भाग भी लिया और खूब आनंद भी उठाया। इस कार्यक्रम को आयोजित करने मे प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ ओ पी सिंह, सह संयोजक शिविंदर मंढोत्रा, कर्यकारी सदस्य फकीर चंद चौहान, मुकेश जरियल की अहम् भूमिका रही। स्टेट टीम से श्री अमित राणा, महेंद्र निराला, गजेंद्र शर्मा, इंदरजीत कँवर ने बहुत योगदान दिया।

## ओमेक्स लेडीज क्लब ने करवा चौथ पर मिलकर सुनी कथा और की पूजा





» मदरलैंड संवाददाता

लुधियाना हरप्रीत सिंहः करवा चौथ पर ओमेक्स लेडीज क्लब में सभी महिलाएं सज धज कर सोलहा श्रृंगार करके आई सभी ने डिजाइनर ड्रेस पहन रखी थी ऊपर से मौसम भी सुहाना हो गया सभी ने मिलकर पहले खूब सेल्फीया की प्रिया कपूर ने बताया कि पिछले समय से कोविड़ को देखते हुए काफी समय बाद आज सभी फ्रेंड्स इतने टाइम बाद एक दूसरे को मिले है और भगवान से प्रार्थना करी है कि अब सुख शांति रहे वही उपासना ने बताया कि रात को ही डिजाइनर ड्रेस खरीद कर लाई है और मेक अप आर्टिस्ट से तैयार होकर आ रही है सभी ने करवा चौथ पर मिलकर पूजा की चंद चढ़े ता पानी पीवा गीत गया इस अवसर पर डॉक्टर गगन ने बताया कि पूजा के बाद अपने पति के साथ कैंडल लाइट डिनर करने जा रहे हैं वही गिन्नी ने बताया कि चांद देख कर पति की पूजा करके पूरा परिवार रात को डिनर पर बाहर जा रहे हैं प्रिया ने बताया कि आज ऐसा लग रहा है जैसे चांद ही जमी पर उतर आया हो सभी एक से एक नजर आ रही है।

## केंद्र में नरेंद्र मोदी सरकार ने 100 करोड़ लोगों को कोरोना वैक्सीन लगाकर एक सराहनीय काम किया : धर्मवीर

» मनमोहन शर्मा, मदरलैंड संवाददाता



हांसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात के 82 वें संस्करण को हांसी विधानसभा के बूथ न. 85 व 86 पर शक्ति केंद्र प्रमुख प्रवीण सिंगला के नेतृत्व में कार्यकताओं द्वारा सुना गया।

इस अवसर पर शक्ति केंद्र पालक व भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री एडवोकेट धर्मवीर रतेरिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। लोगों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 100 करोड़ वैक्सीन डोज के बाद आज देश नए उत्साह, नई ऊर्जा से आगे बढ़ रहा है। इसके लिए स्वास्थ्यकर्मियों ने अपने अथक परिश्रम और संकल्प से एक नई मिसाल पेश की उन्होंने नवाचार के साथ अपने दृढ़ निश्चय से मानवता की सेवा का एक नया मानदंड स्थापित किया।

उन्होंने कहा कि अगले रविवार 31 अक्टूबर को सरदार पटेल की जन्म जयंती है मन की बात के हर श्रोता की तरफ से और मेरी तरफ से मैं लौहपुरुष को नमन करता हूं। 31 अक्टूबर को हम ह्यराष्ट्रीय एकता दिवसह्ल के रूप में मनाते हैं. हम सभी का दायित्व है कि हम एकता का संदेश देने वाली किसी-न-किसी गतिविधि से जरूर जुड़ें। उन्होंने कहा कि अगले महीने 15 नवंबर को हमारे देश के वीर योद्धा, भगवान बिरसा मुंडा की जन्म-जयंती आने वाली है। भगवान बिरसा मुंडा को ह्यधरती आबाह्ल भी कहा जाता है। क्या आप जानते हैं कि इसका अर्थ क्या होता है? इसका अर्थ है धरती पिता। भगवान बिरसा मुंडा ने जिस तरह अपनी संस्कृति, अपने जंगल, अपनी जमीन की रक्षा के लिए संघर्ष किया, वो धरती आबा ही कर सकते थे। उन्होंने हमें अपनी संस्कृति और जड़ों के प्रति गर्व करना सिखाया, विदेशी हुकूमत ने उन्हें कितनी धमकियां दीं, कितना दबाव बनाया, लेकिन उन्होनें आदिवासी संस्कृति को नहीं छोड़ा। पीएम मोदी ने कहा कि अक्टूबर का महीना त्योहारों के रंगों में रंगा रहा है और अब से कुछ दिन बाद दिवाली तो आ ही रही है। दिवाली, उसके बाद फिर गोवर्धन पूजा फिर भाई-दूज, ये तीन त्योहार तो होंगे ही होंगे. इसी दौरान छठ पूजा भी होगी. नवंबर में ही गुरुनानक देव की जयंती भी है. आप सभी अभी से खरीददारी का प्लान करने लगे होंगे, लेकिन आपको याद है न, खरीददारी मतलब वोकल फॉर लोकल। इस अवसर पर जिला महामंत्री एडवोकेट धर्मवीर रतेरिया ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम सुनने से लोगों में एक नई ऊर्जा का संचार होता है ओर उससे नई नई बातों की जानकारी प्राप्त होती है व हमे नया कुछ करने की प्रेरणा भी प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि आज के इस कार्यक्रम को भारतीय जनता पार्टी जिला हिसार के सभी 1294 बूथों पर कार्यकताओं द्वारा सुना गया है। इस अवसर पर प्रवीण सिंगला, दीपक जांगडा, कृष्ण सिंगला, आकाश वर्मा, पराग जैन, महेश कुमार, नितिन आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भाजपा प्रदेशाध्यक्ष के जन्म दिवस पर जयपुर पहुँचे कार्यकर्ता गुलदस्ते भेंटकर दी शुभकामनाएँ

» सुनील कुमार शर्मा, मदरलैंड संवाददाता



झुंझुनूं। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष डॉ सतीश पूनिया के जन्मदिवस पर रविवार को जिलाध्यक्ष पवन मांवडिया, सांसद नरेन्द्र कुमार एवं सूरजगढ़ विधायक सुभाष पूनिया के नेतृत्व में जिले के भाजपा कार्यकर्ता ढोल नगाड़ों के साथ भाजपा जिन्दाबाद, सतीश पूनिया जिन्दाबाद के नारे लगाते हुए जयपुर स्थित उनके निवास पर पहुंचे तथा फुल मालाए व गुलदस्ते भेंटकर जन्मदिन की शुभकामनाए दी। इस मौके पर जिला प्रमुख हर्षिनी कुल्हरि, सूरजगढ़ प्रधान बलवान सिंह, जिला उपाध्यक्ष प्यारेलाल ढूकिया, राजेन्द्र भांबू, सुनील लाम्बा, राकेश शर्मा बगड़, जिला महामंत्री सुरेन्द्र मेघवाल, सरजीत चौधरी, जिला प्रवक्ता कमलकांत शर्मा, पवन शर्मा, राष्ट्रीय परिषद प्रतिनिधि विशम्बर पूनिया, भाजपा नेता धर्मपाल गुर्जर, जिला मंत्री महावीर ढाका, शिक्षाविद् युवा भाजपा नेता राजेश दहिया, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष जयसिंह माठ, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष रतन सिंह तंवर, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष जयदीप गुर्जर, अल्प संख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष शौकत अली चौहान, एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष शिवकुमार जेवरिया, बालाजी मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह शेखावत, मंडावा मंडल अध्यक्ष मोहनलाल सैनी, सूरजगढ़ मंडल अध्यक्ष सुरेश शर्मा, बिसाऊ मंडल अध्यक्ष भवानीशंकर महनसरिया, गुढा मंडल अध्यक्ष राकेश जाखड़, मलसीसर मंडल अध्यक्ष सुधीर चौमाल, चैलासी मंडल अध्यक्ष प्रकाश सैनी, पचेरी मंडल अध्यक्ष सतवीर दौराता, बबाई मंडल अध्यक्ष राकेश सोनी, बिरमी मंडल अध्यक्ष देशराज राहड़, रामोतार धौलिया, युवा मोर्चा महामंत्री निखिल शर्मा, नरेन्द्र सिंह शेखावत, जिला उपाध्यक्ष अनुज लाम्बा, राजू मराठा, एसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष मनोज आलड़िया, जिला मंत्री मुकेश नायक, पिलानी मंडल अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह, मंडावा के पूर्व चेयरमैन राधेश्याम सैनी, किसान मोर्चा जिला महामंत्री सहीराम गुर्जर, बुहाना उपप्रधान राजपाल सिंह, किसान मोर्चा जिला मंत्री राजेश पूनिया, अभिलेख धनखड़, रणसिंह नेहरा, निकेश गजराज, विकास मेघवाल, मनोज कालेर, ओम प्रकाश सोनी, कपिलेश शर्मा, बिलास सैनी, पार्षद चंद्र प्रकाश शुक्ला सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता जोश के साथ जयपुर पहुंचे व प्रदेशाध्यक्ष पूनिया को जन्मदिवस पर शुभकामनाएं दी।

# विदेशी कंपनियों द्वारा निवेश करने के लिए पंजाब बना पसन्दीदा गंतव्य

## पिछले 4.5 सालों दौरान दुनिया भर के निवेशकों ने पंजाब में 99000 करोड़ का किया निवेशः उद्योग मंत्री गुरकीरत कोटली

» मदरलैंड संवाददाता






चण्डीगढ़। मजबूत वातावरण प्रणाली, कारोबार अनुकूल नीतियाँ और उत्पादन के उत्तम माहौल के कारण पंजाब पिछले कुछ सालों में विश्व स्तर की कंपनियों के लिए निवेश का एक पसन्दीदा स्थान बन गया है।

पिछले 4.5 सालों में विश्वभर के निवेशकों के साथ-साथ देश के विभिन्न क्षेत्रों के निवेशकों ने पंजाब में अपना भरोसा जताया है, जिसके परिणामस्वरूप पंजाब में 99000 करोड़ रुपए का निवेश किया गया है।

इन क्षेत्रों में साइकिल, एग्री और फूड प्रोसेसिंग, लॉजिस्टिक्स, फार्मास्यूटीकल, केमिकल, टेक्स्टाईल, अलॉए और स्टील सैक्टर, इंजीनियरिंग, ऑटो कम्पोनेंट्स, ऊर्जा के नवीन और नवीकरणीय स्रोत, आईटी सेवाएं, शिक्षा, रियल एस्टेट और बुनियादी ढांचा शामिल हैं।

पंजाब के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री गुरकीरत सिंह ने बताया कि राज्य में यह निवेश अमरीका, यू.के., यू.ए.ई., डेनमार्क, जर्मनी, फ्रांस, स्पेन, इटली, जापान, दक्षिण कोरिया, न्यूजीलैंड और सिंगापुर समेत विभिन्न देशों की कंपनियों द्वारा किया जा रहा, जिसके अंतर्गत पंजाब सफलता की एक बेजोड़ कहानी लिखने जा रहा है।

उन्होंने कहा कि पंजाब में इतने बड़े स्तर पर न सिर्फ. अंतरराष्ट्रीय कंपनियाँ राज्य में निवेश कर रही हैं बल्कि मौजूदा कंपनियों ने भी राज्य में अपनी मौजूदगी और कामकाज का विस्तार करके अपनी संतुष्टि और उत्साह व्यक्त किया है। श्री गुरकीरत सिंह ने कहा, ह्यह्यकोविड-19 संकट दौरान भी पंजाब की सफलता की कहानी में निवेशकों का भरोसा, राज्य के मजबूत बुनियादी ढांचे और नीतिगत ढांचे का प्रमाण है।ह्लह्ल

एसएमएल इसूजू लिमिटेड के डायरैक्टर ईची सेटो ने कहा, ह्यह्यहमें हमेशा पंजाब सरकार से अपेक्षित समर्थन मिलता रहा है, इसलिए पंजाब रहने के लिए और काम करने के लिए एक बढ़िया गंतव्य कहलाता है। पंजाब युवाओं का राज्य है और ऑटो कंपनियों के लिए पंजाब में अपने यूनिट स्थापित करने का बढ़िया मौका है।ह्लह्ल उन्होंने यह भी कहा कि पंजाब में काम करते हुए हमें कभी भी लेबर की कोई समस्या नहीं आई।

जिक्रयोग्य है कि पिछले 4.5 सालों के दौरान राज्य सरकार ने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों किस्म के कारोबारों के विस्तार और प्रगति के लिए उचित वातावरण प्रणाली विकसित करने के लिए निरंतर यत्न किये हैं। यह भी बड़ा उत्साहपूर्ण पक्ष है कि वित्त वर्ष 2020-21 में भी 10 विदेशी कंपनियों द्वारा ग्लोबल निवेश किया गया है।

अधिकतर निवेश करने वाली कंपनियों के हैडक्वार्टर उत्तरी अमरीका में हैं, इनमें स्मार्टर ई-लर्निंग प्राईवेट लिमिटेड (सॉफ्टवेयर डिवेल्पमेंट), पैप्सीको इंडिया होल्डिंग्ज प्राईवेट लिमिटेड, कारगिल इंडिया प्राईवेट लिमिटेड, वॉलमार्ट इंडिया प्राईवेट लिमिटेड, नैटसमार्टज इनफोटैक प्राईवेट लिमिटेड और टैलीपरफार्मैंस इंडिया शामिल हैं। यूरोप स्थित हैडक्वार्टरों वाली कंपनियों में सीएन इफको (स्पैनिश फर्म कोनगेलाडोस डी नवारा के साथ फूड प्रोसेसिंग में साझेदारी), वढेरा अपार्टमेंट्स प्राईवेट लिमिटेड (यू.के आधारित ग्रुप), हिंदुस्तान यूनीलीवर लिमिटेड, सेंट्रीएंट फार्मास्यूटीकल्स इंडिया प्राईवेट लिमिटेड (मुख्यालय नीदरलैंड), वरबीयो इंडिया प्राईवेट लिमिटेड (मुख्यालय जर्मनी, बायोसीएनजी उत्पादन वाली कंपनी), हैला इंडिया लाईटिंग लिमिटेड (मुख्यालय जर्मनी, ऑटोमोटिव के लिए लाईटिंग सल्यूशंज), पहली बार एयर लिक्विड (मुख्यालय फ्रांस; मैनुफेक्क्रिंग इंडस्ट्रियल गैस) द्वारा निवेश, ग्रेपल परफोरेशनस इंडिया प्राईवेट लिमिटेड (जर्मनी), हार्टमेन पैकेजिंग ग्रुप (मुख्यालय डेनमार्क, मोलडड फाइबर पैकेजिंग) और ओगनीबेन ग्रुप (मुख्यालय इटली ; मैनुफेक्क्रिंग हाइड्रोलिक ऐकचूएटर) ने भी राज्य में निवेश किया है।

इस दौरान, पूर्वी और दक्षिण-पूर्वी एशियायी देशों की विदेशी कंपनियों द्वारा साझे उद्यमों के साथ-साथ पंजाब में स्वतंत्र निवेश भी किये हैं। इन निवेशकों में थिंक गैस प्राईवेट लिमिटेड (हैडक्वार्टर सिंगापुर, पैट्रोकैमीकल्स), समेत अडानी विलमार लिमिटेड (सिंगापुर आधारित विलमार इन्टरनेट लिमिटेड के साथ साझेदारी), इंटरनेशनल ट्रैकटर्स लिमिटेड और यांमार (मुख्यालय जापान), वर्धमान स्पैशल स्टील्स और ए.आई.सी.एच. आई. स्टील (मुख्यालय जापान), मैरीटेक सॉफ्ट्वेयर प्राईवेट लिमिटेड (जापान) और सनजिन इंडिया फीड्स (दक्षिणी कोरिया), बलाल स्टील श्रेडिंग प्राईवेट लिमिटेड (न्यूजीलैंड) और आस्ट्रेलिया आधारित फर्म अवासो टेक प्राईवेट लिमिटेड शामिल हैं, जिसके साथ पंजाब में विश्वभर से निवेश हो रहा है।

# भारत ने तालिबान से सीधी बातचीत कर पाकिस्तान की पूरी चाल को ही उलट दिया

» नीरज कुमार दुबे

तालिबान ने अफगानिस्तान पर कब्जा तो कर लिया लेकिन देश का खाली खजाना देख उसके होश उड़ गये हैं। अपनी क्रूरता के लिए मशहूर तालिबान के नेता आजकल देश-देश घूम कर समर्थन मांग रहे हैं, अन्न मांग रहे हैं, कंबल मांग रहे हैं, दवाई मांग रहे हैं, पैसा मांग रहे हैं। तालिबान को यह भी चिंता है कि कब तक भूखे पेट उसके लड़ाके मैदान में डटे रहेंगे? तालिबान के सामने एक ओर आईएस के बढ़ते आतंकी हमलों को रोकने की चुनौती है तो दूसरी ओर भूख और सर्दी से बेहाल जनता की मदद कैसे की जाये यह उसके समझ नहीं आ रहा है। अमेरिका ने भले अफगानिस्तान को अधर में छोड़ दिया हो लेकिन संयुक्त राष्ट्र समेत अंतरराष्ट्रीय समुदाय अफगानिस्तान की जनता की बेहाली को देखते हुए उसकी मदद के लिए आगे आ रहा है। वाकई यह मदद जल्द नहीं की गयी तो अफगानिस्तान के हालात और बदतर हो जाएंगे। इसी बीच भारत सरकार ने अफगानिस्तान में तालिबान के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार से बातचीत करनी शुरू कर दी है लेकिन इस बातचीत से पाकिस्तान घबरा गया है। पाकिस्तान का घबराना स्वाभाविक भी है क्योंकि उसकी योजना थी तालिबान के जरिये कश्मीर में आतंकवाद फैलाने की लेकिन तालिबान को भी अच्छी तरह समझ आ रहा है कि अफगानिस्तान की मुश्किल समय में मदद भारत ही कर सकता है इसलिए तालिबान सरकार के प्रतिनिधियों ने भारत से वार्ता की है। क्या है अफगानिस्तान के मुद्दे पर ताजा अपडेट आइये जरा एक निगाह डालते हैं।

**भारत-तालिबान ने क्या बात की ?**

अफगानिस्तान की अंतरिम सरकार के उप प्रधानमंत्री अब्दुल सलाम हनफी के नेतृत्व में तालिबान के एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने रूस की राजधानी मास्को में एक भारतीय प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात कर विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। बैठक में भारत ने युद्ध से प्रभावित अफगानिस्तान को व्यापक मानवीय सहायता प्रदान करने की इच्छा व्यक्त की और खुद को इसके लिए पूरी तरह से तैयार भी बताया। रिपोर्टों के मुताबिक विदेश मंत्रालय के पाकिस्तान-अफगानिस्तान-ईरान प्रकोष्ठ के संयुक्त सचिव जेपी सिंह के नेतृत्व में भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने तालिबान के नेताओं से मुलाकात की। भारतीय प्रतिनिधिमंडल रूस के निमंत्रण पर बैठक में भाग लेने के लिए वहां गया था। माना जा रहा है कि भारत के पुराने और सबसे भरोसेमंद दोस्त रूस ने ही नई दिल्ली को तालिबान से वार्ता के लिए मनाया था।

तालिबान के प्रवक्ता जबीहउल्लाह मुजाहिद ने इस बैठक के बाद एक संक्षिप्त बयान में कहा कि दोनों देशों के प्रतिनिधिमंडल के बीच यह बैठक मास्को सम्मेलन से इतर हुई। हम आपको बता दें कि तालिबान के साथ भारत का पहला औपचारिक संपर्क 31 अगस्त को दोहा में हुआ था। हालांकि, इस सप्ताह बुधवार को हुई यह बैठक तालिबान द्वारा



पिछले महीने अंतरिम मंत्रिमंडल की घोषणा के बाद दोनों पक्षों के बीच पहला औपचारिक संपर्क था। भारत विगत में भी अफगानिस्तान को बुनियादी ढांचे के साथ-साथ मानवीय सहायता प्रदान करता रहा है और अब खाद्यान्न की मदद कर सकता है। इस बैठक के बारे में तालिबान के प्रवक्ता जबीहउल्लाह मुजाहिद ने कहा कि दोनों पक्षों ने एक-दूसरे की चिंताओं को ध्यान में रखने और राजनयिक तथा आर्थिक संबंधों में सुधार करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

**अब भारत और क्या करेगा ?**

अब भारत सरकार ने नवंबर में अफगानिस्तान के मुद्दे पर एक बैठक करने की घोषणा की है। इसके लिए, उसने पाकिस्तान, ईरान, उजबेकिस्तान, ताजिकिस्तान, चीन और रूस के सुरक्षा सलाहकारों को आमंत्रित किया है। हालांकि अभी यह देखना बाकी है कि पाकिस्तान इस निमंत्रण को स्वीकार करता है या नहीं। साथ ही यह भी देखना होगा कि राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों की इस बैठक में क्या कोई बड़ा फैसला हो पाता है? वैसे कोई बड़ा फैसला हो पाये या नहीं, भारत अफगानिस्तान की जनता की पहले की तरह मानवीय आधार पर और एक अच्छा पड़ोसी होने के नाते मदद जारी रख सकता है। तालिबान भी जानता है कि और कोई देश जो एक रुपये की भी मदद दे रहा है उसका कोई ना कोई स्वार्थ है लेकिन भारत तब भी निस्वार्थ भाव से मदद करता रहा है जब अफगानिस्तान में लोकतंत्र था और अब भी अन्न के लिए तरस रही अफगान जनता की मदद के लिए आगे आया है जब तालिबान का शासन है।

**पाकिस्तान के होश क्यों उड़े हुए हैं ?**

दूसरी ओर पाकिस्तान भारत और तालिबान की बैठक की खबरों से इतना घबराया कि उसके तो जैसे होश ही उड़ गये। इस बैठक के अगले दिन ही पाकिस्तान के विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी और खुफिया एजेंसी आईएसआई के प्रमुख फैज हमीद भागे-भागे तालिबान के नेतृत्व वाली अफगानिस्तान की अंतरिम सरकार के साथ वार्ता करने के लिए काबुल पहुंच गये। इस एक दिवसीय यात्रा के दौरान पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल ने अफगानिस्तान के कार्यकारी विदेश मंत्री अमीर खान मुत्तकी और अन्य तालिबान नेताओं के साथ वार्ता की। पाकिस्तानी नेताओं की इस यात्रा को तेहरान में अगले सप्ताह होने वाली अफगानिस्तान और रूस के पड़ोसी देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक से पहले काफी अहम माना जा रहा है।

**रूस ने अब तक क्या किया ?**

वहीं रूस ने भी अफगानिस्तान के मुद्दे पर जिस वार्ता की मेजबानी की, उसमें तालिबान और पड़ोसी देशों के वरिष्ठ प्रतिनिधि शामिल हुए। हम आपको बता दें कि रूस ने 2003 में तालिबान को आतंकवादी संगठन घोषित किया था, लेकिन इसके बावजूद वह इस समूह से संपर्क स्थापित करने के लिए वर्षों तक काम करता रहा। वैसे इस तरह के किसी भी समूह से संपर्क करना रूस के कानून के तहत दंडनीय है, लेकिन रूसी विदेश मंत्रालय ने मुद्दे पर विरोधाभास से संबंधित सवालों का जवाब देते हुए कहा है कि अफगानिस्तान में स्थिरता लाने में मदद के लिए तालिबान से बात करना आवश्यक है। हम आपको यह भी बता दें कि गत अगस्त में अफगानिस्तान पर तालिबान का कब्जा होने के बाद अन्य देशों से इतर रूस ने वहां काबुल स्थित अपने दूतावास को खाली नहीं किया और तभी से इसके राजदूत तालिबान के प्रतिनिधियों से लगातार मुलाकात करते रहे हैं। ह्मॉस्को फॉर्मेट्ह की बैठक में तालिबान और अफगानिस्तान के अन्य गुटों के प्रतिनिधियों के साथ ही चीन, भारत, पाकिस्तान, ईरान और पूर्ववर्ती सोवियत संघ राष्ट्रों के प्रतिनिधि भी शामिल हुए।

**छवि क्यों सुधारने में लगा है तालिबान ?**

दूसरी ओर यह भी लग रहा है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर समर्थन जुटाने की कवायद में जुटे तालिबान ने अपनी छवि बदलने की योजना बनाई है। इस बात के संकेत इससे भी मिलते हैं कि संयुक्त राष्ट्र के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा है कि तालिबान ने उन्हें बताया है कि वे ह्यद्याजल्दह्न ही यह घोषणा करेंगे कि सभी अफगान लड़कियों को माध्यमिक स्कूलों में पढ़ने की इजाजत होगी। पिछले सप्ताह काबुल की यात्रा पर गए संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) के उप कार्यकारी निदेशक उमर आब्दी ने संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में पत्रकारों को बताया कि अफगानिस्तान के 34 प्रांतों में से पांच प्रांतों- उत्तर पश्चिम में बल्ख, जौजजान और समंगान, उत्तर पूर्व में कुंदुज और दक्षिण पश्चिम में उरोजगान में पहले ही माध्यमिक स्कूलों में लड़कियों को पढ़ने की इजाजत है। उन्होंने कहा कि तालिबान के शिक्षा मंत्री ने उन्हें बताया कि वे सभी लड़कियों को छठी कक्षा से आगे अपनी स्कूली शिक्षा जारी रखने की अनुमति देने के लिए ह्यद्याएक रूपरेखाह्न पर काम कर रहे हैं, जिसे ह्यद्याएक से दो महीने के बीचह्न जारी किया जाएगा। हम आपको याद दिला दें कि अफगानिस्तान में तालिबान के 1996-2001 के शासन के दौरान लड़कियों और महिलाओं को शिक्षा के अधिकार से वंचित कर दिया गया था और उनके काम करने और सार्वजनिक जीवन पर रोक लगा दी गई थी। बहरहाल, अब देखना होगा कि अफगान संकट का पूरी दुनिया क्या हल निकालती है और यह भी देखना होगा कि संकट के समय तालिबान जो अपना बदला रूप दिखा रहा है क्या संकट दूर हो जाने पर कहीं वह अपना पुराना रौद्र रूप तो नहीं अपना लेगा?

## संपादकीय

# राष्ट्रपति और विपश्यना



राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कल पटना में कहा कि लोग यदि विपस्सना करें तो उनकी कार्यक्षमता और प्रेम में वृद्धि होगी। राजनेताओं के मुख से ऐसे मुद्दों पर शायद ही कभी कुछ बोल निकलते हैं। उनकी जिंदगी वोट और नोट का झांझ कूटते-कूटते ही निकल जाती है। रामनाथ कोविंद मेरे पुराने मित्र हैं। उनकी सादगी, विनम्रता और सज्जनता मुझे हमेशा प्रभावित करती रही थी। उसका रहस्य अब उन्होंने सबके सामने उजागर कर दिया है। वह है- विपस्सना, जिसका मूल संस्कृत नाम है- विपश्यना याने विशेष तरीके से देखना। किसको देखना? खुद को देखना! दूसरों को तो हम देखते ही रहते हैं लेकिन खुद को कभी नहीं देखते हैं। हां, कांच के आईने में अपनी सूरत जरुर रोज देख लेते हैं। सूरत तो हम देखते हैं लेकिन सूरत से कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण है- सीरत याने स्वभाव! अपने स्वभाव को देखने की कला है- विपश्यना! यह कला गौतम बुद्ध ने दुनिया को सिखाई है। बुद्ध के पहले भी ध्यान की कई विधियां भारत में प्रचलित थीं। उनमें से कई विधियों का अभ्यास बचपन में मैं किया करता था लेकिन आचार्य सत्यनारायणजी गोयंका ने यह चमत्कारी विधि मुझे सिखाई लगभग 21 साल पहले। गोयंकाजी मुझे अपने साथ नेपाल ले गए और बोले, ह्यआपको अब दस दिन मेरी कैद में रहना पड़ेगाह्न। उनके काठमांडो आश्रम में दर्जनों देशों के सैकड़ों लोग विपस्सना सीखने आए हुए थे। मैंने उन दस दिनों में मौन रखा, एक समय भोजन किया और लगभग दस-दस घंटे रोज विपस्सना की। जब मैं दिल्ली लौटा तो मेरी पत्नी डॉ. वेदवती ने कहा कि आप बिल्कुल बदले हुए इंसान लग रहे हैं। यही बात उस आश्रम में मुझे लेने आए मेरे मित्र और नेपाल के विदेश मंत्री चक्र बास्तोला ने कही। तीसरे दिन जब प्रधानमंत्री गिरिजाप्रसाद कोइराला से भेंट हुई तो उन्होंने बताया कि खुद नेपाल नरेश वीरेंद्र विक्रम शाह उस आश्रम में गए थे और वे स्वयं भी वहां रहना चाहते थे तो उन्होंने वही कमरा खुलवाकर देखा, जिसमें मैं दस दिन रहा था। राजा और रंक, कोई भी हो, विपश्यना मनुष्य को उच्चतर मनुष्य बना देती है। ऐसा क्या है, उसमें? वह सबसे सरल साधना है। आपको कुछ नहीं करना है। बस, आँख बंद करके अपने नथुनों को देखते रहिए। अपनी आने और जानेवाली सांस को महसूस करते रहिए। आपके चेतन और अचेतन और अवचेतन मन की सारी गांठें अपने आप खुलती चली जाएंगी। आप भारहीन हो जाएंगे। आपका मन आजाद हो जाएगा। आपको लगेगा कि आप सदेह मोक्ष को प्राप्त हो गए हैं। आचार्य गोयंका मुझे विस्तार से बताते रहते थे कि उन्हें बर्मा में रहते हुए विपस्सना की उपलब्धि अचानक कैसे हुई है। अब उनकी कृपा से ध्यान की यह पद्धति लगभग 100 देशों में फैल गई है। लाखों लोग इसका लाभ ले रहे हैं। उन्होंने मुंबई में एक अत्यंत भव्य पेगोडा 2009 में बनवाया था, जिसके उद्घाटन समारोह में मुझे भी निमंत्रित किया था। उनके परिनिर्वाण के कुछ दिन पहले मुंबई में उनके दर्शन का दुर्लभ सौभाग्य भी मुझे मिला था। मैं तो अपने मित्र भाई रामनाथजी से कहूंगा कि राष्ट्रपति पद की जिम्मेदारियों से मुक्त होने के बाद यदि वे अपना शेष जीवन विपश्यना के प्रसार में ही खपा दें तो उनका योगदान मानवता की सेवा के लिए अतुलनीय बन जाएगा।

# प्रकृति का तांडव, एक त्रासदी ?



नरेन्द्र भारती


> मानव को जीवन और मौत की परिभाषा सिखा दी है। यह प्रलय की आहट है। कुदरत ने भटक चुके मानव को पाप और पुण्य का अंतर समझा दिया है प्रकृति का एक संदेश है भटक चुके व अहंकारी इंसान के लिए जो कुदरत से खिलवाड़ करता था प्रकृति के प्रकोप से बचना है तो हमें अपनी जीवन शैली बदलनी होगी,छेड़छाड़ बंद करनी होगी।अगर अब भी मानव ने प्रकृति पर अत्याचार बंद नहीं किया तो प्रकृति अपना बदला लेती रहेगी और मानव को सबक सीखाती रहेगी। कुदरत का कहर बरपता रहेगा।यह प्रकृति का एक टरेलर ही है अगर अब भी मानव ने प्रकृति से छेड़छाड़ बंद नहीं की तो प्रकृति पूरी पिक्चर दिखएगी तब होश आएगा वक्त अभी संभलने का है।कहते है कि प्राकृतिक आपदाओं को रोक तो नहीं सकते परन्तु अपने विवेक व ज्ञान से अपने आप को सुरक्षित कर सकते है।गत वर्ष उत्तराखंड में प्रकृति का रौद्र तांडव हुआ था, एक अविस्मरणीय त्रासदी थी।प्रलय में असमय व अकाल ही निर्दोष लोग मारे गए थे।

देश में कभी भूकंप, कभी सुनामी, जैसी प्राकृतिक आपदाएं अपना जलवा दिखाती है तो कभी बाढ़ का रौद्र रुप जिदगियां लीलता है। प्रकृति रौद्र रुप दिखाकर तबाही मचा रही है। उतराखंड में प्रकृति मौत का तांडव कर रही है।दर्दनाक मौतें हो रही है। ताजा घटनाक्रम में उत्तराखंड में लगातार हो रही बारिश से बादल फटने से और भूस्खलन से 14 मजदूरों समेत 40 लोगों की

दर्दनाक मौतें हो गई।मजदूर जिंदा दफन हो गए।नदियों का जलस्तर खतरे के निशान पर आ गया है।प्रतिवर्ष लाखोंझारों लोग मारे जाते है। मानव भी प्रकृति से छेड़छाड़ करने से बाज नहीं आते जब प्रकृति अपना बदला लेती है तब लोगों को होश आता समय≤ पर भीषण त्रासदियां होती रहती है मगर हम आपदाओं से कोई सबक नहीं सीखते प्रकृति की इस त्रासदी से हर भारतीय गमगीन है। प्रकृति का यह तांडव थमने का नाम नहीं ले रहा है।कारें कागज की कश्तियों की तरह बह गईं। मकान पानी में डूब गए है।उतराखंड में प्रकृति ने पहले भी प्रलय की इबारत लिखी थी। चमोली जिला के तपोवन में ग्लेशियर टूटकर ऋषिगंगा नदी में गिरा था और तबाही का मंजर पल भर में लोगों को लील गया था। ऋषिगंगा नदी के किनारे रैणी गांव में ऋषिगंगा पावर प्रोजेक्ट तहस नहस हो गया था और दर्जनों लोगों की लीली था। 16 लोगों को एडीआरएफ ने बचा लिया था।204 लोग लापता हो गए थे। और 34 शव बरामद कर लिए थे।यह बहुत ही त्रासदी थी।पल भर में लोग बह गए और लापता हो गए थे।चमोली में लापता लोगों की तलाश के लिए अब जियोग्राफीकल स्कैनिंग की गई थी। गत 25 जुलाई 2021 को किन्नौर जिला के बटसेरी के गुसां के पास चटटाने गिरने से पर्यटकों की गाड़ी के भूस्खलन की चपेट में आने के कारण 9 पर्यटकों की दर्दनाक मौत हो गई थी जबकि तीन गंभीर रुप से घायल हो गए थे। बास्पा नदी पर बना पुल भी टूट गया था। साल 2020 में अम्फान चक्रवात ने पश्चिम बंगाल और उड़ीसा में तबाही मचा दी थी।80 लोग अकाल बेमौत मारे गए थे। लाखों लोग बेघर हो गए थे।पुल क्षतिग्रस्त हो गए थे।इलाके जल्मग्न हो गए थे। अक्तूबर 1999 में भी उड़ीसा में तूफान ने काफी तबाही मचाई थी। प्रकृति की इस विभिषिका में हजारों लोग अपंग हो गए थे। बच्चे अनाथ हो थे लाशे मलवे में दफन हो थी।2021 में हिमाचल में प्रकृति ने प्रलय की इबारत थी। किन्नौर से लेकर भरमौर तक प्रकृति मौत का तांडव मचाया था।सैंकड़ों लोगों की अकाल मौत हो गई थी। प्रकृति ने रौद्र रुप दिखाकर मानव को आगाह कर दिया है कि संभल जा अभी भी समय है।भूस्खलन व बाढ़ से चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी और 12 लोग लापता हो गए थे।धर्मशाला के भगसूनाग में भंयकर तबाही हुई थी।कुपवी में तीन मंजिला मकान जमींदोज हो गया था।कुदरत के इस कहर से हर हिमाचली दहशत में था।प्रकृति ने मानव को समय≤ पर आगाह किया मगर इंटरनेट की दुनिया के जाल में फंसा मानव खुद को प्रकृति से बड़ा मान लगा था उसे यह आभास नहीं था कि प्रकृति सबसे बड़ी गुरु है। प्रकृति ने बहुत कुछ सहा है। प्रकृति एक ऐसी देवी है जो भेदभाव नहीं करती प्रकृति के बिना मानव प्रगति नहीं कर सकता,प्रत्येक मानव को बराबर धूप व हवा व पानी दे रही है।मानव कृतध्न बनता जा रहा है।मानव ने स्वार्थों की पूर्ति के लिए प्रकृति को लहूलुहान किया है।आज प्रकृति ने अपना बदला ले लिया है। तबाही की इबारत लिख दी है।मानव का अहम मिटाकर रख दिया है।गलतफहमियों में जी रहे मानव आज प्रकृति के आगे नतमस्तक हो चुके है।अतीत में की गए कुकर्मो का पश्चाताप कर रहे है। चारों तरफ गंदगी है वातावरण अशुद्ध हो गया है।वातवरण कि शुद्धि के लिए प्रकृति मजबूर हो गई और मगरूर हो चुके इंसान का गुरुर तोड़ कर रख दिया है। अनजाने में हुई भूल को माफ किया जा सकता है मगर जानबूझकर की गई गलतियों की सजा प्रकृति ने मानव को दे दी है। मानव को जीवन और मौत की परिभाषा सिखा दी है।यह प्रलय की आहट है। कुदरत ने भटक चुके मानव को पाप और पुण्य का अंतर समझा दिया है प्रकृति का एक संदेश है भटक चुके व अहंकारी इंसान के लिए जो कुदरत से खिलवाड़ करता था प्रकृति के प्रकोप से बचना है तो हमें अपनी जीवन शैली बदलनी होगी,छेड़छाड़ बंद करनी होगी।अगर अब भी मानव ने प्रकृति पर अत्याचार बंद नहीं किया तो प्रकृति अपना बदला लेती रहेगी और मानव को सबक सीखाती रहेगी। कुदरत का कहर बरपता रहेगा।यह प्रकृति का एक टरेलर ही है अगर अब भी मानव ने प्रकृति से छेड़छाड़ बंद नहीं की तो प्रकृति पूरी पिक्चर दिखएगी तब होश आएगा वक्त अभी संभलने का है।कहते है कि प्राकृतिक आपदाओं को रोक तो नहीं सकते परन्तु अपने विवेक व ज्ञान से अपने आप को सुरक्षित कर सकते है।गत वर्ष उत्तराखंड में प्रकृति का रौद्र तांडव हुआ था, एक अविस्मरणीय त्रासदी थी।प्रलय में असमय व अकाल ही निर्दोष लोग मारे गए थे। कुछ बच गए थे कुछ लापता हो गए थे। प्रकृति समय पर आगाह करती रहती है मगर फितरती हो चुका मानव खुद को समझकार समझता है मगर प्रकृति ने एक छोटे से झटके से उसको औकात दिखा दी है।सरकारों ने मुआवजे की घोषणा कर दी है मगर मुआवजा इसका हल नहीं है।प्रकृति से खेलना बंद करना होगा।यह प्रलय निरंतर होते रहेंगे। हर त्रासदी के बाद बचाव पर चर्चा होती है मगर कुछ दिनो बाद जब जीवन पटरी पर चलने लग जाता है तो इन बातों को भूला दिया जाता है। अगर बीती त्रासदियों से सबक सीखा जाए तो आने वाले भविष्य को सुरक्षित कर लिया जा सकता है। मगर हादसों व आपदाओं से न तो लोग सबक सीखते है और न ही सरकारें सबक सीखती हैं। कुछ दिन सरकारी अमला औपचारिकता निभाता है और उसके बाद अगली घटना तक कोई कारगर उपाय नहीं किए जाते। सरकारों को इस आपदाओं पर मंथन करना चाहिए तथा शिविर लगाकर महानगरों, शहरों व गांवों के लोगों को जागरुक किया जाए। तभी तबाही से बचा सकता है देश में प्राकृतिक आपदाओं का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। प्रकृति का कहर अनमोल जिन्दगीयां लील रहा है। देश के हर राज्य में बरसात से त्रासदीयां हो रही है। इस विनाशकारी प्रकृति के कहर से जनमानस खौफजदा है। सरकार को चाहिए की प्रत्येक गांव से लेकर शहरो तक आपदा प्रबंधन कमेटियां गठित करनी चाहिए जिसमें डाक्टर नर्स व अन्य प्रशिक्षित स्टाफ रखना चाहिए, ताकि व त्वरित कारवाई करके लोगों को मौत के मुंह से बचा सके।अक्सर देखा गया है कि जब तक आपदा प्रबंधन की टीमें घटना स्थलों पर पहुचती है तब तक बची हुई सासें उखड़ जाती है लाशों के ढेर लग जाते है।अगर समय पर आपदा ग्रस्त लोगों को प्राथमिक सहायता मिल जाए तो हजारों जिदगियां बचाई जा सकती हैं। प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए सरकार को कालेजों व स्कूलों में भी माकड्रिल जैसे आयोजन करने चाहिए ताकि अचानक होने वाली आपदाओं से अपना व अन्य का बचाव किया जा सके।स्कूलो व कालेजों मे चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना व स्काउट एंड गाइड के स्वंयसेवियों को आपदा से निपटने के लिए पारंगत किया जाए।अगर यही स्वयसेवी अपने घर व गांवों में लोगों को आपदा से बचने के तरीके बताए तो काफी हद तक नुकसान को कम किया जा सकता है। सरकार को चाहिए कि आपदा से बचाव के लिए प्रत्येक विभाग के कर्मचारियों को पूर्वाभ्यास करवाया जाए ताकि समय पर काम आ सके।पुलिस व अग्निशमन के कर्मचारियों को भी समय पर ऐसे आयोजन करते रहना चाहिए।अगर सभी लोग आपदा से बचाव के तरीके समझ जाएगें तो तबाही कम हो सकती है।



# पीएम का जवाब



सिद्धार्थ शंकर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को देश को संबोधित किया। दिवाली से पहले दिए 20 मिनट के संबोधन में मोदी का ज्यादातर फोकस कोरोना वैक्सीन के 100 करोड़ डोज पूरे होने और महामारी से निपटने के तरीकों पर रहा। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने एक संदेश भी दिया कि महामारी के वक्त जो सवाल उठे थे, देश ने उनके जवाब दे दिए हैं। साथ ही साथ उन्होंने अर्थव्यवस्था, किसानों और त्योहारों का भी जिक्र किया, तो मास्क को लेकर नया मंत्र भी दिया। संबोधन की शुरूआत वेद वाक्य से करते हुए मोदी ने कहा, कृतं मे दक्षिणे हस्ते जयो मे सव्य आहित:...इसे भारत के संदर्भ में देखें तो हमारे देश ने एक तरफ कर्तव्य का पालन किया तो उसे बड़ी सफलता भी मिली। कल भारत ने 100 करोड़ वैक्सीन डोज का कठिन लेकिन असाधारण लक्ष्य प्राप्त किया है। इसके पीछे 130 करोड़ देशवासियों की शक्ति लगी है। यह हर देशवासी की सफलता है। यह केवल एक आंकड़ा नहीं है। यह देश के सामर्थ्य का प्रतिबिंब है। यह उस नए भारत की तस्वीर है जो कठिन लक्ष्य हासिल करना चाहता है। जो अपने संकल्प की सिद्धि के लिए परिश्रम की पराकाष्ठा करता है। मोदी ने संबोधन में विपक्ष को भी करारा जवाब दिया, जो महामारी की शुरूआत से लेकर वैक्सीन के महारिकॉर्ड बनने तक सवाल उठा रहा था। पीएम ने कहा कि 100 करोड़ वैक्सीन का लक्ष्य सभी के प्रयास से संभव हो पाया है। इसमें हर उस व्यक्ति की भागीदारी है जो आगे आया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के इस प्रयास की दुनियाभर में सराहना हो रही है, लेकिन इस विश्लेषण में एक बात छूट जाती है कि दुनिया के लिए वैक्सीन खोजना और दुनिया की मदद करना। इसमें विदेश की महारत है। हम इनकी



बनाई वैक्सीन ही इस्तेमाल करते रहे। जब भारत में सदी की सबसे बड़ी महामारी आई तो सवाल उठा कि क्या भारत इससे लड़ पाएगा। वैक्सीन खरीदने का पैसा कहां से आएगा। क्या कल्चर हावी न हो। कोई कितने ही बड़े पद पर क्यों न रहा हो, कितना ही धनी क्यों न रहा हो, उसे वैक्सीन सामान्य नागरिकों की तरह ही मिलेगी। प्रधानमंत्री बोले कि यह भी कहा जा रहा भारत इतने लोगों को टीके लगा पाएगा। भांति-भांति के सवाल थे, लेकिन आज यह 100 करोड़ वैक्सीन डोज सबके जवाब दे रहा है। भारत ने यह 100 करोड़ वैक्सीन डोज लगाई है और वह भी मुफ्त। एक सबसे खास बात, जिसे पीएम ने अब कही, मगर देश कबसे महसूस कर रहा था। वैक्सीन लगाने में किसी तरह का आम और खास का वातावरण नहीं बनने दिया गया। गांव, शहर, सुदूर देश का एक ही मंत्र रहा कि वैक्सीन भेदभाव नहीं करती तो वैक्सीनेशन में भी भेदभाव नहीं हो सकता। ये सुनिश्चित किया गया कि वैक्सीनेशन अभियान पर वीआईपी था कि यहां लोग टीका लगवाने आएंगे ही नहीं। दुनिया के कई देशों में यह बड़ी चुनौती बन गई है, लेकिन भारत ने 100 करोड़ वैक्सीन डोज लगाकर सबको निरुत्तर कर दिया है। हमने महामारी के खिलाफ देश की लड़ाई में जन भागीदार को फर्स्ट लाइन ऑफ डिफेंस बनाया। हमने ताली थाली बजाई तब कुछ लोगों ने कहा था कि क्या इससे बीमारी भाग जाएगी, लेकिन उससे एकजुटता की ताकत दिखी। उसी शक्ति ने इस देश को आज 100 करोड़ तक पहुंचाया है। मोदी ने कहा कि भारत का पूरा वैक्सीनेशन प्रोग्राम वैज्ञानिक आधार पर जन्मा है और पनपा है और वैज्ञानिक आधार पर चारों दिशा में पहुंचा है। हमारा पूरा वैक्सीनेशन प्रोग्राम साइंस बाउंड और साइंस बेस्ड रहा है। इस अभियान में हर जगह साइंस और साइंटिफिक एप्रोच शामिल रही है। चुनौती भी थी कि इतनी बड़ी आबादी, इतने दूर दराज के इलाकों में समय से वैक्सीन पहुंचाया जाए, देश ने वैज्ञानिक तरीकों से इसके समाधान तलाशे। किस इलाके में कब और कितनी वैक्सीन पहुंचनी चाहिए इसके लिए भी वैज्ञानिक फॉर्मूले का उपयोग हुआ।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक संजय कुमार उपाध्याय द्वारा विवेक पब्लिसर्स, ए 16, सेक्टर 7, नोएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश, से मुद्रित एवं 203 एफ 32, विजय ब्लॉक लक्ष्मी नगर, दिल्ली -11 00 92 से प्रकाशित। सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही किया जाएगा। संपादकः संजय कुमार उपाध्याय। मो.: 8700635881, आर.एन.आई नं. DELHI/2019/78266

## संक्षिप्त समाचार

### बरियारपुर पश्चिमी में सड़क किनारे खड़ी बाइक की हुई चोरी

मदरलैण्ड संवाददता, बेगूसराय। शनिवार की दोपहर बरियारपुर पश्चिमी पंचायत के मटकोरा टोला से उत्तर सड़क किनारे खड़ी बाइक की चोरी हो गयी. बरियारपुर पश्चिमी गांव निवासी बाईक चालक प्रेमचंद कुमार ने बताया कि बाइक सड़क किनारे लगाकर खेत में आवश्यक काम कर रहे थे.आधे घंटे के बाद वापस लौटने के क्रम में बाइक बीआर9डी 6993 गायब मिली.तब जाकर गाड़ी की आस-पास में काफी खोजबीन की, परंतु कुछ भी पता नहीं चल सका.बाईक चालक प्रेमचंद प्राथमिक विद्यालय सुबी टोल में प्रभारी प्रधानाध्यापक के पद पर कार्यरत हैं.उन्होंने बताया की घटना की लिखित सूचना खोदावन्दपुर पुलिस को भी दे दी गयी है।

### राजद विधायक सुधाकर सिंह ने किया भुना पंयायत में डोर टू डोर जनसंपर्क



मदरलैण्ड संवाददता, पटना। राजद के हर घर जनसम्पर्क अभियान के तहत तारापुर विधानसभा के भुना पंचायत के कई गांवों में राजद प्रत्याशी अरूण कुमार साह के लिए राजद के रामगढ विधायक सुधाकर सिंह ने डोर टू डोर जनसंपर्क किया, और लोगों को राजद के पक्ष में बोट करने की अपील की,वही राजद प्रवक्ता नीरज राय ने टेटिया बम्बर पंचायत के काई गांव में लोगों से जनसंपर्क किया, और राजद के पक्ष में वोट करने की अपील की, आपको बताते चलें कि बिहार उपचुनाव तारापुर विधानसभा 30 अक्टूबर को वोटिंग होनी है, इसे लेकर सारी पार्टिया जोर शोर से लगी है।

### प्रवासी मजदूरों के लिए देश के सभी जिलों में श्रम कल्याण विभाग कार्यालय स्थापित करें अनीसुर रहमान



मदरलैण्ड संवाददता, बेतिया। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री बिहार सरकार के नाम पत्र में बिहार प्रदेश कांग्रेस डेलीगेट के वरिय नेता जनाब अनीसुर रहमान ने कहा है कि आज बिहार में रोजगार के अभाव में करोड़ों मजदूर देश के कोने – कोने में रोजी रोजगार के लिए जा रहे हैं। लेकिन अपने यहां से बाहर जाने वाले प्रवासी मजदूरों के जीवन में रोज ब रोज कई तरह की समस्याएं आती रहती है, मजदूरों की मजदूरी मारी जाने, अमानवीय स्थिति में काम करने, बिहारी के नाम पर तरह-तरह की प्रताड़ना व उत्पीड़न झेलने, बीमार पड़ने या दुर्घटना के बाद असहाय स्थिति में चले जाने जैसी अनेकों समस्याएं उनके सामने है।हाल की घटनाओं का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकारों की आपदा प्रबंधन के मामले में मजदूरों के प्रति असंवेदनशील रवैया के चलते कोरोना काल में मजदूरों की भूख से मौत से लेकर पैदल घर वापसी में सड़क – रेल दुर्घटनाओं में मौत की घटनाएं सामने है।अभी काश्मीर मे बिहारी मजदूरों की हत्या, फिर वहां से पलायन, तथा उत्तराखंड के नैनीताल भूस्खलन में मृतक मजदूरों के शवों को निकलवाने में उत्तराखंड सरकार तभी तेज हो पाई जब पश्चिमी चंपारण के जिला अधिकारी समेत कई पदाधिकारी विशेष रूप से लग सके। जबकि उत्तराखंड का भूस्खलन राज्य व्यापी और कई जगह वाला नहीं था तब भी मलवे से शवों को निकालने में 6 दिन लग गया, इसी तरह मजदूरी डूबने से लेकर हर मामले में प्रवासी मजदूरों के मामले से वहां कि राज्य सरकारें और प्रशासनिक ढांचा कोई मदद नहीं कर पाता है। कांग्रेस नेता जनाब अनीसुर रहमान ने राज्य व केन्द्र सरकार से मांग करते हुए कहा है कि आज देश में प्रवासी मजदूरों के संरक्षण के लिए राष्ट्रीय स्तर पर कानून बनाना चाहिए और प्रशासनिक तौर पर बिहार सरकार देश के सभी जिलों में बिहार प्रवासी मजदूर कल्याण कार्यालय स्थापित करने तथा बिहार सरकार कमसेकम 5 लाख मुआवजा राशि की पहल करें।

### संयुक्त राष्ट्र संघ का स्थापना दिवस मनाया गया: बथनाहा




मदरलैण्ड संवाददता,फारबिसगंज। फारबिसगंज प्रखंड अंतर्गत कोशी शिविर बथनाहा स्थित 'भगवती मंदिर' के प्रांगण में 'पंचवटी' सा० मंच के द्वारा संयुक्त राष्ट्र संघ स्थापना दिवस आशु कवि सुरेश कंठ की अध्यक्षता में मनाया गया और कार्यक्रम का संचालन दिलीप समदर्शी सचिव ने किया । कार्यक्रम में सर्वप्रथम सभाध्यक्ष श्री कंठ जी ने अपने संबोधन में कहा कि – संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना आज ही 24/10/1945 को हुई थी। जिसका प्रधान कार्यालय 'न्यूयॉर्क' में है और अभी इसके सदस्यों की संख्या 193 है। इसके प्रमुख अंग है– महासभा, सुरक्षा परिषद्, आर्थिक और सामाजिक परिषद,, अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय, न्याय परिषद् एवं सचिवालय इसके अलावा इसके विशिष्ट अभिकरण भी है। वहीं समदर्शी जी ने गीत गजल, के साथ कविता पाठ भी किया। मौके पर मंच के सदस्य गण– दानी चौधरी, डॉक्टर निर्मल कुमार, पंडित विश्वनाथ प्रसाद, कमल किशोर झा, नरेंद्र कुमार सिंहा, कृष्णानंद ठाकुर, ठाकुर प्रसाद शर्मा,गुंजेश रंजन,शिप्रा कुमारी,स्वर्णा शैली उपस्थित थे। धन्यवाद

## लालू के बयान को कांग्रेस-जदयू ने बताया दलित का अपमान, पप्पू यादव बोले- भाजपा की ही 'बी' टीम राजद

» मदरलैण्ड संवाददता



पटना। बिहार में कहने को तो विधानसभा की दो सीटों पर उपचुनाव हो रहा है, लेकिन राजद और कांग्रेस के बीच गठबंधन टूटने के बाद बिहार के सियासी चौसर पर शह और मात का बड़ा खेल शुरू हो चुका है. दिल्ली से पटना पहुंचने से पहले ही कांग्रेस प्रभारी पर व्यक्तिगत और आपत्तिजनक शब्द बोलकर राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद विरोधियों के निशाने पर आ चुके हैं.कांग्रेस और जदयू ने लालू प्रसाद के बयान को दलित विरोधी करार दिया है, जबकि जाप प्रमुख पप्पू यादव ने कहा है कि राजद अब भाजपा की ही बी टीम है. भाजपा इस पूरे मामले में खामोश है. भाजपा की ओर से लालू प्रसाद के बयान पर कोई प्रतिक्रिया अब तक नहीं आयी है. जदयू की ओर जरूर मंत्री अशोक चौधरी ने लालू के बयान की निंदा की है. उन्होंने कहा है कि राजनीति में वैचारिक मतभेद होते हैं, लेकिन किसी के मान-सम्मान को ठेस नहीं पहुंचाना चाहिए. कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता भक्तचरण दास के बारे में जो बातें लालू प्रसाद ने कहीं हैं, वो उनका दलितों के प्रति नकारात्मक और ओछी सोंच को दिखाता है. राजद के लिए परिवार से बढ़ कर और कुछ नहीं है. दलित उनके लिए सिर्फ एक वोट बैंक है. श्री चौधरी ने कहा कि लालू प्रसाद के दलित विरोधी बयान की मैं कड़े शब्दों में निंदा करता हूं।

जाप प्रमुख पप्पू यादव ने भी लालू के बयान की निंदा की है. उन्होंने कहा है कि लालू प्रसाद की सच्चाई भक्तचरण दास बता दी है. इसी लिए वो लालू प्रसाद के निशाने पर हैं. पप्पू ने कहा कि भाजपा की बी टीम में बेचैनी साफ दिख रही है. वह राजग के बजाय कांग्रेस पर हमलावर है. लालू प्रसाद यह नहीं समझ पा रहे हैं कि ड्राइंग रूम में बैठ टिकट बेच राजनीति करने वालों के दिन लद गये हैं. अब जो सड़क पर संघर्ष करेगा उसे ही बिहार स्वीकार करेगा. बिहार के उपचुनाव में कांग्रेस उम्मीदवारों अतिरेक कुमार एवं राजेश मिश्रा की जीत तय है.इधर, कांग्रेस नेता प्रवीण सिंह कुशवाहा ने कहा है कि लालू यादव हमेशा से दलितों का अपमान करते आये हैं. अखिल भारतीय कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य प्रवीण सिंह कुशवाहा ने कहा कि लालू यादव हमेशा से दलितों का अपमान करते रहे हैं, चाहे वो राम सुंदर दास हों या रामविलास पासवान. लालू यादव दलित नेताओं को काली बिलार, मौसम वैज्ञानिक और अब भकचोनर जैसे अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल कर अपनी दलित विरोधी मानसिकता का परिचय हर समय दिया हैं। भक्त चरण दास के लिए अपमानजनक शब्द कहने से यह तय हो गया कि उनमें कोई बदलाव नहीं आया है. प्रवीण कुशवाहा ने कहा कि लोकसभा चुनाव में शून्य पर आउट होने वाली राजद हमें राजनीति का पाठ ना पढ़ाए. हम सब लोग जानते हैं कि लालू यादव को कैसे जमानत मिली. महागठबंधन तोड़ कर लालू यादव उसी का भुगतान कर रहे हैं।

## अखंड सौभाग्य के वरदान और पति पत्नी में समानता के प्रतीक का पर्व करवा चौथ सुहागिन महिलाओं ने हर्षोल्लास के साथ मनाया

» मदरलैण्ड संवाददता



अररिया। करवा चौथ का पर्व 24 अक्टूबर रविवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस व्रत के लिए महिलाएं कई दिनों पहले से तैयारियां में जुटी थी। रविवार को संध्या में शेखपुरा की संगीता यादव, नेहा करण, स्वीटी यादव आदि ने खूब सज-संवर कर हथेली पर खूबसूरत मेहंदी लगा कर पूरा दिन निर्जला उपवास रख कर पति की लंबी आयु ,उन्नति-प्रगति की कामना के लिए करवा चौथ की पूजा की एवं गीत गा कर शाम को चंद्रोदय के बाद अर्घ्य दिया। और फिर चलनी से पति का चेहरा देखी। तत्पश्चात पति के हाथों से पानी पी कर इस व्रत का पारण किया। करवा चौथ के दिन महिलाएं कहीं ग्रुप में तो कहीं परिवार संग पूजा करते नजर आयीं। इस साल करवा चौथ पूजा का शुभ मुहूर्त शाम 06 बजकर 55 मिनट से लगभग 9 बजे तक का था। हालांकि इस बार करवा चौथ का व्रत कुछ खास था क्योंकि इस बार पूजन रोहिणी नक्षत्र और वरियान योग में किया गया। इस बार रविवार होने के कारण व्रती महिलाओं को सूर्य देव का आशीर्वाद भी मिला।

● सुहागिन महिलाएं अपने पति के लंबे उम्र के लिए की करवा चौथ का व्रत

**चांद का महिलाएं करती हैं इंतजार।**

करवा चौथ के दिन चांद को अर्घ्य देने के बाद हीं यह व्रत पूरा होता है इसलिए इन दिन सबसे ज्यादा इंतजार चांद का होता है।

## तेज का तेजस्वी पर हमला, बोले- बच्चों के साथ मछली पकड़े की जगह उन्हें कलम-किताब बांटना चाहिए

» मदरलैण्ड संवाददता



पटना। राष्ट्रीय जनता दल सुप्रीमो लालू प्रसाद चाहे दोनों बेटों के बीच मतभेदों को यह कह कर टाल दें कि दोनों उनके बेटे हैं, लेकिन परिवार में जारी शीत युद्ध अपने चरम पर है. लालू प्रसाद के पटना लौटने से चंद घंटे पहले तेजप्रताप यादव ने एक बार फिर छोटे भाई तेजस्वी पर हमला किया है.चुनाव प्रचार के दौरान तेजस्वी यादव के मछली मारने पर तेजप्रताप ने कहा कि तेजस्वी को बच्चों के साथ मछली मारने की जगह उन्हें कलम-किताबें देनी चाहिए. तेजप्रताप ने कहा कि बड़े भाई होने के नाते मैं कहना चाहता हूं कि तेजस्वी को अगर बिहार का सीएम बनना है, तो उनको इस तरह के कार्यों से बचना चाहिए.

तेजप्रताप यादव ने माना कि बिहार में कांग्रेस की स्थिति ठीक नहीं है और विधानसभा चुनाव में 70 सीट देने पर भी उनका परिणाम अच्छा नहीं रहा, लेकिन साथ ही ये भी कहा कि अगर बिहार में सरकार बनानी है, तो कांग्रेस को साथ लेकर चलना चाहिए था.

तेज ने कहा कि गठबंधन से अलग होने से पहले हमें पुराने रिश्ते को याद रखना चाहिए था. कन्हैया के मसले पर तेजप्रताप ने कहा कि मैं उनसे ज्यादा प्रभावित नहीं रहता, वो आगे बढ़ रहे हैं ये अच्छा है. तेजप्रताप यादव ने यही भी कहा कि वो उपचुनाव में प्रचार करने के लिए तैयार हैं. पहले तारापुर का प्लान है फिर कुशेश्वरस्थान भी जाना है.

## नुक्कड़ नाटक बना चुनाव प्रचार का सशक्त माध्यम

» मदरलैण्ड संवाददता



पटना। बिहार उपचुनाव तारापुर विधानसभा के दौरान राजनीतिक दलों के उम्मीदवारों द्वारा मतदाताओं को लुभाने के लिए विभिन्न प्रकार के उपायों का प्रयोग किया जा रहा है। इनदिनों चुनाव प्रचार में नुक्कड़ नाटक एक सशक्त माध्यम बनता दिख रहा है जो आम लोगों को अपनी ओर आकर्षित करने में कामयाब हो रही है। राजद के सांस्कृति प्रकोष्ठ की तरफ से तारापुर विधानसभा क्षेत्र के राजद प्रत्याशी अरूण कुमार साह के पक्ष में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्रचार अभियान चलाया जा रहा है। गत रविवार को तारापुर के मुख्य बाजार में राजद सांस्कृति प्रकोष्ठ के सदस्यों द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से क्षेत्र में राजद पार्टी और उनके प्रत्याशी के बारे में लोगों को बताया जाता रहा तथा उनके पक्ष में पुनः मतदान की अपील की जा रही है। कलाकारों द्वारा दी गई प्रस्तुति को लोगों ने उन्मुक्त कंठ से सराहा भी तथा कलाकारों द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किए जा रहे चुनाव प्रचार की प्रशंसा भी किया है। दूसरे दल के लोग भी कलाकारों की कला को सराहा है । कई दूसरे प्रत्याशी गण प्रचार के लिए सोशल मीडिया का उपयोग कर रहे हैं ।प्रचार का यह साधन युवाओं में ज्यादा लोकप्रिय होता दिख रहा है ।दूसरी ओर सघन जन संपर्क अभियान का भी चलन तेजी से फैला है तथा चुनाव में भाग्य आजमा रहे लगभग सभी प्रत्याशी सघन जन संपर्क अभियान को ज्यादा तरजीह देकर मतदाताओं को अपनी ओर आकर्षित करने में लगे हैं परन्तु मतदाताओं की चुप्पी हर किसी के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है।

### चित्रगुप्त पूजा में दिखेगी कायस्थ समाज की एकजुटता पूर्व सांसद आरके सिन्हा

## पूर्व सांसद आरके सिन्हा की अध्यक्षता में हुई बैठक में पूजा को सामूहिक स्वरूप देने का हुआ फैसला

### श्री आदि चित्रगुप्त मंदिर के घाट पर होगा सभी प्रतिमाओं का विसर्जन

» मदरलैण्ड संवाददता



पटना। कार्तिक शुक्लपक्ष द्वितीय यानि आगामी 6 नवम्बर को आयोजित होने वाली चित्रगुप्त पूजा की तैयारियां पूरे जोरशोर से शुरू कर दी गई है। रविवार को भाजपा के संस्थापक सदस्य और पूर्व सांसद आरके सिन्हा की अध्यक्षता में उनके पाटलिपुत्र कॉलोनी स्थित आवास अन्नपूर्णा में राजधानी पटना के दानापुर से लेकर पटना सिटी तक की विभिन्न चित्रगुप्त पूजा समितियों की एक बड़ी बैठक का आयोजन किया गया।

इस बैठक में सभी चित्रगुप्त पूजा समितियों ने भगवान चित्रगुप्त की सभी मूर्तियों को सामूहिक रूप से पटना सिटी के नौजर घाट स्थित श्री आदि चित्रगुप्त मंदिर के घाट से विसर्जित करने का निर्णय लिया है। इतना ही नहीं, चित्रगुप्त पूजा को लेकर पूरे पटना शहर को तोरणद्वारों से सजाने का भी फैसला लिया गया है। साथ ही चित्रगुप्त पूजा को पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाने के लिए कई समितियों का भी गठन किया गया है। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के शिक्षा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष एवं से चित्रगुप्त आदि मंदिर के कार्यकारी अध्यक्ष निर्मल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि भगवान चित्रगुप्त की सभी प्रतिमाओं का विसर्जन धूमधाम से किया जाएगा। सामूहिक विसर्जन समिति के संयोजक सुजीत कुमार वर्मा ने पूरे क्षेत्र को 5 जोन में विभक्त किये जाने की बात कही। इसके लिए सभी क्षेत्र के प्रभारी के साथ दो-दो सह प्रभारी बनाए गए हैं। अमिताभ, संजय कुमार सिन्हा को सह संयोजक एवं शालिनी सिन्हा को महिला सह संयोजक मनोनीत किया गया है। डॉ. प्रमोद कुमार सिन्हा, मनोज कुमार मनोज, अपल्लेंद सिन्हा अप्पू, शैलेंद्र नारायण सोनू एवं राकेश रंजन अधिवक्ता को इन सभी क्षेत्रों का प्रभारी तथा अनूप कुमार, अभिषेक सोनू, राजेश कुमार सिन्हा, योगी विश्वरूपम, संजय कुमार श्रीवास्तव, रूपेश सिन्हा, रंजन श्रीवास्तव, अंजनी कुमार सिन्हा, नवीन सिन्हा एवं अरुण कुमार को सह प्रभारी बनाया गया। आशुतोष नारायण सिन्हा को परामर्शदा समिति का अध्यक्ष, मनोज कुमार अधिवक्ता एवं अलका श्रीवास्तव को सदस्य बनाया गया है। इसी प्रकार नवीन सिन्हा अधिवक्ता को विधि-व्यवस्था का प्रभारी, आशीष सिन्हा को युवा ब्रिगेड का प्रभारी, सतीश राजू को जनसंपर्क का प्रभार, मनीष किशोर को मीडिया का प्रभार, मनीषा श्रीवास्तव को सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रभारी, युगल किशोर वर्मा को भोजन व्यवस्था का प्रभार सौंपा गया है। बैठक में राज्य के पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन, कुम्हरार विधायक अरुण सिन्हा, जदयू नेता रणबीर नंदन, वार्ड पार्षद डॉ. अशीष, संजीत बबलू, संजीव आनंद, माला सिन्हा, श्री चित्रगुप्त आदि मंदिर के महासचिव सुदामा सिन्हा, कुमार अनुपम, आनंद कुमार, प्रवीण कुमार के अलावा कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनसाही के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी का विदाई समारोह आयोजित



» मदरलैण्ड संवाददता

कटिहार। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनसाही के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. उर्मी पोद्दार का पूर्णिया मेडिकल कॉलेज पूर्णिया में प्रोफेसर के पद पर नियुक्त हो जाने पर विदाई समारोह आयोजित की गई । वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनसाही के डॉक्टर प्रेम राज को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी का प्रभार दिया गया । इस मौके पर प्रोफेसर डॉक्टर उर्मी पोद्दार ने बताया कि मेरा पूर्णिया मेडिकल कॉलेज पूर्णिया में प्रोफेसर के पद पर नियुक्ति हो जाने पर मनसाही में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के पद पर डॉ. प्रेम राज को प्रभार दिए हैं। वहीं नवनियुक्त प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर प्रेम राज ने कहा कि प्रभारी मैडम डॉक्टर उर्मी पोद्दार का 15 माह का कार्यकाल बहुत अच्छा रहा सभी कर्मी के साथ मिलकर कार्य किए इनका कार्य सराहनीय रहा। इस अवसर पर क्लर्क पुष्कर राज लेखापाल अनिमेष कुमार एएनएम शबाना आजमी ,सेजल जायसवाल ,निशा कुमारी, शबनम कुमारी,स्वास्थ्य कर्मी में विजय कुमार ऋषि ,कमल किशोर झा ,पिकेश कुमार ,जयमाला देवी ,राकेश कुमार,सकलदेव रविदास,प्रमोद कुमार पोद्दार,विकास कुमार पासवान,मनोरमा देवी,संजीव कुमार, राजेश कुमार मंडल,चंदन कुमार रजक आदि मौजूद थे।

## अचानक लगी आग में घर सहित लाखों सामान जल हुआ राख



» मदरलैण्ड संवाददता

कटिहार। बारसोई के आबादपुर थाना क्षेत्र के शिकारपुर पंचायत अंतर्गत शिकारपुर गांव वार्ड नंबर 3 में स्कूल के रसोइए आनो बेगम के घर में अचानक आग लग गई देखते ही देखते आग की लपटें इतनी तेज थी कि घर को जलाकर राख में तब्दील कर दिया। तब तक एक ही परिवार के तीन घर जल चुके थे घर के सारे सामान अनाज कपड़ा घर के फर्नीचर भी जलकर राख हो गए स्थानीय ग्रामीण की सूझबूझ से कड़ी मशक्कत के बाद आग में काबू पाया गया वही इस संबंध में पीड़ित आनो बेगम रोते बिलखते हुए कहा कि मेरी सारी मेहनत और सपने चूर चूर हो गए घर के एक भी सामान नहीं बचा मेरा आशियाना राख में तब्दील हो गया आखिरकार रहेंगे तो कहां रहेंगे यह कहते हुए फूट-फूट कर रोने लगी। वही इस संबंध में मोहम्मद मनोवर, मोहम्मद मस्तान, अब्दुल खालेक ने बताया कि आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो पा रहा है आनो बेगम स्कूल में रसोईया का काम करती है इसी से अपने परिवार का पालन पोषण करती थी लेकिन आग ने उनकी आशियाना को जलाकर राख में तब्दील कर दिया घर के कुछ भी सामान नहीं बचे सब जलकर राख हो गया । आग लगने की सूचना अंचल पदाधिकारी अमर कुमार राय को दूरभाष पर व्यापार मंडल के अध्यक्ष मोहम्मद जिन्ना ने दीया तथा तुरंत पीड़ित परिवार को जांच उपरांत मुआवजा देने की मांग की वही इस संबंध में अंचल पदाधिकारी अमर कुमार राय ने हल्का कर्मचारी को घटनास्थल में पहुंचकर घटनास्थल का जायजा लेकर तुरंत रिपोर्ट देने को कहा श्री राय ने कहा कि जांच रिपोर्ट आते ही पीड़ित परिवार के खाते में सरकार के गाइडलाइन अनुसार मुआवजा राशि दे दी जाएगी।

## माधोपुर मदरसा मतदान केन्द्र पर घोर अव्यवस्था के बाबजूद शांतिपूर्ण मतदान

» मदरलैण्ड संवाददता



कटिहार। बलरामपुर प्रखंड अंतर्गत कमरा पंचायत के माधोपुर ग्राम स्थित सरकारी मदरसा में पंचायत चुनाव को लेकर दो मतदान केंद्र बनाए गए थे। जबकि इस सरकारी मदरसा में भवन सहित कई मूलभूत सुविधाएं घोर अभाव है। जिसके कारण मतदाता सहित मतदान कर्मी को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ा ।सरकारी मदरसा में मात्र 2 कमरे हैं। दोनों कमरे में मतदान केंद्र संख्या 84 एवं मतदान केंद्र संख्या 85 का संचालन किया गया। मदरसे में फर्नीचर का घोर कमी देखा गया। टेबल, कुर्सी, बेंच डेक्स नहीं रहने के कारण आसपास के ग्रामीणों का सहयोग लिया गया। मतदान कर्मियों को मतदान कार्य में परेशानी का सामना करना पड़ा। मतदान केंद्र में प्रशासनिक उपेक्षा के कारण किसी भी प्रकार की सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई थी ।मतदान केंद्र पर चिलचिलाती धूप में बड़ी संख्या में वृद्ध एवं महिला मतदाता को चालचिलाती धूप में काफी परेशानी हुई। मतदान केंद्र परिसर में छाया के लिए कोई ट्रेन्ट की व्यवस्था नहीं की गई थी। ना बैठने की दरी या कुर्सी की भी इंतजाम नहीं किया गया था ।पेयजल का भी पुख्ता इंतजाम नहीं किया गया था। जिसके कारण मतदाताओं को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ा। सरकारी मदरसा सुरक्षा की दृष्टि से भी काफी सनसेटिंभ देखा गया। मदरसा में चारदीवारी नहीं है। मदरसा भवन के चारों तरफ घना जंगल, बगीचा है ।सड़क नहीं रहने के कारण आवागमन में भी काफी कठिनाई का सामना करना पड़ा। 2-2 मतदान केंद्र पर मात्र एक पुलिस पदाधिकारी और 3 जवान के भरोसे मतदान कार्य का संचालन किया गया। जो सुरक्षा की दृष्टि से कतई उचित प्रतीत नहीं होता है। मतदान कर्मियों ने अपनी साहस एवं बहादुरी, निर्भीक होकर विषम परिस्थिति में भी शांतिपूर्ण वातावरण में मतदान कार्य को संपन्न कराया। हालांकि मतदान कार्य को शांतिपूर्ण संपन्न कराने में स्थानीय लोग एवं मतदाता का भी भरपूर सहयोग रहा। मतदान केंद्र परिसर में पेयजल की व्यवस्था नहीं रहने के कारण मतदान कर्मियों को पेयजल के लिए काफी कठिनाई का सामना करना पड़ा ।मतदान केन्द्र के आसपास मार्केट नहीं रहने के कारण मतदान कर्मियों को चाय, नाश्ता एवं भोजन भी नसीब नहीं हुआ। भूखे रहकर मतदान कार्य को संपादित कराया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### तीन दिवसीय ज्ञान यज्ञ सत्संग का अयोजन: सोनापुर




मदरलैण्ड संवाददता, नरपतगंज। नरपतगंज प्रखंड के संतमत सत्संग मंदिर सोनापुर बाजार में सोमवार, मंगलवार एवं बुधवार को तीन दिवसीय ज्ञान यज्ञ सत्संग का अयोजन किया गया है। सोमवार सुबह प्रातःकालीन स्तुति विनती से प्रारंभ होकर तीसरे दिन बुधवार को संध्या आरती के साथ सत्संग का समापन होगा। सत्संग में कुप्पाघाट भागलपुर से महर्षि मेंही परमहंस जी महाराज के अनन्य शिष्य स्वामी सत्यप्रकाश बाबा, स्वामी रामबाबा, स्वामी सुबोध बाबा, स्वामी बुद्धिनाथ बाबा एवं अन्य बाबाओं के पदार्पण होने जा रहा है। गौरतलब है कि सोनापुर बाजार स्थित सत्संग मंदिर में प्रति वर्ष शरद पूर्णिमा उपरांत सत्संग का आयोजन किया जाता है। जिसमें सत्संग सुधा का वचनामृत पान करने नेपाल से भी भारी संख्या में लोग आते हैं। जिनके रहने के साथ तीन दिनों तक भंडारे की भी व्यवस्था सत्संग आयोजन समिति के द्वारा की जाती है।

### ईट सोलिंग सड़क से आवागमन में परेशानी



मदरलैण्ड संवाददता, कटिहार। मनसाही प्रखंड क्षेत्र के मोहनपुर पंचायत के छोटी मोहनपुर काली स्थान से दहोगा बहियार होते हुए नवटोलिया बिसनपुर सड़क आज भी ईट सोलिंग एवं जर्जर हैं। आजादी के 75 वर्ष बीत जाने के बाद भी इस ईंट सोलिंग सड़क को पक्की सड़क में परिणत नहीं किया गया हैं। मालूम हो कि इस सड़क में 6 जगह पर कलवर्ट हैं। जिसके दोनों तरफ के अप्रोच धस गया हैं। जिससे पैदल छोड़, साइकिल, मोटरसाइकिल या ट्रैक्टर को काफी दिक्कत के साथ आना – जाना करना पड़ता हैं। कल्वर्ट के पास दोनों तरफ ईंट नहीं रहने से ट्रैक्टर चालक खेत होकर मुख्य मार्ग मोहनपुर या नवटोलिया, बिसनपुर आना – जाना करते हैं। खेत में जब फसल रहता है तो और काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता हैं। खेत का फसल कटने पर खेत ही खेत होकर फसल को घर लाना पड़ता हैं। ग्रामीण पिकेश कुमार, कमल किशोर झा, विकाश कुमार पासवान, रामशकल यादव, सूर्य नारायण यादव, आलोक कुमार यादव, मुकेश कुमार यादव आदि ने जिला प्रशासन से अभिलंब इस सोलिंग सड़क को पक्की सड़क निर्माण कराने की मांग की हैं। एवं सभी कलवर्ट के दोनों तरफ एप्रोच पथ का निर्माण कराने की मांग की हैं। जिससे साइकिल चालक, रिक्शा चालक, टेंपो चालक, ट्रैक्टर चालक को परेशानी का सामना करना नहीं पड़ेगा।

### बगहा दो प्रखंड में पंचायत चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न



मदरलैण्ड संवाददता, बेतिया। बगहा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के पांचवें चरण का मतदान बगहा दो प्रखंड में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। इस दौरान नक्सल प्रभावित क्षेत्र हरनाटांड़, देवरिया तरूअनवा, मिश्रौली, चंपापुर गनौली, बलुआ छत्रौल,, बैरिया काला, मोहना मतराजी, सुंदरपुर आदि क्षेत्रों में अर्ध सैनिक बल के जवान पूरी मुस्तैदी के साथ ड्यूटी में लगे रहे। सुबह 7:00 बजे से मतदान की प्रक्रिया शुरू हुई। तथा 3:00 बजे तक चलती रही। नक्सल प्रभावित इलाके में भी महिला मतदाताओं ने निर्भीक होकर अपना मतदान किया। प्रखंड बगहा दो के 25 पंचायतों में कुल 387 बूथ बनाए गए हैं। जिसमें 31 सहायक बूथ हैं। इन सभी पंचायतों के बूथों पर कुल 2929 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला मतदाताओं ने ईवीएम में बंद कर दिया है। बगहा एसपी किरण कुमार गोरख यादव के दिशा निर्देश पर एएसपी अभियान नेतृत्व में एएसपी, थाना पुलिस व अतिरिक्त पुलिस जवान पूरी मुस्तैदी के साथ ही कार्य में लगे रहे। एएसपी नक्सल प्रभावित इलाकों के सभी बूथों पर पहुंचकर आवश्यक जानकारी ले रहे हैं तथा शांतिपूर्ण चुनाव कराने में लगे रहे। बगहा एसपी किरण कुमार गोरख जाधव ने बताया कि प्रखंड बगहा दो में 117 बुथों को नक्सल प्रभावित घोषित किया गया है। जिसमें 77 अति संवेदनशील बूथों को चिन्हित किया गया है। एसपी इन सभी बुथों की मानिटरिंग कर रहे हैं। इस दौरान इंडो नेपाल बॉर्डर को 24 घंटे के लिए सील कर दिया गया है। वहीं बूथ संख्या तीन पर ईवीएम खराब हो जाने के कारण मतदान एक घंटा विलंब से शुरू किया गया। वहीं निवार्ची पदाधिकारी जयराम चौरसिया ने बताया कि एक बजें तक 48% मतदान हो चुका था।

### नदी पार कर के बूथ संख्या 76 पर पहुंचे थानाध्यक्ष व बीडीओ




मदरलैण्ड संवाददता, बेतिया। बगहा रविवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच बगहा 2 के पंचायतों में पंचायत सरकार का गठन करने के लिए सुबह से मतदान शुरू हुई। प्राथमिक विद्यालय सखुअनवा मतदान केंद्र संख्या 76 पर पहाड़ी नदी पार करके बीडीओ कुमुद कुमार एवं थानाध्यक्ष राजीव कुमार सिन्हा अपने दायित्व के निर्वहन के लिए सुबह पहुंच गए। रास्ते बहुत कठिन थे। लेकिन ड्यूटी बजाने के लिए कड़ी मशक्कत करने के बाद आखिरकार मतदान केंद्र पर पहुंच ही गए। और सुरक्षा का जायजा लिया। मतदान शांतिपूर्ण से संपन्न हो रहा था। मतदाता सुबह छह बजे से ही कतार में खड़े हो गए थे। नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने के कारण यहां शाम तीन बजे तक ही मतदान करने की फरमान जारी था। इसलिए सुबह से ही महिलाओं एवं पुरुष की भारी भीड़ उमड़ी रही। जिसमें महिला मतदाताओं की संख्या अधिक नजर आई। गजब का उत्साह महिलोओ में मतदान के प्रति नजर आ रही थी। एक महिला प्रत्यासी ने कहा की गांव –गांव टोला मोहल्ले में जन सम्पर्क अभियान में दो दिन से भोजन भी नहीं कर पाई हूं। और प्रत्यासी भी राहत की सांस ले रहे हैं। जबकि इसकि मतगणना 26 अक्टूबर को बेतिया में होगी।

# तरैया में छिट पुट घटनाओं के बीच शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव सम्पन्न

## दिनभर प्रत्याशियों के आरोप-प्रत्यारोप का दौर चलता रहा





» मदरलैण्ड संवाददाता



सारण। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर पांचवे चरण का मतदान तरैया प्रखंड में छिट पुट घटनाओं के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। इस बीच प्रत्याशियों के आरोप प्रत्यारोप का दौरा चलता रहा और कई जगह फर्जी मतदान तथा बूथ स्टैम्पिंग का आरोप लगता रहा। जिसके बीच प्रशासन सम्बंधित बूथों का निरीक्षण व जांच करती नजर आयी। अपनी पंचायत के सरकार के चुनाव को लेकर सुबह से ही मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करते दिखे। सभी मतदान केंद्रो पर सुबह से ही मतदाताओं की लंबी लंबी कतारे लग गई थी। जिसमें महिला मतदाताओं की संख्या अधिक देखने को मिली। करीब आधे दर्जन से अधिक मतदान केंद्रो पर इवीएम में गड़बरी आ जाने के कारण विलंब से मतदान शुरू हुआ। सुबह से ही प्रायः सभी मतदान केंद्रो पर मतदाता पहुच गए थे। जैसे जैसे दिन बितता गया मतदाताओं की लाईने लंबी होती गई। दोपहर 12 बजे तक प्रायः सभी मतदान केंद्रो पर भीड़ कम हो गई थी। लेकिन दोपहर तीन बजे के बाद अधिकतर मतदान केंद्रो पर मतदाताओं की भीड़ देखने को मिली। प्रशासनिक स्तर से सुरक्षा व्यवस्था का व्यापक इंतजाम किया गया था। दियारा क्षेत्र और सारण तटबंध इलाके में सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम देखने को मिला। बिहार पुलिस व गृहरक्षक बल के जवान सभी मतदान केंद्रो पर मुस्तैदी के साथ तैनात थे। गंडक नदी के सारण तटबंध पर पेट्रोलिंग की विशेष व्यवस्था की गई थी। बाइक सवार पुलिस कर्मी तटबंध और विभिन्न सड़कों पर लगातार गस्त कर रहे थे। कई मतदान केंद्रो पर इवीएम में खराबी के कारण इवीएम में बीयू बदलना परा जहां कुछ देर के लिए चुनाव कार्य बाधित रहा। कई मतदान केंद्रो पर बीच बीच में भी इवीएम में खराबी आ गई जिसे ठीक कर लिया गया। इस डीएसपी इंद्रजीत बैठा, बीडीओ कृष्ण कुमार सिंह, सीओ अंकु गुप्ता, थानाध्यक्ष राजीव रंजन कुमार सिंह सहित कई वरीय पदाधिकारी क्षेत्र का भ्रमण कर स्थिति पर नजर बनाए हुए थे।

## तरैया में पुरुषों की तुलना में महिलाएं रही ज्यादा सक्रिय



» मदरलैण्ड संवाददता

सारण। तरैया प्रखंड में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में 24 अक्टूबर को कुल 186 मतदान केन्द्रों पर सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक मतदाता तरैया प्रखंड में अपने मताधिकार का प्रयोग जोश खरोश के साथ करते दिखे। मतदान में महिलाएं पुरुषों की तुलना में ज्यादा बड़ी संख्या में भाग लेती दिखी। प्रखंड में कुल 186 मतदान केंद्रों पर मताधिकार का प्रयोग मतदाता द्वारा किया गया। बायोमेट्रिक पहचान सुविधा से लैस कई बायोमेट्रिक मतदान केंद्रों पर कथित तौर पर नेटवर्क नहीं मिलने के कारण बायोमेट्रिक मशीनें फोटो रिकार्ड करती दिखी। सरेया रत्नाकर पंचायत के बूथ संख्या 139, 140, 141, 142 बूथों पर बायोमेट्रिक मशीन काम नहीं की। बूथ संख्या 139, 140 141 तीनों सरेया रत्नाकर पंचायत के बूथों पर बायोमेट्रिक मशीन सुबह सात बजे से ही काम नहीं कर रही थी। किसी भी पीठासीन पदाधिकारी ने इस संबंध में प्रखंड मुख्यालय के निवार्ची पदाधिकारी या संबंधित पदाधिकारी को सूचना देने की जरूरत महसूस नहीं की। मतदान बदस्तूर जारी रहा और बायोमेट्रिक मशीन जिस फर्जी मतदान को रोकने के लिए प्रखंड के 186 मतदान केंद्रों में से सिर्फ 70 को ही उपलब्ध कराया गया वहां भी तकनीकी खराबी को दुरुस्त करने की कोई व्यवस्था नहीं दिखी। राज्य चुनाव आयोग के तमाम निर्देश हाशिए पर रहे और मतदान बायोमेट्रिक मशीन महज मतदाताओं का फोटो खींचती रही।




## पशु चिकित्सालय का भवन जर्जर, दुर्घटना की आशंका



» मदरलैण्ड संवाददता

कटिहार। हसनगंज प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय भवन विभागीय उदासीनता की वजह से जर्जर होते जा रहा है। साथ ही चिकित्सालय में संसाधनों की कमी होने की वजह से पशुपालकों को भी इसका समुचित लाभ नही मिल पर रहा है। बता दे कि भवन काफी जर्जर हो गई है। भवन के नीचे कर्मी डर भय के साथ अपना कार्य को करतें। मानो कब किस समय की छत नीचे गिर जाए ये भगवान भरोसे चल रहा है। जो अब जर्जर स्थिति में तब्दील होती जा रही है। चिकित्सालय में एक ही चिकित्सा कर्मी की तैनातगी की गई है। जिससे प्रखंड में पशुओं का चिकित्सा समुचित नही हो रहा है। पशु की हालत गंभीर होने से ग्रामीण क्षेत्रों में झोलाछाप डॉक्टरों से इलाज कराने पर मजबूर हो रहे हैं। नियमित देखरेख के आभाव में चिकित्सालय भवन के छत से चटा नीचे गिर रहा है। बारिश के दिनों में और समस्या विकराल रूप हो जाती है। जो को छत से पानी टपकना शुरू हो जाती है। इससे पशु चिकित्सालय के का नारकीय स्थिति उत्पन्न हो गई है। डाटा एंट्री ऑपरेटर विकास कुमार ने बताया कि भय के साये में करना पड़ता है कार्य। उन्होंने कहा कि पेयजल की व्यवस्था चापाकल नहीं है। उसके साथ शौचालय की भी व्यवस्था नहीं है। ऐसे में क्षेत्र से आए पशुपालकों को काफी कठिनाई होती है।



## जवाहर नवोदय विद्यालय परिवार की हुई बैठक

» मदरलैण्ड संवाददता



कटिहार। जवाहर नवोदय विद्यालय जांच परीक्षा 2022 के प्रचार प्रसार हेतु जिला शिक्षा पदाधिकारी कटिहार देव बिंद सिंह की अध्यक्षता में एवं जवाहर नवोदय विद्यालय के डॉक्टर ब्रजेश कुमार के मार्गदर्शन में जिला शिक्षा पदाधिकारी कटिहार के कार्यालय में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के सभी प्रखंडों के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा प्रतिनियुक्त प्रतिनिधि तथा प्रखंड बार प्रभारी बनाए गए। जवाहर नवोदय विद्यालय के शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं के साथ आयोजन हुआ। जवाहर नवोदय विद्यालय कटिहार के शिक्षक सह मीडिया प्रभारी मनोरंजन कुमार ने बताया की इस बैठक का आयोजन का मुख्य उद्देश जवाहर नवोदय विद्यालय जांच परीक्षा 2022 में अधिक से अधिक अभ्यर्थियों को फार्म बढ़ाया जाय। ताकि ग्रामीण परिवेश के होनहार छात्र-छात्राएं चयनित होकर वर्ग 6 में जवाहर नवोदय विद्यालय कटिहार में नामांकित होकर अपने शैक्षणिक उत्कृष्टता को प्रदर्शित कर सकें। नवोदय विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ब्रजेश कुमार ने कहा कि पिछले साल जो प्रखंड बार फॉर्म की संख्या से 10 परसेंट अधिक का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने सभी उपस्थित प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों से कहा कि बीआरसी में आप अपने सभी प्रधानाध्यापकों एवं हमारे विद्यालय के प्रभारी की उपस्थिति में एक बैठक का आयोजन करें और आपस में समन्वय बनाकर लक्ष्य को प्राप्त करें। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी देव बिंद सिंह ने कहा की बीआरसी बैठक में जवाहर नवोदय विद्यालय के प्रखंड वार प्रभारी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं इस प्रतियोगिता परीक्षा के प्रश्न पत्रों के प्रारूप की भी चर्चा करें ताकि उस प्रखंड के प्रधानाध्यापकों एवं शिक्षकों अभ्यार्थियों को मोटिवेट कर सकें और अधिक से अधिक उन्हें जांच परीक्षा में बैठाने का लक्ष्य प्राप्त कर सकें। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने कहा किसी भी परिस्थिति में ग्रामीण परिवेश के होनहार बच्चे इस परीक्षा से वंचित न रहे इसका ध्यान प्रखंड स्तर पर निश्चित रूप से किया जाए। इन अभ्यर्थियों का फॉर्म ऑनलाइन मोड में भरा जाएगा जिसका जवाबदेही प्रखंड स्तर पर संबंधित प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों की होगी। फॉर्म भरने की अंतिम तिथि नवोदय विद्यालय समिति शिक्षा विभाग नई दिल्ली भारत सरकार के द्वारा 30 नवंबर 2021 तक ऑनलाइन मोड में निर्धारित किया गया है। इस बैठक में सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों के साथ जवाहर नवोदय विद्यालय की तरफ से अहमदाबाद के प्रभारी मनोरंजन कुमार, आजम नगर के सतीश प्रसाद, बलरामपुर के एन श्रीवास्तव, बरारी के आर एस मिश्रा, बारसोई के डी के दिनकर दंडखोरा के रुकमणी कुमारी, फलका के कफील उद्दीन, हसनगंज के मेघना मीनाक्षी, कदवा के उमेश कुमार कटिहार के कुमारी ममता, कोरहा के प्रभारी आर एस पी यादव, कुसेर्ला के संजय कुमार, मनिहारी के उमेश प्रसाद, मनसाही के राजेश कुमार, प्राणपुर के एस रहमान और समेली के प्रभारी सुषमा वर्मा, विद्यालय जांच परीक्षा के प्रभारी प्रमोद कुमार मौजूद थे।

## बलरामपुर में 66.93% प्राणपुर में 60.05 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का किया प्रयोग

### मतदान केन्द्र 85 पर महिलाओं ने 88 % मतदान में लिया भाग

» मदरलैण्ड संवाददता





कटिहार। त्रिस्तरीय पंचायती राज चुनाव कटिहार जिले के बलरामपुर एवं प्राणपुर प्रखंड में शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो गया। संध्या 4:00 तक बलरामपुर प्रखंड में 66.93% मतदाताओं ने अपने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। प्राणपुर प्रखंड में 60.05 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। बलरामपुर प्रखंड के कमरा पंचायत अंतर्गत माधोपुर मदरसा मतदान केंद्र संख्या पचासी में 138 प्रतिशत महिलाओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। बड़ी संख्या में सुबह 7:00 बजे से महिला मतदान केंद्र पर पहुंचना प्रारंभ किया और संध्या 4:00 तक क्रमशः करणसर जत्थे वार महिला मतदाता मतदान केंद्र पर पहुंचे और शांतिपूर्ण वातावरण में अपने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार मतदान केंद्र में कुल 553 मतदाता में 259 महिला मतदाता शामिल है। माधोपुर मदरसा मतदान केंद्र के पीठासीन पदाधिकारी तरुण कुमार ने बताया कि की माधोपुर मदरसा मतदान केंद्र संख्या पचासी में 553 कुल मतदाता हैं। जिसमें 259 महिला तथा पुरुष मतदाता 194 है। 3:00 बजे तक 336 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिसमें महिला मतदाता 214 तथा पुरुष 122 ने अपने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस प्रकार 86% महिला तथा 41% पुरुष ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। संध्या 4:00 बजे तक 343 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिसमें महिला मतदाता 228 तथा पुरुष मतदाता 115 ने मताधिकार का प्रयोग किया। जिस प्रकार 62% मतदान हुआ। पीठासीन पदाधिकारी तरुण कुमार ने बताया कि इस मतदान केंद्र पर महिलाओं ने काफी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। 88 % प्रतिशत महिला मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। पीठासीन पदाधिकारी तरुण कुमार ने बताया कि मतदान केंद्र पर सुबह 6:00 बजे से ही मतदाता मतदान केन्द्र पर आना शुरू कर दिया गया। मतदान केन्द्र पर तैनात पुलिसकर्मी के द्वारा उन्हें कतार बद्ध कराया गया। मतदान निर्धारित समय के अनुसार सुबह 7:00 बजे विधिवत प्रारंभ कर दिया गया और शांतिपूर्ण वातावरण में मतदान कार्य संपन्न कराया गया।

## वृद्ध मतदाताओं में भी मतदान के प्रति दिखा काफी उत्साह, शाम 5 बजे तक 34.57% हुए मतदान

» मदरलैण्ड संवाददता



सारण। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के पांचवें चरण में तरैया प्रखंड में हो रहे मतदान में शाम 5 बजे तक 34.57% शांतिपूर्ण मतदाता सम्पन्न हुआ। मतदान के दौरान वृद्ध मतदाता भी अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए उत्साहित दिखी। वृद्ध मतदाता अपने सहयोगियों के साथ मतदान केंद्रों पर पहुंच कर अपने मताधिकार का प्रयोग करती दिखी। मतदान केंद्र संख्या -61 पर माधोपुर छोटा गांव निवासी 105 वर्षीय कौशल्या देवी ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वहीं उसरी गांव निवासी 85 वर्षीय इन्ना देवी तथा अरदेवा गांव निवासी 100 वर्षीय तेतरी देवी ने व्हीलचेयर के माध्यम से मतदान केंद्र पर पहुंच कर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। हालांकि ऐसे मतदाताओं के मतदान कराने के लिए केंद्रों पर कोई अलग व्यवस्था नहीं थी, लेकिन उन्हें प्रथम श्रेणी में रखते हुए उनका मतदान पहले कराया जा रहा था। अधिकतर सभी मतदान केंद्रों पर दोपहर में कड़ी धूप के बीच खुले आसमान में मतदान के लिए मतदाता पंक्तिवध तरीके से खड़े दिखे तथा प्रशासनिक अधिकारी पेड़ की छांव में अपनी ड्यूटी निभाते नकर आये। वहीं तरैया प्रखंड के सभी मतदान केंद्रों पर रेफरल अस्पताल तरैया द्वारा कोविड टीकाकरण का कैम्प लगा कर वैक्सीनेशन की व्यवस्था की गई थी। रेफरल अस्पताल के स्वास्थ्य प्रबंधक नवाब अख्तर जिलानी ने बताया कि शाम पांच बजे तक सभी मतदान केंद्रों के पर लगभग तीन हजार लोगों को कोविड-19 का वैक्सीन लगाया गया।

## महानंदा नदी में डूबे बच्चे का अब तक नहीं चला पता, खोज में लगी एनडीआरएफ की टीम

» मदरलैण्ड संवाददता

कटिहार। बारसोई नगर पंचायत स्थित महानंदा नदी में आईटीआई कॉलेज के पास एनडीआरएफ की टीम ने दो लापता बालक की खोजबीन में सुबह से ही लग गए कड़ी मशक्कत के बाद एक बालक शव महानंदा नदी आईटीआई कॉलेज के निकट ही बरामद हुआ जिसकी पहचान अंकित चौहान ( 12 )के रूप में हुई है महानंदा नदी के किनारे एनडीआरएफ की टीम की खोजने की तरकीब को देखने के लिए हजारों की संख्या में लोग एकत्रित हो गए हैं आखिरकार 24 घंटे बीतने के बाद एक बालक का शव एनडीआरएफ की टीम हाथ लगी एनडीआरएफ की टीम ने अपनी नई टेक्निक के जरिए दूसरे लापता बालक की खोजबीन में अभी तक लगे हुए हैं समाचार लिखे जाने तक दूसरे लापता बालक आदित्य पासवान की बरामदगी नहीं हो पाई है।




ज्ञात हो कि शनिवार को 4 बच्चे रघुनाथपुर स्थित महानंदा नदी आईटीआई कॉलेज के पास नहाने के लिए गए थे पानी का तेज बहाव होने के कारण दो बच्चे तेज पानी के बहाव में बह गए जिसमें से दो बच्चे बरामद हुए दो कल से ही लापता थे 24 घंटे बीतने के बाद एनडीआरएफ की टीम ने एक बच्चे को बरामद कर पाई है इधर दोनों परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है वही इस संबंध में अंचल पदाधिकारी अमर कुमार राय ने बताया कि जिला पदाधिकारी के निर्देश अनुसार एनडीआरएफ की टीम घटनास्थल पर पहुंचकर लापता बालक की खोज में सुबह से ही लग गए हैं जिसमें 12 वर्षीय अंकित चौधरी का शव बरामद हुआ है जिसे बारसोई पुलिस बच्चे का शव को अपने कब्जे में ले लिया है तथा अग्रसर कार्रवाई कर रही है वही इस संबंध में वार्ड पार्षद धर्मेंद्र सिंह, मेघनाथ मंडल, मोहम्मद सगीर, ममता देवी, ने दूसरे बच्चे की खोजबीन के लिए एनडीआरएफ की टीम को हर संभव मदद के लिए भरोसा दिलाया है तथा एनडीआरएफ की टीम से जल्द से जल्द खोजने की मांग की है तथा जिला पदाधिकारी एवं अंचल पदाधिकारी से पीड़ित परिवारों को जल्द से जल्द मुआवजा राशि देने की मांग की है वही इस संबंध में अंचल पदाधिकारी अमर कुमार राय ने बताया कि सरकार के गाइडलाइन अनुसार पीड़ित परिवार को मुआवजा राशि जल्द दे दी जाएगी।



# भारत के साथ सीमा विवाद के बीच चीन ने नया भूमि सीमा कानून पारित किया

**बीजिंग, एजेंसी।** लद्दाख एलएसी पर जारी गतिरोध के बीच चीन ने देश की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को 'पवित्र और अक्षुण्ण' बताते हुए संसद में सीमावर्ती इलाकों के संरक्षण और उपयोग संबंधी एक नया कानून बनाया है जिसका असर भारत के साथ बीजिंग के सीमा विवाद पर पड़ सकता है। सरकारी खबर के मुताबिक नेशनल पीपल्स कांग्रेस (एनपीसी) की स्थायी समिति के सदस्यों ने शनिवार को संसद की समापन बैठक के दौरान इस कानून को मंजूरी दी। यह कानून अगले वर्ष एक जनवरी से प्रभाव में आएगा। इसके मुताबिक 'पीपल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना की संप्रभुता एवं क्षेत्रीय अखंडता पावन और अक्षुण्ण है।' शिन्हुआ के मुताबिक कानून में यह भी कहा गया है कि सीमा सुरक्षा को मजबूत करने, आर्थिक एवं सामाजिक विकास में मदद देने, सीमावती क्षेत्रों को खोलने, ऐसे क्षेत्रों में जनसेवा और बुनियादी ढांचे को



बेहतर बनाने, उसे बढ़ावा देने और वहां के लोगों के जीवन एवं कार्य में मदद देने के लिए देश कदम उठा सकता है। वह सीमाओं पर रक्षा, सामाजिक एवं आर्थिक विकास में समन्वय को बढ़ावा देने के लिए उपाय कर सकता है।

देश समानता, परस्पर विश्वास और मित्रतापूर्ण वातालर्प के सिद्धांतों का पालन करते हुए पड़ोसी देशों के साथ जमीनी सीमा संबंधी मुद्दों से निबटेगा और काफी समय से लंबित सीमा संबंधी मुद्दों और विवादों को उचित समाधान के लिए वार्ता का सहारा लेगा। बीजिंग ने अपने 12 पड़ोसियों के साथ तो सीमा संबंधी विवाद सुलझा लिए हैं लेकिन भारत और भूटान के साथ उसने अब तक सीमा संबंधी समझौते को अंतिम रूप नहीं दिया है। भारत और चीन के बीच सीमा विवाद वास्तविक नियंत्रण रेखा पर 3,488 किलोमीटर के क्षेत्र में है जबकि भूटान के साथ चीन का विवाद 400 किलोमीटर की सीमा पर है। विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला ने पिछले सप्ताह कहा था कि पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर घटनाक्रमों ने सीमावर्ती क्षेत्रों में अमन-चैन को गंभीर रूप से प्रभावित किया है और जाहिर तौर पर इसका व्यापक रिश्तों पर भी असर पड़ा है।

# रूस में कोरोना के बढ़े मामले, सेंट पीटर्सबर्ग में 7 नवंबर तक लाकडाउन

**मास्को, एजेंसी।** रूस में कोरोना संक्रमण के बढ़ते खतरे को देखते हुए सेंट पीटर्सबर्ग में लाकडाउन की घोषणा की गई है। लाकडाउन के इस आदेश पर गवर्नन एलेक्जेंडर बेग्लोव ने अपनी अंतिम मुहर लगा दी। आदेश के मुताबिक 30 अक्टूबर से 7 नवंबर तक यहां पर सभी रेस्तरां, कैफे, गैर जरूरी चीजों से जुड़ी दुकानें पूरी तरह से बंद रहेंगी। इस दौरान रिटेल शाप को पूरी तरह से बंद रखने के आदेश दिए गए हैं। हालांकि टेकअवे की सुविधा ग्राहकों को जरूर मिल सकेगी। साथ ही डिलीवरी, रेलवे स्टेशन, गैस स्टेशन और कंपनियों की केंटीन में कैटरिंग की सुविधा भी पूरी तरह से बंद रहेगी। रूस की एक न्यूज एजेंसी के मुताबिक इस आदेश को शहरी प्रशासन के प्रमुख की वेबसाइट पर भी अपलोड कर दिया गया है। इस लाकडाउन के दौरान ब्यूटी सैलून, स्पोर्ट्स सेंटर, दूसरे गैर जरूरी कोरोबार पूरी तरह से बंद रहेंगे। इसके अलावा गैस स्टेशन, दवाई की दुकानें, ग्रासरी स्टोर, वेटर्नरी सर्विसिज भी इमरजेंसी केस में बंद रहेंगे। स्वीमिंग पूल, एक्वा पार्क, और दूसरी रिक्रिएशनल फेसेलिटी जिनमें बच्चे शामिल हो सकते हैं, में अब इसकी इजाजत नहीं होगी। पब्लिक सर्विस सेंटर भी इस दौरान बंद रहेंगे।

गौरतलब है कि रूस में लगातार कोरोना संक्रमण के



15 हजार से अधिक मामले सामने आ रहे हैं। बढ़ते संक्रमण के मद्देनजर रूस के विभिन्न शहरों में पहले भी लाकडाउन लगाया जा चुका है। वर्तमान की यदि बात करें तो देश में कोरोना संक्रमण के कुल 8205983 मामले हैं। यहां पर इसकी चपेट में आकर अब तक 229528 मरीज अपनी जान गंवा चुके हैं। इसके अलावा अब तक यहां पर 7143137 मरीज ठीक भी हुए हैं। यहां पर इस बीमारी के एक्टिव केस करीब 833318 हैं। करीब 2300 मामले गंभीर श्रेणी में हैं। गौरतलब है कि दुनिया के कुछ देशों में कोरोना संक्रमण के मामले फिर से बढ़ने लगे हैं। इसकी एक बड़ी वजह इन देशों में इस महामारी के प्रति बढ़ती लापरवाही भी है।

## संक्षिप्त समाचार

### मेक्सिको में 2 हजार से अधिक शरणार्थी दक्षिण शहर तपाचूला से निकले गए

मेक्सिको, एजेंसी। अमेरिका के लिए शरणार्थी बड़ी समस्या बन गए हैं। दक्षिण मेक्सिको में 2,000 से अधिक शरणार्थी मुख्यत: मध्य अमेरिकी नागरिकों ने शनिवार को एक शहर से बाहर निकलना शुरू कर दिया, जहां वे कथित तौर पर फंसे हुए थे। शरणार्थी अमेरिकी सीमा की ओर जा रहे हैं और उन्हें रोकने की कोशिश में पुलिस के साथ उनकी मामूली झड़पें हुई जिसमें एक बच्चे को सिर में मामूली चोट आई लेकिन इसके बावजूद शरणार्थी आगे की ओर बढ़ रहे हैं। होंडुरास, अल सल्वाडोर और हैती के हजारों शरणार्थी आवश्यक कागजों के लिए दक्षिण तपाचूला शहर में इंतजार कर रहे हैं। इन दस्तावेजों से उन्हें यात्रा करने की अनुमति मिल सकती है लेकिन इस प्रक्रिया में देरी हो गई है। तपाचूला से शनिवार को निकले शरणार्थियों में हैती के नागरिक शामिल नहीं हैं। हैती से हजारों शरणार्थी सितंबर में डेल रियो, टेक्सास में अमेरिकी सीमा पर पहुंचे थे।

### अंतरिक्ष मलबे के समाधान के लिए चीन ने नए उपग्रह का सफल प्रक्षेपण किया

बीजिंग, एजेंसी। अंतरिक्ष मलबे के समाधान के लिए चीन ने नए उपग्रह का सफल प्रक्षेपण किया है। चीन ने अंतरिक्ष मलबे को कम करने वाली प्रौद्योगिकियों का परीक्षण और सत्यापन करने के लिए रविवार को एक नया उपग्रह सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया। इसे दक्षिण पश्चिम चीन के सिचुआन प्रांत के शीचांग उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र से प्रक्षेपित किया गया। शिजियान-21 नाम के इस उपग्रह को लॉन्ग मार्च-3बी वाहक रॉकेट की मदद से प्रक्षेपित किया गया और यह सफलतापूर्वक निर्धारित कक्षा में प्रवेश कर गया। सरकारी समाचार के अनुसार उपग्रह का उपयोग मुख्य रूप से अंतरिक्ष में मलबे को कम करने वाली प्रौद्योगिकियों के परीक्षण और सत्यापन के लिए किया जाएगा।

### मैक्सिको में मैदानी तट से टकरा सकता है प्रशांत तट पर आया तूफान

मैक्सिको सिटी, एजेंसी। मैक्सिको के दक्षिणी प्रशांत तट पर आए तूफान रिक के अब मैदानी इलाकों की ओर बढ़ने की संभावना है। यूएस नेशनल हरिकेन सेंटर ने बताया कि मैदानी हिस्से से टकराने से पहले रिक 120 मील प्रति घंटे की रफ्तार वाले भीषण तूफान का रूप ले सकता है। तूफान के लाजारो कार्डेनास और मंजानिलो बंदरगाह के बीच कहीं टकराने की आशंका है। तूफान की पहचान तटीय रिसॉर्ट जिहुआतानेजो के दक्षिण में लगभग 195 मील की दूरी पर हुई। हवाओं की रफ्तार 85 मील प्रति घंटे थी और यह उत्तर-उत्तर-पश्चिम में सात मील प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ रहा था। केंद्र ने चेतावनी दी कि रिक के प्रभाव से अचानक बाढ़ आ सकती है और भूस्खलन हो सकता है। इसके जिहुआतानेजो के पश्चिम तट के एक भाग से टकराने का अनुमान था जहां कोई रिसॉर्ट नहीं है, लेकिन इसमें दो प्रमुख बंदरगाह और पहाड़ी इलाके शामिल हैं जहां पूर्व में बाढ़ और भूस्खलन की घटनाएं हो चुकी हैं। पुंटा सान टेल्मो के तट पास अकापुल्को के पश्चिम में तूफान की चेतावनी दी गई थी।

### खलिस्तानी संगठन ने अपने नए नक्शे में राजस्थान और यूपी को शामिल किया

वॉशिंगटन, एजेंसी। अलगाववादी संगठन 'सिख फॉर जस्टिस' ने भारत का खालिस्तानी नक्शा जारी किया है। इसमें न सिर्फ पंजाब बल्कि हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और राजस्थान, उत्तर प्रदेश के कई जिलों को खालिस्तान का हिस्सा दिखाया गया है। सिख फॉर जस्टिस अमेरिका का एक संगठन है जो भारत से पंजाब को अलग करके खालिस्तान बनाने की मांग का समर्थन करता है। संगठन का मुखिया प्रतिबंधित आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू है। भारत ने एक गैर-कानूनी संगठन के रूप में सिख फॉर जस्टिस पर 2019 में बैन लगा दिया था। खालिस्तान बनाने के लिए 2019 में 'पंजाब स्वतंत्रता जनमत संग्रह' के लिए अभियान शुरू करने के बाद यह प्रतिबंध लगाया गया था। संगठन की ओर से जारी नक्शे में पीला हिस्से को सिख राष्ट्र खालिस्तान बताया गया है। दावा किया जा रहा है कि भारत के इन हिस्सों को काटकर खालिस्तान का निर्माण किया जाएगा।

# चीन ने भारत से जुड़े सीमा क्षेत्र का नया जनरल बनाया

## वेस्टर्न थिएटर कमांड के प्रमुख का दर्जा भी बढ़ाया

**बीजिंग, एजेंसी।** चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) की वेस्टर्न थिएटर कमांड में बदलाव किया गया है। भारतीय सीमाओं से जुड़े सैन्य मसले इसी कमांड के अंतर्गत आते हैं। माना जा रहा है कि यह बदलाव चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के निर्देश पर हुआ है। चिनफिंग चीन के सैन्य आयोग के चेयरमैन भी हैं। यह चीन सर्वोच्च सैन्य पद है। एक खबर के मुताबिक पीएलए में पांच लेफ्टिनेंट जनरलों को प्रोन्नत कर जनरल बनाया गया है। इनमें से एक जनरल की नियुक्ति वेस्टर्न थिएटर कमांड में की गई है। माना जा रहा है कि यह नियुक्ति भारत पर दबाव बढ़ाने की नीयत से की गई है, क्योंकि पिछले करीब डेढ़ साल से चीन भारत के खिलाफ लगातार सैन्य सक्रियता बनाए हुए हैं। इसी दौरान पूर्वी लद्दाख में उसने घुसपैठ की। उत्तराखंड और अरुणाचल प्रदेश से लगने वाली सीमाओं पर हलचल बढ़ाई है। वहां पर सड़कें और पुलों का निर्माण किया है। जानकारी के अनुसार यह सब एक खास नीयत से किया जा रहा है। वेस्टर्न थिएटर कमांड के कमांडर पद पर नई नियुक्ति की गई है। जनरल वांग हैजियांग को कमांडर बनाया गया है। उन्हें हाल ही में प्रोन्नत कर जनरल बनाया गया है। वियतनाम युद्ध के अनुभवी जनरल वांग को चिनफिंग का खास भी माना जाता है। उन्हें भारत से लगने वाले सीमा क्षेत्र का प्रभारी बनाया गया है। इससे वह भारत को लेकर चिनफिंग की सोच को सैन्य तरीके से यथारूप में लागू करा सकेंगे।




रिचमंड में अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा वर्जिनिया प्रांत के गवर्नर पद के उम्मीदवार की ओर से चुनाव अभियान चलाते हुए।

# राष्ट्रपति एर्दोगन ने अमेरिका, फ्रांस सहित 10 राष्ट्रों के राजदूतों को तुर्की से किया बाहर

इस्तांबुल, एजेंसी। इस्लामी देशों के नए रहनुमा बनकर उभरने वाले तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने नया फरमान जारी कर घरेलू मामलों में दखल देने के नाम पर अमेरिका, फ्रांस कनाडा समेत 10 देशों के राजदूतों को देश से निकाल दिया है। तुर्की के विदेश मंत्रालय ने इन देशों के राजदूतों को परसोना नॉन ग्राटा घोषित किया है। इसका मतलब ये राजदूत तुर्की के लिए अब अवांछित व्यक्ति बन गए हैं। इन राजदूतों को 48 से 72 घंटे के अंदर तुर्की की सीमा से बाहर जाना होगा। आमतौर पर कोई भी देश राजदूत को नहीं बल्कि दूसरे राजनयिकों को देश निकाला देते हैं। तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने कहा कि उन्होंने विदेश मंत्रालय ने सामाजिक कार्यकर्ता उस्मान कवला की रिहाई का समर्थन करने वाले पश्चिमी देशों के 10 राजनयिकों को निकालने का आदेश दिया है। कवला चार साल से जेल में हैं, उन पर 2013 में देशव्यापी विरोध प्रदर्शनों की फाइनेंसिंग करने का आरोप है। तुर्की की सरकार ने यह भी आरोप लगाया है कि 2016 में हुए असफल तख्तापलट के पीछे भी उस्मान कवला का ही हाथ था, हालांकि उन्होंने इन आरोपों से हमेशा इनकार किया है।

18 अक्टूबर को एक संयुक्त बयान में, कनाडा, डेनमार्क, फ्रांस, जर्मनी, नीदरलैंड, नॉर्वे, स्वीडन, फिनलैंड, न्यूजीलैंड और संयुक्त राज्य अमेरिका के राजदूतों ने कवला के रिहाई की मांग की थी। इन देशों ने कहा था कि कवला मामले में न्यायसंगत और त्वरित समाधान किया जाए। जिसके बाद तुर्की की विदेश मंत्रालय ने इन सभी देशों के राजदूतों को तलब किया और उनके बयान को गैर जिम्मेदाराना बताया था। एर्दोगन ने उत्तर पश्चिमी तुर्की के एस्किसेहिर शहर में एक भाषण में कहा कि मैंने अपने विदेश मंत्री को आवश्यक आदेश दिया है। उनसे कहा कि इस मामले में क्या किया जाना चाहिए। इन 10 राजदूतों को एक ही बार में परसोना नॉन ग्राटा घोषित किया जाना चाहिए। आपको इसे तुरंत सुलझाना होगा। इससे वे तुर्की को जानेंगे और समझेंगे। जिस दिन वे तुर्की को जानना और समझना छोड़ देंगे, उन्हें यह देश छोड़ना होगा। एर्दोगन के इस ऐलान पर अमेरिकी, जर्मन और फ्रांसीसी दूतावासों, वाइट हाउस और अमेरिकी विदेश विभाग ने अभी तक कोई टिप्पणी नहीं की है। कवाला को पिछले साल 2013 के विरोध प्रदर्शनों से संबंधित आरोपों से बरी कर दिया गया था। लेकिन, इस साल एर्दोगन की सरकार ने उस फैसले को पलट दिया था और तख्तापलट के प्रयास से संबंधित एक अन्य मामले को नए आरोपों से जोड़ा दिया।

# रूसी कोरोनारोधी स्पूतनिक-वी वैक्सीन से एचआईवी का खतरा, नामीबिया ने लगाई रोक

**नामीबिया, एजेंसी।** रूसी कोरोनारोधी स्पूतनिक-वी वैक्सीन से एचआईवी होने के खतरे की आशंका के चलते नामीबिया इसके इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाएगा। देश के स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को इसकी जानकारी दी। कुछ समय पहले ही पड़ोसी देश दक्षिण अफ्रीका ने स्पूतनिक वैक्सीन को लेकर चिंता जाहिर की थी जिसके बाद नामीबिया में भी इसके इस्तेमाल पर रोक लगाया जाएगा। दरअसल, यह माना जा रहा है कि स्पूतनिक-वी वैक्सीन लेने वाले पुरुषों में एचआईवी होने की आशंका कई गुना बढ़ जाती है।

स्पूतनिक-वी वैक्सीन को विकसित करने वाले जमेलिया रिसर्च इंस्टीट्यूट ने हालांकि इस फैसले पर नाखुशी जाहिर की है। इंस्टीट्यूट ने कहा है कि नामीबिया का फैसला किसी साइंटिफिक एविडेंस या रिसर्च पर आधारित नहीं है। दक्षिण अफ्रीकी नियामक शाहपरा ने फैसला लिया है कि वह अपने देश में स्पूतनिक-वी के आपात इस्तेमाल को मंजूरी नहीं देगा। इसके पीछे दवा नियामक ने कहा है कि कुछ




शोधों से यह पता लगता है कि स्पूतनिक-वी में एडेनोवायरस टाइप 5 वेक्टर है, जिसके इस्तेमाल से पुरुषों में एचआईवी होने की आशंका बढ़ जाती है। नामीबिया के स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा है कि रूसी वैक्सीन के इस्तेमाल को बंद करने का उनका फैसला इस चिंता के सामने आने के बाद लिया गया है कि स्पूतनिक वी लेने वाले पुरुषों में संभवत: एचआईवी होने की आशंका ज्यादा होती है। बता दें कि भारत में भी स्पूतनिक-वी वैक्सीन को आपात इस्तेमाल की मंजूरी मिल गई थी। हालांकि, अभी तक ऐसी कोई आशंका सामने नहीं आई है।

# इस्लाम को छोड़कर हिंदू धर्म अपनाएंगी इंडोनेशिया के पूर्व राष्ट्रपति की बेटी

## इंडोनेशिया के पूर्व राष्ट्रपति सुकर्णो की बेटी सुकमावती 26 अक्टूबर को पूजा में शामिल होंगी

**जकार्ता, एजेंसी।** इंडोनेशिया के पूर्व राष्ट्रपति सुकर्णो की बेटी सुकमावती सुकर्णोपुत्री ने इस्लाम छोड़कर हिंदू धर्म अपनाने का फैसला लिया है। 26 अक्टूबर को वह पूजा में शामिल होंगी और इसके साथ ही हिंदू धर्म अपना लेंगी। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। मंगलवार को सुकर्णो हेरिटेज एरिया में यह कार्यक्रम होगा। सुकमावती पूर्व राष्ट्रपति सुकर्णो की तीसरी बेटी हैं और पूर्व राष्ट्रपति मेगावती सुकर्णोपुत्री की छोटी बहन हैं। 70 वर्षीय सुकमावती सुकर्णोपुत्री इंडोनेशिया में ही रह रही हैं। 2018 में कट्टरपंथी इस्लामिक समूहों ने उनके खिलाफ ईशनिंदा की शिकायत दर्ज कराई थी। दरअसल सुकमावती ने एक कविता साझा की थी, जिसे लेकर कट्टरपंथियों का आरोप था कि उन्होंने इस्लाम का अपमान किया है। इस घटना के बाद सुकमावती ने अपनी कविता के लिए माफी की मांग भी की थी।



हालांकि इसके बाद भी विवाद समाप्त होता नहीं दिखा था और अकसर उनकी आलोचना की जाती रही है। इंडोनेशिया में इस्लाम के अनुयायियों की संख्या सबसे अधिक है। यही नहीं इंडोनेशिया दुनिया की सबसे अधिक मुस्लिम आबादी वाला देश भी है। बता दें कि सुकमावती के पिता सुकर्णो के दौर में भारत और इंडोनेशिया के संबंध काफी अच्छे थे। सुकमावती के वकील ने बताया कि इसका कारण उनकी दादी का धर्म है, उन्होंने यह भी कहा कि सुकमावती ने हिंदू धर्मशास्त्र को अच्छी तरह से पढ़ा है। बाली की यात्राओं के दौरान सुकमावती अक्सर हिंदू धार्मिक समारोहों में शामिल होती थीं और हिंदू धार्मिक हस्तियों के साथ बातचीत करती थीं। 26 अक्टूबर को बाली अगुंग सिंगराजा में 'शुद्धि वदानी' नाम का कार्यक्रम होगा जहां वे हिंदू धर्म अपनाएंगी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक उनके परिजन भी मान गए हैं, बताते हैं कि वह बीते कई वर्षों से हिंदू धर्म में शामिल होना चाहती थी।

# भारत में निर्मित एरोमाथेरेपी स्प्रे में मिला जानलेवा बैक्टीरिया, अमेरिका में 4 बीमार पड़े, दो ने दम तोड़ा

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** अमेरिका से खबर आ रही है कि भारत में निर्मित एरोमाथेरेपी के स्प्रे में एक जानलेवा बैक्टीरिया पाया गया है जिसके कारण अमेरिका में चार लोग इस



वर्ष की शुरूआत में बीमार पड़ गए। उनमें से दो ने दो ने दम तोड़ दिया। यह जानकारी अमेरिका के लोक स्वास्थ्य एजेंसी ने दी है। यूएस सेंटर्स फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (सीडीसी) ने कहा कि प्रयोगशाला की जांच में एरोमाथेरेपी स्प्रे ह्यबेटर होम्स एंड गार्डेंस लैवेंडर एंड कैमोमाइल एसेंसिअल ऑयल इन्फ्यूस्ड एरोमाथेरेपी रूम स्प्रे विद जेमस्टोन्सह्न में बुर्खोल्देरिया स्यूडोमालेई बैक्टीरिया पाया गया। सीडीसी ने कहा कि यह उसी तरह का बैक्टीरिया है जिससे इस वर्ष की शुरूआत में अमेरिका में चार व्यक्ति बीमार हो गए थे। सीडीसी ने कहा कि स्प्रे छह अक्टूबर को जॉर्जिया निवासी एक व्यक्ति के घर में पाया गया जो जुलाई में बीमार पड़ा था। एजेंसी ने कहा सीडीसी इस बात की लगातार जांच कर रही है कि क्या वह वहीं बैक्टीरिया है जो चार मरीजों में पाए गए थे। ये चारों मरीज जॉर्जिया, कंसास, टेक्सास और मिनेसोटा के हैं। चार में से दो रोगियों की मौत हो गई ह्न

सीडीसी ने कहा कि मई में जब से एजेंसी को नमूने मिले हैं तब से वह रोगियों के रक्त नमूने की जांच के साथ ही चारों रोगियों के घर के आसपास की जमीन, जल और उपभोक्ता उत्पादों की जांच कर रही है। स्प्रे का एक नमूना इस हफ्ते पॉजिटिव पाया गया। दूषित स्प्रे को वॉलमार्ट के करीब 55 स्टोर और उसकी वेबसाइट पर फरवरी और 21 अक्टूबर 2021 के बीच बेचा गया। इसके बाद कंपनी ने स्प्रे के शेष बोतल और इससे जुड़े उत्पादों को स्टोर के साथ अपनी वेबसाइट से भी हटा लिया। उपभोक्ता उत्पाद सुरक्षा आयोग और वॉलमार्ट ने लैवेंडर और कैमोमाइल रूम स्प्रे और इसी तरह के पांच अन्य उत्पादों को वापस लेने की अपील जारी की। जांच जारी है कि क्या इससे जुड़ा इत्र एवं ब्रांड से भी खतरा है अथवा नहीं।

# इमरान खान अमेरिका को अफगानिस्तान में हमले के लिए पाक एयरस्पेस इस्तेमाल की दे सकते हैं इजाजत!

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** अमेरिका एक बार फिर अफगानिस्तान में आईएसआईएस-के और अन्य विरोधियों के खिलाफ आतंकवाद विरोधी अभियान चला सकता है। खबर है कि इमरान खान अमेरिका को अफगानिस्तान में हमले के लिए पाकिस्तानी एयरस्पेस के इस्तेमाल की इजाजत दे सकते हैं। बाइडेन प्रशासन के दो सांसदों ने कहा है कि अफगानिस्तान में सैन्य और खुफिया मिशन को चलाने के लिए पाकिस्तान अपने हवाई क्षेत्र के इस्तेमाल को लेकर अमेरिका से डील कर सकता है। इतना ही नहीं, पाकिस्तान ने भारत के साथ अपने संबंधों को सुधारने के बदले अमेरिका के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर साइन करने की इच्छा भी जताई है। पाकिस्तान चाहता है कि अमेरिका, भारत के ऊपर दबाव डाले। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इस समझौते को अभी अंतिम रूप दिया जा रहा है। ऐसे में समझौते की शर्तों में कभी भी बदलाव हो सकता है। कुछ दिन पहले ही वाइट हाउस ने बयान दिया था कि अमेरिका अफगानिस्तान में आईएसआईएस-के और अन्य विरोधियों के खिलाफ आतंकवाद विरोधी अभियान चला सकता है। हालांकि, अफगानिस्तान में अमेरिकी सैनिकों और एयरबेस के न होने से अमेरिका के लिए ऐसे मिशन को अंजाम देना थोड़ा मुश्किल है।

अमेरिकी सेना अब तक खुफिया जानकारी जुटाने के लिए अफगानिस्तान तक पहुंचने के लिए पाकिस्तान के हवाई क्षेत्र का उपयोग करती है। लेकिन, अमेरिका का पाकिस्तानी एयरस्पेस को हमेशा इस्तेमाल करने के लिए इमरान खान सरकार के साथ कोई औपचारिक समझौता नहीं है। ऐसे में अगर पाकिस्तान अपने एयरस्पेस को बंद करता है तो अमेरिका के लिए अफगानिस्तान में घुसना एक टेढ़ी खीर हो सकती है। क्योंकि अफगानिस्तान चारों तरफ से जमीन से घिरा हुआ देश है।

सूत्रों ने बताया कि जब अमेरिकी अधिकारियों ने पाकिस्तान का दौरा किया तो एक समझौते पर चर्चा हुई। लेकिन, यह अभी तक स्पष्ट नहीं है कि पाकिस्तान क्या चाहता है या बदले में अमेरिका कितना देना चाहता है। वर्तमान में कोई औपचारिक समझौता नहीं होने के कारण, अमेरिका पाकिस्तान के रास्ते अफगानिस्तान जाने वाले अपने ड्रोन और सैन्य विमानों के परिचालन का रिस्क उठाता है। अगर कभी कोई अनहोनी होती है तो पाकिस्तान सीधे इनकार कर सकता है और अमेरिका चाहकर भी कुछ नहीं कर पाएगा। पेंटागन के एक प्रवक्ता ने कहा कि रक्षा विभाग किसी सीक्रेट बातचीत पर कमेंट नहीं कर सकता है। वहीं, पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा कि दोनों देशों के बीच ऐसी कोई डील नहीं हुई है। हालांकि इतना जरूर बताया गया कि पाकिस्तान और अमेरिका के बीच क्षेत्रीय सुरक्षा और आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए लंबे समय से सहयोग है और दोनों पक्ष नियमित बातचीत में लगे हुए हैं। पाकिस्तान ने शनिवार को तालिबान शासित अफगानिस्तान में खुफिया अभियानों के लिए अपने हवाई क्षेत्र के उपयोग पर अमेरिका के साथ समझौते संबंधी खबरों को खारिज कर दिया। पाकिस्तानी विदेश कार्यालय ने उन खबरों से जुड़े मीडिया के सवालों के जवाब में एक बयान जारी किया, जिसमें अफगानिस्तान के खिलाफ सैन्य और खुफिया अभियान चलाने के लिए दोनों देशों के बीच एक समझौते को औपचारिक रूप देने का संकेत दिया गया था।

# सेंसेक्स की पांच प्रमुख कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 1.42 लाख करोड़ घटा

## दस प्रमुख कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर बरकारार रही

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बीते सप्ताह सेंसेक्स की प्रमुख 10 में से पांच कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से 1,42,880.11 करोड़ रुपए की गिरावट आई। सबसे अधिक नुकसान हिंदुस्तान यूनिलीवर, रिलायंस इंडस्ट्रीज और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) को हुआ। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 484.33 अंक या 0.79 प्रतिशत नीचे आया। शुक्रवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट आई। समीक्षाधीन सप्ताह में हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार पूंजीकरण 45,523.33 करोड़ रुपए घटकर 5,76,836.40 करोड़ रुपए रह गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन 45,126.6 करोड़ रुपए के नुकसान से 16,66,427.95 करोड़ रुपए पर और टीसीएस का 41,151.94 करोड़ रुपए की गिरावट के साथ 12,94,686.48 करोड़ रुपए पर आ गया।



सप्ताह के दौरान बजाज फाइनेंस की बाजार हैसियत 8,890.95 करोड़ रुपए घटकर 4,65,576.46 करोड़ रुपए और एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 2,187.29 करोड़ रुपए की गिरावट के साथ 9,31,371.72 करोड़ रुपए रह गया।

इस रुख के विपरीत कोटक महिंद्रा बैंक का बाजार पूंजीकरण 30,747.78 करोड़ रुपए बढ़कर 4,30,558.09 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। आईसीआईसीआई बैंक का बाजार मूल्यांकन 22,248.14 करोड़ रुपए के उछाल के साथ 5,26,497.27 करोड़ रुपए रहा। इसी तरह एचडीएफसी की बाजार हैसियत 17,015.22 करोड़ रुपए बढ़कर 5,24,877.06 करोड़ रुपए पर और भारतीय स्टेट बैंक की 11,111.14 करोड़ रुपए के लाभ के साथ 4,48,863.34 करोड़ रुपए पर पहुंच गई। इन्फोसिस ने सप्ताह के दौरान 1,717.96 करोड़ रुपए जोड़े और उसका बाजार पूंजीकरण 7,29,410.37 करोड़ रुपए रहा। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमशः टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, इन्फोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी, बजाज फाइनेंस, एसबीआई और कोटक महिंद्रा बैंक का स्थान रहा।

# दिल्ली-एनसीआर के प्रमुख इलाकों में खुदरा क्षेत्र का किराया बढ़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली-एनसीआर के प्रमुख इलाकों में खुदरा क्षेत्र का किराया अब कोविड-19 पूर्व के स्तर पर पहुंच गया है। जुलाई-सितंबर तिमाही के दौरान राजधानी के खान मार्केट, साउथ एक्सटेंशन तथा कनॉट प्लेस जैसे पॉश क्षेत्रों में खुदरा क्षेत्र के किराढ में 11 से 17 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। वैश्विक संपत्ति सलाहकार की रिपोर्ट में कहा गया है कि बाजार गतिविधियां तेज होने के साथ किराया दरें महामारी-पूर्व के स्तर पर पहुंच रही हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि दिल्ली-एनसीआर के बाजार में सितंबर तिमाही के दौरान खुदरा गतिविधियों में सुधार हुआ है। खुदरा क्षेत्र को लीज या पट्टे पर लेने की गतिविधियां बढ़ी हैं। किराया दरें कोविड-19 पूर्व के स्तर पर पहुंच रही हैं। आने वाले महीनों में खुदरा क्षेत्र ऊपर की ओर ही जाएगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि टीकाकरण बढ़ने तथा संक्रमण के मामलों में कमी की वजह से उपभोक्ता भरोसा बढ़ा है और चीजें सामान्य हो रही हैं। किराया परिदृश्य की बात की जाए तो



जुलाई-सितंबर की तिमाही में खान मार्केट में किराया 12.5 प्रतिशत बढ़कर 1,350 रुपए प्रति वर्ग फुट हो गया। उथ एक्सटेंशन एक और दो में चालू कैलेंडर साल की तीसरी तिमाही में तिमाही-दर-तिमाही आधार पर किराया 16.7 प्रतिशत बढ़कर 700 रुपए प्रति वर्ग फुट पर पहुंच गया। इसी तरह मध्य दिल्ली के कनॉट प्लेस में किराया 11.1 प्रतिशत बढ़कर 1,000 रुपए प्रति वर्ग फुट पर पहुंच गया। इन तीनों स्थानों में सालाना आधार पर भी प्रतिशत में किराया वृद्धि इतनी ही रही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि संपत्ति मालिकों ने महामारी के दौरान किराए और अन्य शर्तों में जो ढील दी थी, उसे अब वे वापस ले रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार


### फोनपे ने भारतपे के खिलाफ याचिका वापस ली, नया मुकदमा करेगी

नई दिल्ली, एजेंसी। वित्तीय प्रौद्योगिकी क्षेत्र की कंपनी फोनपे ने भारतपे के बाय नाउ पे लेटर (बीएनपीएल) पोस्टपे मंच के खिलाफ अपनी याचिका वापस ले ली है। याचिका में आरोप लगाया गया था कि इसमें फोनपे के ट्रेडमार्क का कथित तौर पर उल्लंघन किया गया है। फोनपे ने कहा है कि वह इस मामले में नया मुकदमा दायर करेगी। फोनपे ने कहा कि उसने बंबई उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर भारतपे का परिचालन करने वाली रेजिलिएंट इनोवेशंस को उसके पंजीकृत ट्रेडमार्क का उल्लंघन करने और चिह्न पोस्टपे/पोस्टपे का इस्तेमाल करने से रोकने की अपील की थी। बयान में कहा गया है कि सुनवाई के दौरान अदालत ने भी यह निष्कर्ष दिया कि रेजिलिएंट इनावेशंस का चिह्न पोस्टपे देखने में पूरी तरह फोनपे जैसा ही दिखता है। फोनपे ने कहा कि अदालत द्वारा दिए गए कुछ निष्कर्षों को पूरा करने के लिए इस याचिका को वापस लिया जा रहा है। हालांकि, उसे नया मुकदमा दायर करने की छूट होगी।

### ओरिएंट इलेक्ट्रिक का मुनाफा 7.25 प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी। ओरिएंट इलेक्ट्रिक का चालू वित्त वर्ष की सितंबर में समाप्त दूसरी तिमाही का मुनाफा 7.25 प्रतिशत बढ़कर 34.77 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। सीके बिड़ला समूह की कंपनी ने इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 32.42 करोड़ रुपए का मुनाफा कमाया था। शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कंपनी ने कहा कि तिमाही के दौरान उसकी परिचालन आय बढ़कर 594.38 करोड़ रुपए पर पहुंच गई, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 433.77 करोड़ रुपए थी। तिमाही के दौरान कंपनी का कुल खर्च 40.38 प्रतिशत बढ़कर 549.17 करोड़ रुपए रहा, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 391.21 करोड़ रुपए था।

### विदेशी मुद्रा संकट के बीच श्रीलंका ने ईंधन खरीदने भारत से ऋण मांगा



कोलंबो, एजेंसी। श्रीलंका सरकार ने कहा कि वह विदेशी मुद्रा संकट के बीच तेल की खरीद का भुगतान करने के लिए भारत से 50 करोड़ डॉलर का ऋण सुनिश्चत करने का प्रयास कर रही है। इस संबंध में ऊर्जा मंत्री उदय गम्मनपिला ने कहा कि ऋण प्रस्ताव को मंजूरी के लिए वित्त विभाग को भेजा गया है। उसके बाद इसे मंत्रिमंडल को पेश किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मंत्रिमंडल ने पहले ही ईंधन की खरीद के लिए ओमान से 3.6 अरब डॉलर के कर्ज को मंजूरी दे दी है। उन्होंने इससे पहले कहा था कि विदेशी मुद्रा संकट और कच्चे तेल की उच्च वैश्विक कीमतों के बीच देश में ईंधन की मौजूदा उपलब्धता की गारंटी अगले साल जनवरी तक ही दी जा सकती है। देश की पेट्रोलियम कंपनी सीलोन पेट्रोलियम कॉरपोरेशन (सीपीसी) द्वारा ईंधन की कीमतों में वृद्धि की आशंका को देखते हुए देश के कई इलाकों में पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें लगना शुरू हो गई हैं।

### वॉलेट भुगतान के क्षेत्र में क्रेड का प्रवेश, हिपबार का किया अधिग्रहण

नई दिल्ली, एजेंसी। भुगतान को लेकर भारतीय बाजारों में क्रेड ऐप इन दिनों काफी लोकप्रिय हो रहा है जिसके जरिए आप क्रेडिट कार्ड का बिल पेमेंट आसानी से कर सकते हैं और कुछ निश्चित कैशबैक पा सकते हैं। अब कंपनी ई-वॉलेट पेमेंट बिजनेस में एंट्री करने की तैयारी कर रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, क्रेड ने चेन्नई बेस्ड शराब डिलीवरी स्टार्टअप हिपबार प्राइवेट लिमिटेड का अधिग्रहण कर लिया है। बता दें कि हिपबार के पास पीपीआई का लाइसेंस है। आरबीआई द्वारा दिया गया पीपीआई लाइसेंस कंपनियों को डिजिटल वॉलेट, प्रीपेड ट्रांजिट कार्ड, वाउचर आदि पेमेंट सिस्टम संचालित करने की अनुमति देता है। हिपबार को अगस्त 2016 में पीपीआई का लाइसेंस दिया गया था। गौरतलब है कि डिजिटल वॉलेट फ्रीचार्ज के को-फाउंडर रहे कुणाल शाह ने साल 2018 में एक नया स्टार्टअप क्रेड लॉन्च किया था। इस ऐप से अगर आप अपने क्रेडिट कार्ड का बिल भरते हैं तो कैशबैक के अलावा ढेरों रिवार्ड पा सकते हैं। इस ऐप से आप जितने रुपये का क्रेडिट कार्ड का बिल भरते हैं उतने क्रेड क्वाइन पा सकते हैं और अलग-अलग कंपनी से फ्री या डिस्काउंटेड रिवार्ड पा सकते हैं। इसके साथ ही क्रेड क्वाइन को रिडीम कर कैशबैक पा सकते हैं। उदाहरण के लिए अगर आप इस ऐप से आप 20 हजार रुपए का क्रेडिट कार्ड का बिल भरते हैं तो आपको 20 हजार क्रेड क्वाइन मिलता है। फिनटेक प्लेटफॉर्म क्रेड पर अब क्रेडिट कार्ड या यूपीआई से मकान का किराया देने की सुविधा भी आ गई है। इसके अलावा उ9ीडिंर के जरिए लोन भी ले सकते हैं। इस ऐप से आप एजुकेशन फीस भी अदा कर सकते हैं। हाल ही में कंपनी ने अपने यूजर्स के लिए क्रेड मिंट नाम से एक पीयर-2-पीयर यानी पी2पी लेंडिंग फीचर लॉन्च किया है। इस फीचर के जरिए क्रेड मेंबर्स अन्य क्रेड मेंबर्स को कर्ज देकर 9 फीसदी तक सालाना ब्याज कमा सकते हैं। वहीं, कुछ ऐप और वेबसाइट पर क्रेड पे के जरिए क्रेड ऐप में लिंक्ड क्रेडिट कार्ड से भुगतान भी कर सकते हैं।

# इस सप्ताह कंपनियों के तिमाही परिणाम तय करेंगे बाजार की चाल

मुंबई, एजेंसी। बीते सप्ताह घरेलू शेयर बाजार ने नये शिखर पर चढ़कर इतिहास रच दिया लेकिन निवेशकों की यह खुशी अधिक समय तक बरकरार नहीं रह सकी और मुनाफावसूली के दबाव में यह चार सप्ताह से जारी तेजी को बनाए रखने में असफल रहा। अगले सप्ताह भी बाजार पर दबाव दिख सकता है लेकिन कंपनियों के तिमाही परिणाम से उसकी चाल तय हो सकती है। बीते सप्ताह विदेशी संस्थागत निवेशक और घरेलू संस्थागत निवेशक दोनों ही बिकवाल रहे। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने जहां 7350 करोड़ रुपए की वहीं घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 4500 करोड़ रुपए की बिकवाल की। विश्लेषकों का कहना है कि इस सप्ताह वैश्विक स्तर पर तेल की कीमतों में हो रही बढ़ोतरी का असर बाजार पर दिख सकता है। निवेशक पूंजी बाजार से बिकवाली कर तेल की ओर रुख कर सकते हैं, जिससे शेयर बाजार पर दबाव बन सकता है। हालांकि उनका कहना है कि इसके साथ ही घरेलू स्तर पर कंपनियों के तिमाही परिणाम का असर दिख सकता है। शुक्रवार को बाजार बंद होने के बाद रिलायंस इंडस्ट्रीज और शनिवार को आईसीआईसीआई बैंक के परिणाम जारी हुए। सोमवार को बाजार पर इनका असर दिख सकता है। रिलायंस का परिणाम उम्मीद से बेहतर रहा है और और आईसीआईसीआई बैंक का प्रदर्शन भी आशा के अनुरूप रहा है। उनका कहना है कि इस सप्ताह टेक महिंद्रा, एक्सिस बैंक, बजाज फाइनेंस, कोटक बैंक, बजाज ऑटो, एलएंडटी, आईटीसी, मारूति सुजुकी, टाइटन, टाटा पावर, वेदांता, डॉ. रेड्डी, इंडिगो, इंड्सइंड बैंक आदि के परिणाम आने हैं और इसका असर बाजार पर दिखेगा। इसके साथ ही कंपनियों के प्रारंभिक सार्वजिनक निर्गम भी खुलने वाले हैं।

# सिस्टेमा बायो ने पुणे में बायोगैस संयंत्र की स्थापना की

## विनिर्माण केंद्र में 200 मिलियन रुपए का निवेश किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मेक्सिको स्थित कंपनी सिस्टेमा बायो ने पुणे के निकट एक अत्याधुनिक बायोगैस संयंत्र की स्थापना की है जिसका उद्देश्य किसानों को कम कीमत पर उपकरण उपलब्ध कराना तथा निर्यात को बढ़ावा देना है। सिस्टेमा बायो के सह-संस्थापक और मुख्य उत्पादन अधिकारी कैमिलो पेज ने बताया कि विनिर्माण केंद्र में 200 मिलियन रुपए का निवेश किया है। उन्होंने कहा कि पिछले तीन वर्षों में हमें पूरे देश में डेयरी किसानों से अच्छी स्वीकृति मिली है। इसने हमें पुणे में अपने मुख्य कार्यालय के पास एक विनिर्माण सुविधा स्थापित करने के लिए प्रेरित किया। इस उत्पादन केंद्र में एक साल में 30,000 बायोडाइजेस्टर बनाने की क्षमता होगी और इससे हमें पूरे एशिया और



निकट भविष्य में अफ्रीका के किसानों की जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी।' लगभग 250 एकड़ के औद्योगिक कॉरिडोर में उत्पादन सुविधा 20,000 वर्ग फुट में फैली हुई है। दिसंबर 2021 तक सिस्टेमा.बायो इंडिया का लक्ष्य प्रति माह 2,000 बायोडाइजेस्टर के निर्माण की क्षमता हासिल करना और मार्च 2022 तक यूनिट की पूरी क्षमता हासिल करना है। इस फैक्ट्री के जरिए कंपनी 250 से ज्यादा लोगों को रोजगार देगी। सिस्टेमा बायो ने अपने बायोडाइजेस्टर की लागत को 20 प्रतिशत तक कम करने की योजना बनाई है, जिससे किसान परिवारों की अर्थव्यवस्था को लाभ होगा। इससे पहले कंपनी मेक्सिको में अपनी मूल कंपनी से बायोडाइजेस्टर का आयात करता था। सिस्टेमा बायो के बायोडाइजेस्टर छोटे किसानों को अपने खेतों की स्थिरता बढ़ाने के साथ-साथ अपनी कृषि उत्पादकता और आय बढ़ाने में मदत करता हैं। वर्तमान में भारत में 14 राज्यों में 85,872 से अधिक लोग हैं, जो सिस्टेमा बायो के डाइजेस्टर के साथ स्वच्छ और नवीकरणीय ऊर्जा का उत्पादन कर रहे हैं।

# आईसीआईसीआई बैंक का मुनाफा रिकॉर्ड 5,511 करोड़

**नईदिल्ली, एजेंसी।** निजीक्षेत्र के आईसीआईसीआई बैंक ने चालू वित्त वर्ष की सितंबर में समाप्त दूसरी तिमाही में 5,511 करोड़ रुपए का मुनाफा कमाया है। यह बैंक का रिकॉर्ड तिमाही मुनाफा है। डूबा कर्ज घटने की वजह से बैंक का मुनाफा बढ़ा है। एक साल पहले समान तिमाही में बैंक का मुनाफा 4,251 करोड़ रुपए रहा था। तिमाही के दौरान एकल आधार पर बैंक की कुल आय बढ़कर 26,031 करोड़ रुपए पर पहुंच गई, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 23,651 करोड़ रुपए थी। एकीकृत आधार पर भी निजी क्षेत्र के बैंक ने सबसे ऊंचा




तिमाही शुद्ध लाभ कमाया है। एकीकृत आधार पर बैंक का दूसरी तिमाही का मुनाफा 24.7 प्रतिशत बढ़कर 6,092 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। बैंक ने इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 4,882 करोड़ रुपए का मुनाफा कमाया था। आईसीआईसीआई बैंक ने कहा कि तिमाही के दौरान उसकी कुल आय मामूली बढ़कर 39,484.50 करोड़ रुपए हो गई, जो 2020-21 की समान अवधि में 39,289.60 करोड़ रुपए थी। तिमाही के दौरान बैंक की संपत्ति की गुणवत्ता में सुधार हुआ। बैंक की सकल गैर-निष्पादित आस्तियां (एनपीए) कुल ऋण पर घटकर 4.82 प्रतिशत रह गईं, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 5.17 प्रतिशत थीं। बैंक का एनपीए भी एक प्रतिशत से घटकर 0.99 प्रतिशत पर आ गया। तिमाही के दौरान बैंक की शुद्ध ब्याज आय सालाना आधार पर 25 प्रतिशत बढ़ी, वहीं इस दौरान शुद्ध ब्याज मार्जिन बढ़कर चार प्रतिशत हो गया, जो एक साल पहले समान तिमाही में 3.57 प्रतिशत था। यह इससे पिछली जून में समाप्त तिमाही में 3.89 प्रतिशत था।

# सुजुकी-टोयोटा मिलकर लॉन्च करेंगे नई एसयूवी

## एसयूवी का मुकाबला बेस्ट सेलिंग मिड साइज एसयूवी हयूदै क्रेटा से होगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑटोमोबाइल सेक्टर की कंपनी सुजुकी और टोयोटा की पार्टनरशिप में जल्द ही नई एसयूवी लॉन्च की जाएगी, जिसका मुकाबला बेस्ट सेलिंग मिड साइज एसयूवी हयूदै क्रेटा के साथ ही किआ सेटास, हालिया लॉन्च एमजी अस्टार, वाक्सवैगन टाइगुन और स्कोडा कुशाक जैसी मिड साइज एसयूवी से होगा।

भारत में साल 2019 में सुजुकी की टोयोटा मोटर कॉर्पोरेशन से साझेदारी हुई और सुजुकी-टोयोटा जॉइंट वेंचर में अब तक टोयोटा अर्बन क्रूजर और टोयोटा ग्लांझा जैसी कॉम्पैक्ट एसयूवी और हैचबैक कारें आ चुकी हैं। अब जल्द ही इन दोनों के जॉइंट वेंचर पर नई मिड साइज एसयूवी लॉन्च की जाएगी, जिसे टोयोटा के डीएनजीए प्लैटफॉर्म पर तैयार किया जाएगा। कर्नाटक स्थित टोयोटा की बिदाड़ी प्लांट में इसका प्रोडक्शन होगा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, टोयोटा की इस एसयूवी की लंबाई 4.3 मीटर होगी।टोयोटा की अपकमिंग मिड साइज एसयूवी के संभावित इंजन, पावर और फीचर्स की बात करें तो लुक में सुजुकी और टोयोटा पार्टनरशिप




में बन रही अपकमिंग एसयूवी देखने में काफी अच्छी होगी और इसमें मारुति सुजुकी एस-क्रॉस और सुजुकी विटारा ब्रेजा की झलक मिल सकती है। इसमें बाकी कंपनियों की धांसू कारों वाले लेटेस्ट फीचर्स देखने को मिल सकते हैं, जिनमें कनेक्टेड कार टेक्नॉलजी और अडवांस्ड ड्राइवर असिस्टेंस फीचर्स होंगे।

टोयोटा-सुजुकी पार्टनरशिप की अपकमिंग मिड साइज एसयूवी के इंजन और पावर की बात करें तो इसमें हाइब्रिड टेक्नॉलजी से लैस 1.5 लीटर का पेट्रोल इंजन देखने को मिलेगा, जो कि 104बीएचपी की पावर और 138एनएम टॉर्क जेनरेट करने में सक्षम होगा। टोयोटा की अपकमिंग एसयूवी में सुजुकी का नया 1.2 लीटर टर्बो पेट्रोल और स्वीफट स्पोंट का 1.4 लीटर बूस्टरजेट इंजन भी देखने को मिल सकता है। आने वाले समय में इसकी और भी खूबियों के बारे में पता चल जाएगा। बता दें कि भारत में एसयूवी सेगमेंट की कारों की डिमांड के बीच ऑटोमोबाइल कंपनियों में मिड साइज और कॉम्पैक्ट एसयूवी लॉन्च करने की होड़ मची है और ऐसे में आने वाले समय में कई नई एसयूवी लॉन्च होने वाली है।

# फोनपे यूजरर्स को झटका, मोबाइल रिचार्ज कराने पर देना होगा ज्यादा फीस


**नई दिल्ली, एजेंसी।** डिजिटल पेमेंट ऐप फोनपे ने अपनी फीस में इजाफा करने वाली है। मोबाइल रिचार्ज के लिए फोनपे यूज करने वालों को कंपनी झटका देने वाली है। ऑनलाइन पेमेंट एप्लिकेशन फोनपे देश का पहला ऐसा ऐप बन गया है, जिसने यूपीआई बेस्ड ट्रांजेक्शन के लिए फीस लेनी शुरू कर दी है। डिजिटल पेमेंट ऐप फोनपे ने 50 रुपए से ऊपर के मोबाइल रिचार्ज के लिए ट्रांजैक्शन की प्रोसेसिंग फीस लेनी शुरू कर दी है, ये फीस यूपीआई के जरिए रिचार्ज करने पर भी लगेगी। कंपनी ने कहा कि वह 50 रुपए से कम के मोबाइल रिचार्ज के लिए कुछ भी चार्ज नहीं कर रही है। 50 रुपए और 100 रुपए के बीच के रिचार्ज के लिए, यह 1 रुपए और 100 रुपए से ज्यादा मोबाइल रिचार्ज के लिए फोनपे ग्राहकों से 2 रुपए की फीस ली जाएगी। फोनपे ने कहा, रिचार्ज पर, हम एक बहुत छोटे पैमाने पर एक्सपेरिमेंट चला रहे हैं, जहां कुछ यूजर्स मोबाइल रिचार्ज के लिए पेमेंट कर रहे हैं। 50 रुपए से कम के रीचार्ज पर कोई फीस नहीं लगती है। 50 रुपए और 100 रुपए के बीच के रीचार्ज पर 1 रुपए और 100 रुपए से ऊपर के रीचार्ज पर 2 रुपए चार्ज किए जाते हैं। अनिवार्य रूप से, एक्सपेरिमेंट के एक पार्ट के रूप में, ज्यादातर यूजर्स या तो कुछ भी पेमेंट नहीं कर रहे हैं या 1 रुपए का पेमेंट कर रहे हैं।

फोनपे के प्रवक्ता ने कहा कि हम फीस लेने वाले एकमात्र प्लेयर या पेमेंट प्लेटफार्म नहीं हैं। बिल पेमेंट पर एक छोटा सी फीस लेना अब एक स्टैंडर्ड इंडस्ट्री प्रैक्टिस है और दूसरे बिलर वेबसाइटों और प्लेमेंट प्लेटफार्मों द्वारा भी किया जाता है। हम केवल क्रेडिट कार्ड से पेमेंट पर एक प्रोसेसिंग फीस (दूसरे प्लेटफॉर्म पर इसे सर्विस फीस कहा जाता है) लेते हैं। थर्ड पार्टी ऐप्स में यूपीआई ट्रांजैक्शन के मामले में फोनपे की सबसे बड़ी हिस्सेदारी है। कंपनी ने सितंबर में अपने प्लेटफॉर्म पर 165 करोड़ से ज्यादा यूपीआई ट्रांजैक्शन दर्ज किए थे, जिसमें ऐप सेगमेंट में 40 फीसदी से ज्यादा हिस्सेदारी थी। फोनपे की स्थापना 2015 में फ्लिपकार्ट के पूर्व अधिकारियों समीर निगम, राहुल चारी और बुर्जिन इंजीनियर ने की थी। डिजिटल पेमेंट ऐप के 300 मिलियन से ज्यादा रजिस्टर्ड यूजर्स हैं।

# भारत में आगामी समय में लांच होगी कई शानदार कारें

## एसयूवी-एमपीवी सेगमेंट में धमाल की तैयारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आगामी समय में भारत में कई शानदार कारें लांच होने जा रही है। इनमें हैचबैक, एसयूवी और एमपीवी सेगमेंट की कारें शामिल हैं। ये कारें मारुति सुजुकी, सुजुकी-टोयोटा जॉइंट वेंचर के साथ ही जीप, महिंद्रा और किआ मोटर्स की है। इनमें से कुछ कारें मौजूदा पॉपुलर मॉडल का नेक्स्ट जेनरेशन मॉडल है, वहीं कुछ कारें एमपीवी और एसयूवी सेगमेंट में नई आ रही हैं। आपको बता दे हैं कि भारत में नई कारें कब लॉन्च हो सकती हैं? भारत में जल्द ही मारुति सुजुकी अपनी कई कारों के नेक्स्ट जेनरेशन मॉडल पेश करने वाली है, जिनमें नेक्टस जनरेशन मारुति अल्टो के साथ ही न्यू मारुति सेलेरियो भी है। ये दोनों हैचबैक कारें अगले साल की शुरूआत में भारत में लॉन्च




हो सकती हैं। जहां कंपनी इन कारों के लुक बेहतर करेंगी, वहीं इसमें लेटेस्ट फीचर्स भी दिए जाएंगे। भारत में मारुति ऑल्टो सबसे ज्यादा बिकने वाली कार है और इसके नेक्स्ट जेनरेशन मॉडल का लोगों को बेसब्री से इंतजार है। भारत में जल्द ही मारुति सुजुकी और टोयोटा मोटर्स की जॉइंट वेंचर में नई एसयूवी लॉन्च होने वाली है, दो देखने में काफी पावरफुल और फीचर्स के मामले में धांसू होगी।भारत में अगले 3-4 महीनों में महिंद्रा अपनी पॉपुलर एसयूवी स्कॉर्पियो का नेक्स्ट जेनरेशन मॉडल भी पेश करने वाली है, जो कि आल न्यू महिंद्रा स्कॉर्पियो होगी और इससे एसयूवी सेगमेंट में महिंद्रा की और ज्यादा धाक जमेगी। अपकमिंग नेक्स्ट जेनरेशन महिंद्रा स्कॉर्पियो में काफी सारे लेटेस्ट फीचर्स देखने को मिलेंगे, जो मौजूदा समय में बेहत जरूरी हैं। भारत में अपनी कॉम्पैक्ट और मिड साइज एसयूवी से धमाका मचाने वाली किआ मोटर्स जल्द ही भारत में मारुति इरटीगा, मारुति सुजुकी एक्सएल6 जैसी धांसू कारों से मुकाबले को किआ केवाय नाम से नई एमपीवी लॉन्च कर सकती है, जो बेहतरीन लुक और फीचर्स से लैस होगी।

भारत में अगले 6 महीनों के दौरान ये सभी हैचबैक, एसयूवी और एमपीवी सेगमेंट की धांसू कारें लॉन्च हो जाएंगी।भारत में जीप भी अपना विस्तार करते हुए जल्द ही जीप मेरीडीयन नाम से नई एसयूवी लॉन्च करने वाली है। जीप कंपस और रेंगलर के बाद कंपनी लोगों को एसयूवी सेगमेंट में नए ऑप्शन दे रही है।

## आदिल रशीद की घातक गेंदबाजी, इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को 6 विकेट से हराया



दुबई, एजेंसी। आदिल रशीद की घातक गेंदबाजी की बदौलत विश्व कप 20 -20 क्रिकेट टूनार्मेंट के एक मैच में इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को 6 विकेट से पराजित कर दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज की टीम 14.2 ओवर में मात्र 55 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। जवाब में इंग्लैंड ने 4 विकेट खोकर 8.2 ओवर में 56 रन बनाते हुए प्रभावी जीत हासिल की। 56 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड का पहला विकेट जेसन रॉय के रूप में चौथे ओवर में गिरा। उन्हें रवि रामपाल की गेंद पर क्रिस गेल ने कैच किया। जेसन रॉय ने 10 गेंदों में 1 छक्के की सहायता से 11 रन बनाए। जॉनी बेयरस्टो 6 गेंदों में दो चौके की सहायता से 9 रन बनाकर अकील हुसैन द्वारा अपनी ही गेंद पर कैच कर लिए गये। मोइन अली 3 रन के स्कोर पर रन आउट हो गए। लिविंगस्टोन को 1 रन बनाने के बाद अकील हुसैन ने अपनी की गेंद पर कैच कर लिया। जॉस बटलर 22 गेंदों में दो चौके की सहायता से 24 रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने 3 चौके भी मारे। इयोन मॉर्गन ने 7 गेंदों में एक चौके की सहायता से नाबाद 7 रन बनाए। वेस्टइंडीज के लिए अकील हुसैन ने दो और रवि रामपाल ने एक विकेट लिया।

इससे पहले इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को 55 रन पर रोक दिया। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर वेस्टइंडीज को बल्लेबाजी का आमंत्रण दिया। वेस्टइंडीज की टीम शुरूआत से ही लड़खड़ाती नजर आई। दूसरे ओवर में ओपनर एविन लुइस को क्रिस वोक्स ने मोईन अली के हाथों कैच कराकर वेस्टइंडीज को पहला झटका दिया। लुइस एकमात्र छक्के की सहायता से 6 रन ही बना सके। लेंडल सिमंस भी 3 रन बनाकर मोइन अली की गेंद पर लिविंगस्टोन को कैच दे बैठे। शिमरन हेटमायर को मोईन अली ने इयोन मॉर्गन के हाथों कैच करा दिया। वेस्टइंडीज के दहाई तक पहुंचने वाले एकमात्र बल्लेबाज क्रिस गेल थे जिन्होंने 13 गेंदों में 13 रन बनाए, जिसमें 3 चौके शामिल थे। उन्हें टाइमल मिल्स ने डेविड मिलान के हाथों कैच कराया। पोलार्ड 14 गेंदों में 6 रन बना सके। उन्हें आदिल रशीद ने जॉनी बेयरस्टो के हाथों कैच करा दिया। निकोलस पूरन 9 गेंदों में बमुश्किल 1 रन बना सके। उन्हें टायमल मिल्स ने जोश बटलर के हाथों लपकवा दिया। आंद्रे रसेल को बिना खाता खोले आदिल रशीद ने बोल्ड कर दिया। ओबेड मैक्कॉय को बिना खाता खोले आदिल रशीद की गेंद पर जेसन रॉय ने कैच कर लिया। रवि रामपाल को आदिल रशीद ने बोल्ड कर दिया।

इंग्लैंड के लिए आदिल रशीद ने सर्वाधिक 4, मोइन अली और टायमल मिल्स ने 2 - 2, क्रिस वोक्स और क्रिस जॉर्डन ने 1 - 1 विकेट लिए।

## मात्सुयामा ने पीजीए टूर गोल्फ खिताब जीता



**चीबा, एजेंसी।** मास्टर्स चैम्पियन हिदेकी मात्सुयामा ने पीजीए टूर जोजो गोल्फ चैम्पियनशिप का खिताब जीता है। हिदेकी ने चौथे दौर के आखिरी नौ होल में तीन बर्डी और एक ईगल लगाकर पांच अंडर 65 के स्कोर के साथ ही यह खिताब जीता है। यह जापान में पीजीए टूर में उनका पहला खिताब है। उन्होंने 18वें होल में ईगल लगाकर 5 शॉट के बड़े अंतर से जीत हासिल की। इसमें उनका कुल स्कोर 15 अंडर 265 रहा। वहीं अमेरिका के दो खिलाड़ी ब्रैंडन स्टील और कैमरन ट्रिंग 10 अंडर के स्कोर के साथ ही संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहे। स्टील ने चौथे दौर में 66 जबकि ट्रिंग ने 69 का कार्ड खेला जबकि ब्रिटिश ओपन चैम्पियन कोलिंस मोरिकावा ने आखिरी दौर में 69 का कार्ड खेला और वह मात्सुयामा से 10 शॉट पीछे संयुक्त रूप से सातवें स्थान पर रहे।

## ऑस्ट्रेलियाई बिग बैश में हरमनप्रीत का शानदार प्रदर्शन

### रेनेगेड्स को दिलाई जीत




**मेलबोर्न, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलियाई बिग बैश लीग में खेलते हुए भारतीय महिला क्रिकेटर हरमनप्रीत कौर ने अपने शानदार प्रदर्शन से मेलबोर्न रेनेगेड्स की जीत में अहम भूमिका निभाई है। इस मैच में रेनेगेड्स ने सिडनी सिक्सर्स को सात विकेट से हराया। हरमनप्रीत ने इस मैच में 17 रन देकर दो विकेट लिए जबकि बल्लेबाजी के दौरान तेजी से खेलते हुए केवल 29 गेंदों पर 35 रन बनाये। इसमें दो छक्के भी शामिल थे। इससे पहले सलामी बल्लेबाज ईव जोंस ने 38 रन बनाये। उन्होंने इस लीग में खेल रही भारत की ही जेमिमा रॉड्रिग्स के साथ पहले विकेट के लिए 43 रन बनाये। रॉड्रिग्स ने 15 गेंदों पर 14 रन बनाए।

वहीं सिडनी सिक्सर्स का बल्लेबाजी के दौरान प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। सोफी मोलिन्यू ने मैच की तीसरी गेंद पर ही इस लीग में खेल रही युवा भारतीय क्रिकेटर शेफाली वर्मा को शून्य पर ही आउट कर दिया। मोलिन्यू ने अपने चार ओवर में केवल 18 रन देकर एक विकेट लिया जबकि हरमनप्रीत ने दो विकेट लिए। हरमनप्रीत ने एश्ली गाडर्नर और एलिसा हीली को अपना शिकार बनाया। इसके बाद एलिसा पेरी ने 51 गेंदों पर 50 नाबाद रनों की पारी खेलकर अपनी टीम को संभाला। उन्होंने निकोल बोल्टन के साथ चौथे विकेट के लिए 80 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी की।

## संक्षिप्त समाचार

### फेनेस्ता ओपन टेनिस चैंपियनशिप आज से

नई दिल्ली, एजेंसी। फेनेस्ता ओपन राष्ट्रीय टेनिस चैंपियनशिप सोमवार से यहां शुरू हो रही है। कोरोना महामारी को देखते हुए इस चैंपियनशिप के मुख्य ड्रा के मुकाबले ही खेले जाएंगे। इसके पुरुष वर्ग में निक्की पूनाचा, वीएम रणजीत, दलविंदर सिंह, विष्णु वर्धन और कुणाल आनंद खिताब के प्रबल दावेदार माने जा रहे हैं। वहीं महिला वर्ग में प्रेरणा भाम्बरी, जील देसाई, शर्मदा बालू, साई संहिता और वैदेही चौधरी दावेदार रहेंगी। इसके मुख्य ड्रा के मुकाबले सोमवार से शुरू होंगे जबकि दोनों फाइनल इसी माह के अंत में 30 अक्टूबर को खेले जाएंगे। इस टूनार्मेंट के विजेता को तीन-तीन लाख रुपए की पुरस्कार राशि दी जाएगी।

### पंजाब पुलिस ने पहला मुकाबला जीता

जालंधर, एजेंसी। पंजाब पुलिस ने 38वें इंडियन ऑयल सर्वो सुरजीत हॉकी टूनार्मेंट के उद्घाटन मैच में रेल कोच फैक्ट्री कपूरथला को 1-0 से हराया। इस जीत से पंजाब पुलिस को तीन अंक मिले हैं। पूल बी के पहले मैच में पंजाब पुलिस जालंधर और रेल कोच फैक्ट्री कपूरथला ने अच्छा प्रदर्शन किया। इस मैच के पहले क्वार्टर में कोई भी टीम गोल नहीं कर पायी। वहीं दूसरे क्वाटर्र के 27वें मिनट में ओलंपियन रमनदीप सिंह ने पंजाब पुलिस की ओर से एक मैदानी गोल कर अपनी टीम को 1-0 से आगे कर दिया। अंतिम क्वाटर्र में दोनों टीमों ने गोल करने के कई प्रयास किये पर कोई भी सफल नहीं हो पायी।

### पाक के साथ मैच के विरोध में उतरे रामदेव

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत और पाकिस्तान के बीच टी20 विश्वकप क्रिकेट मैच को लेकर जारी विरोध पर योग गुरु बाबा रामदेव ने कहा है कि क्रिकेट और आतंकवाद साथ-साथ नहीं चल सकता है। रामदेव ने कहा कि एक ओर जहां क्रिकेट खेलने की बात हो रही है, वहीं दूसरी ओर आतंकवादी हमले जारी है। उन्होंने कहा कि इन हालातों में क्रिकेट खेलना राष्ट्र राष्ट्रहित के साथ ही धर्म के भी विपरीत है। वहीं इससे पहले बीसीसीआई ने कहा था कि आतंकवादी हरकतों की वह भी निंदा करता है पर इस मैच को खेलने से इंकार नहीं किया जा सकता क्योंकि आईसीसी नियमों के तहत कोई भी टीम विश्वकप में खेलने से इंकार नहीं कर सकती।

## टी20 विश्व कप के पहले मैच में हार से निराश नहीं : पोलार्ड




**दुबई, एजेंसी।** वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के कप्तान कायरन पोलार्ड ने कहा है कि इंग्लैंड के हाथों टी20 विश्व कप क्रिकेट के शुरूआत मैच में मिली हार के बाद भी उनकी टीम निराश और डरी हुई नहीं है। वेस्टइंडीज टीम इस मुकाबले में केवल 55 रन ही बना पायी थी। इस कारण उसे 6 विकेट से करारी हार का सामना करना पड़ा है। इंडीज कप्तान पोलार्ड ने मैच के बाद कहा कि इस परिणाम के बाद भी उनकी टीम दवाब में नहीं है। इस मैच में 55 रनों पर आउट होने के साथ ही वेस्टइंडीज टीम टी20 विश्व कप में सबसे कम रन बनाने वाली टीम बन गयी है। पोलार्ड ने मैच के बाद कहा, 'इस तरह के प्रदर्शन को किसी भी प्रकार से सही नहीं ठहराया जा सकता है। हम तीन मैचों में बल्लेबाजी में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके हैं। बल्लेबाज अपने शॉट्स नहीं खेल पाये हैं।'

उन्होंने कहा, 'हम दुनिया भर में काफी क्रिकेट खेलते हैं और इस तरह की बात पहली बार नहीं हुई है। हमें इस तरह के मैचों का अनुभव है। यह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट है और हमें इस हार को भुलाकर आगे बढ़ना होगा।; उन्होंने शानदार गेंदबाजी के लिए अकील हुसैन की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा, ह्यउन्हें फेबियन एलेन की चोट के कारण मौका मिला और उन्होंने साबित कर दिया कि वह क्या कर सकते हैं।' वहीं दूसरी ओर इंग्लैंड के कप्तान ऑयन मॉर्गन ने कहा है कि गेंदबाजों के बेहतर प्रदर्शन के कारण ही उनकी टीम को जीत मिली है।



ब्रिगटन में प्रीमियर लीग फुटबॉल में खेलते हुए मैनचेस्टर सिट, होव एबियोन के खिलाड़ी।

## मंजू रानी की राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में जीत से शुरूआत



**हिसार, एजेंसी।** मंजू रानी ने यहां जारी 5वीं एलीट महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में जीत के साथ शुरूआत की है। विश्व चैम्पियनशिप की पदक विजेता रही मंजू ने इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के 48 किग्रा भार वर्ग में दूसरे दौर का मैच 5-0 से जीता। मंजू ने उड़ीसा की भबानी बारिक को हराया।

वहीं हरियाणा की ही नीतू ने भी अच्छा प्रदर्शन करते हुए 48 किग्रा भार वर्ग के एकतरफा मुकाबले में राजस्थान की स्वस्ति आर्य को हराया। 50 किग्रा भार वर्ग के दूसरे दौर में पंजाब की कोमल और आंध्र प्रदेश की राम्या गुडुरू ने कड़े संघर्ष में जीत हासिल की। कोमल ने मध्य प्रदेश की दीपा कुमार के खिलाफ 3-2 से जबकि आंध्र प्रदेश की राम्या गुडुरु ने उत्तर प्रदेश की रिंकी किशोर को 4-1 से हराया। पूजा रानी ने अखिल भारतीय पुलिस की पिंकी को एकतरफा मुकाबले में 5-0 से हराया।

इस चैंपियनशिप में देश भर के 36 राज्यों और.केंद्र शासित प्रदेशों के 320 से अधिक मुक्केबाज भाग ले रहे हैं।

कोविड-19 महामारी के बाद घरेलू मुकाबलों के फिर से शुरू होने के बाद से यह छठी राष्ट्रीय चैंपियनशिप जिसका आयोजन मुक्केबाजी फेडरेशन ऑफ इंडिया (बीएफआई) करा रहा है। इससे पहले बीएफआई ने जूनियर, युवा और पुरुषों के राष्ट्रीय चैम्पियनशिप का सफल आयोजन किया था।

## कोरोना माहमारी के कारण प्रायोजक तलाशना कठिन रहा: दीपा



**चेन्नई , एजेंसी।** भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) की अध्यक्ष दीपा मलिक ने कहा है कि कोरोना महामारी के टोक्यो पैरालंपिक खेलों के लिए प्रायोजक की तलाश कठिन हो गयी थी। दीपा ने कहा कि यह पीसीआई की सोच में आये बदलाव से ही संभव हुआ कि खिलाड़ियों ने कठिन हालातों के बाद भी काफी पदक जीते। उन्होंने कहा कि इसके लिए खिलाड़ियों के साथ ही पीसीआई की भी तारीफ होनी चाहिए। पीसीआई ने खिलाड़ियों के विकास को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम बनाया।

दीपा ने एक सम्मान समारोह में कहा कि पीसीआई यह तय करता है कि खिलाड़ियों को किसी भी चीज की कमी ना हो।' उन्होंने कहा, 'कोविड-19 महामारी के कारण पीसीआई को भी संघर्ष करना पड़ा था, हमें उम्मीद के अनुसार प्रायोजन नहीं मिल पा रहे थे।


## आदिल रशीद की घातक गेंदबाजी, वेस्टइंडीज 55 रन पर ढेर



**दुबई, एजेंसी।** आदिल रशीद की घातक गेंदबाजी की बदौलत विश्व कप 20 -20 क्रिकेट टूनार्मेंट के एक मैच में इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को 55 रन पर रोक दिया। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर वेस्टइंडीज को बल्लेबाजी का आमंत्रण दिया। वेस्टइंडीज की टीम शुरूआत से ही लड़खड़ाती नजर आई। दूसरे ओवर में ओपनर एविन लुइस को क्रिस वोक्स ने मोईन अली के हाथों कैच कराकर वेस्टइंडीज को पहला झटका दिया। लुइस एकमात्र छक्के की सहायता से 6 रन ही बना सके। लेंडल सिमंस भी 3 रन बनाकर मोइन अली की गेंद पर लिविंगस्टोन को कैच दे बैठे। शिमरन हेटमायर को मोईन अली ने इयोन मॉर्गन के हाथों कैच करा दिया। वेस्टइंडीज के दहाई तक पहुंचने वाले एकमात्र बल्लेबाज क्रिस गेल थे जिन्होंने 13 गेंदों में 13 रन बनाए, जिसमें 3 चौके शामिल थे। उन्हें टाइमल मिल्स ने डेविड मिलान के हाथों कैच कराया। पोलार्ड 14 गेंदों में 6 रन बना सके। उन्हें आदिल रशीद ने जॉनी बेयरस्टो के हाथों कैच करा दिया। निकोलस पूरन 9 गेंदों में बमुश्किल 1 रन बना सके। उन्हें टायमल मिल्स ने जोश बटलर के हाथों लपकवा दिया। आंद्रे रसेल को बिना खाता खोले आदिल रशीद ने बोल्ड कर दिया। ओबेड मैक्कॉय को बिना खाता खोले आदिल रशीद की गेंद पर जेसन रॉय ने कैच कर लिया। रवि रामपाल को आदिल रशीद ने बोल्ड कर दिया।

इंग्लैंड के लिए आदिल रशीद ने सर्वाधिक 4, मोइन अली और टायमल मिल्स ने 2 - 2, क्रिस वोक्स और क्रिस जॉर्डन ने 1 - 1 विकेट लिए।

## विराट कोहली के आगे बेबस हो जाते हैं पाकिस्तानी गेंदबाज, टी-20 वर्ल्ड कप में आजतक नहीं कर सके हैं आउट



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कहने को तो टी-20 विश्व कप 2021 का आगाज 17 अक्टूबर से हो चुका है, लेकिन तमाम क्रिकेट फैन्स को लंबे समय से इंतजार था आज की तारीख की। 24 अक्टूबर यानी आज की रात रोमांच से भरपूर होने वाली है, क्योंकि लगभग दो साल के बाद भारत और पाकिस्तान की टीम एकबार फिर मैदान पर एक दूसरे के खिलाफ मैदान पर उतरेंगी। फटाफट क्रिकेट के वर्ल्ड कप में टीम इंडिया हमेशा ही पड़ोसी मुल्क पर हावी रही है। पाकिस्तान का हाल इस कदर बेहाल रहा है कि टीम को आजतक एक जीत नसीब नहीं हो सकी है। पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय टीम के शानदार रिकॉर्ड की वजह कप्तान विराट कोहली रहे हैं। विराट के आगे पाकिस्तानी बॉलर्स पूरी तरह से बेबस नजर आते हैं और क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट के विश्व कप में वह टीम इंडिया के कैप्टन को अबतक एक बार भी आउट नहीं कर सके हैं।

टी-20 विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ विराट ने अबतक तीन मैच खेले हैं और तीनों में कोहली नॉटआउट रहे हैं। यानी पाकिस्तानी बॉलर्स भारतीय कप्तान को आउट करने में फटाफट क्रिकेट के वर्ल्ड कप में आउट नहीं कर सके हैं। कोहली के ओवरऑल रिकॉर्ड की बात करें तो विराट का बल्ला पडोसी मुल्क के खिलाफ जमकर बोलता है। विराट का सामना क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट में पाकिस्तान के गेंदबाजों से छह बार हुआ है, इस दौरान किंग कोहली ने जमकर धुनाई की है और 254 रन कूटे हैं। विराट का औसत 84.66 का रहा है।

भारतीय कप्तान पाकिस्तान के खिलाफ दो अर्धशतक भी लगा चुके हैं और 78 रन उनका सर्वाधिक स्कोर रहा है। भले ही विराट का बल्ला बाकी दो फॉर्मेट में उम्मीद के मुताबिक नहीं चला हो, लेकिन टी-20 में साल 2021 में भी कोहली का विकराल रूप देखने को मिला है। विराट ने इस साल खेले 5 टी-20 मैचों में 115.50 के औसत से 231 रन बनाए हैं। इस दौरान भारतीय कप्तान ने 147.13 के शानदार स्ट्राइक रेट से रन बटोरे हैं और तीन अर्धशतक जमाए हैं। इस साल विराट के बैट से 20 चौके और और 9 गगनचुंबी छक्के भी निकले हैं। टी-20 वर्ल्ड कप की बात करें तो यहां भी कोहली का जलवा कायम रहा है। फटाफट क्रिकेट के विश्व कप में कोहली ने 16 मैचों में 86.33 के औसत और 133.04 के स्ट्राइक रेट से 777 रन ठोके हैं। इस दौरान टीम इंडिया के कैप्टन ने 9 फिफ्टी भी जड़ी है।

## यूएई-इराक फुटबॉल मैच से पहले की टिप्पणियों को सार्वजनिक करने पर पत्रकार गिरफ्तार



**दुबई, एजेंसी।**। संयुक्त अरब अमीरात में अभियोजकों ने शुक्रवार को बताया की कि उन्होंने इस महीने की शुरूआत में विश्व कप क्वालीफायर के दौरान इराक के खिलाफ अपनी टीम के मुकाबले से पहले की गई टिप्पणियों को सार्वजनिक करने पर एक टेलीविजन पत्रकार को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने उस पत्रकार की पहचान जाहिर नहीं की है। इस पत्रकार को सरकार संचालित अबू धाबी स्पोर्ट्स चैनल से गिरफ्तार किया गया था।

प्रसारक ने भी इस मामले से जुड़े कुछ पत्रकारों को कार्यमुक्त कर दिया है। अधिकारियों ने इन टिप्पणियों को ह्यसार्वजनिक हित को नुकसान पहुँचाने और अभद्र' करार दिया। सरकार संचालित डब्ल्यूएएम समाचार एजेंसी के बयान के अनुसार, इन टिप्पणियों का प्रसारण मैच से पहले हुआ था।

डब्ल्यूएएम की रिपोर्ट में कहा गया है कि चैनल की उस 'फीड (प्रसारण)'को हैक कर लिया गया और प्रकाशित क्लिप को जब्त कर लिया गया। इसका प्रसारण कुछ सोशल मीडिया साइटों पर भी हुआ था।' हिरासत में लिए गए पत्रकार को पांच साल तक की जेल की सजा और 1,360 डॉलर (लगभग एक लाख रुपये) तक का जुर्मानां लग सकता है। डब्ल्यूएएम ने कहा कि अबू धाबी स्पोर्ट्स चैनल ने इस घटना के प्रसारण से जुड़े तीन लोगों को नौकरी से निकाल दिया है।

## एससी ईस्ट बंगाल ने सत्र पूर्व मैत्री मैच में गोकुलम केरल एफसी को हराया




**पणजी, एजेंसी।**। बलवंत सिंह और वाहेंगबैम एंगोसाना के गोल की बदौलत एससी ईस्ट बंगाल ने बुधवार को यहां सत्र पूर्व मैत्री मैच में गत आईलीग फुटबॉल चैंपियन गोकुलम केरल एफसी को 2-1 से हराया। एससी ईस्ट बंगाल को 40वें मिनट में बलवंत सिंह ने बढ़त दिलाई जबकि पहले हाफ के इंजरी टाइम में एंगोसाना ने टीम की बढ़त को 2-0 कर दिया। गोकुलम ने इसके बाद एक गोल किया लेकिन टीम बराबरी का गोल नहीं कर सकी।

एससी ईस्ट बंगाल की तीन मैत्री मैचों में यह तीसरी जीत है। टीम ने इससे पहले वास्को एससी को 3-1 जबकि सलगांवकर एफसी को 2-0 से हराया था।

# आप बने रहें नेचुरल जवां

समय की कमी के चलते हम एक्सरसाइज पर ध्यान नहीं दे पाते है जिस वजह से एक चीज़ सबसे ज्यादा इफेक्ट होती है, वो है हमारी हेल्थ। लेकिन बहुत सी ऐसी चीज़ें भी हैं जो करने में आपकों मात्र एक मिनट का समय लगेगा और इन्हें नियमित रूप से करने से स्वास्थ्य ठीक रहेगा।



**सूरज की रोशनी -** विटामिन डी हमारे शरीर के लिए बहुत ज़रूरी है। और हम लोग तो कई-कई दिनों तक सूरज की रोशनी में नही बैठते हैं।तो बस जब आपको एक मिनट का भी समय मिले, आप खुले में जाएं और धूप में या सूरज की रोशनी अपने ऊपर पड़ने दें। ऐसा अगर आप दिन में तीन-चार बार एक-एक मिनट के लिए करेंगे तो इससे आपके शरीर में विटामिन डी की कमी नही होगी।

**लम्बी सांस लीजिये -** 8-10 लम्बी सांस लेने में आपको एक मिनट से ज्यादा नही लगेगा। लेकिन ये एक मिनट का काम आपके स्ट्रेस को कम कर देगा और साथ ही आपकी हार्ट रेट भी स्थिर करेगा। इसे आप दिन में कई बार कर सकते हैं।

**मसाज करें -** माना कि समय की कमी के कारण आप स्पा आदि नही जा सकते, लेकिन काम करते हुए एक मिनट का ब्रेक लें और अपने हाथों को और ईयर लोब्स को प्रेशर पॉइंट मसाज दें। आपके स्ट्रेस में बहुत कमी आएगी।

**एक मिनट का मैडिटेशन करें -** एक मिनट का मेडिटेशन आपको एंग्जायटी, फिजिकल पेन, स्ट्रेस आदि में आराम दिला सकता है।

**प्रोटीन डाइट -** जैसे ही आपको एक मिनट का समय मिले तो अपने शरीर में प्रोटीन इन्टेक करें। मुट्ठी भर बादाम या भुने हुए चने खाएं जिनमें प्रोटीन की मात्रा बहुत अधिक होती है।

**अपनी जगह पर ही दौड़ें -** अगर आपको नियमित रूप से जॉगिंग करने का समय नही मिल पाता है तो आप ऐसा कर सकते हैं कि जब भी आपको एक मिनट का भी समय मिले तो आप एक ही जगह पर खड़े होकर एक मिनट तक दौड़ें।

# अनानास के छिलके का महत्व



**अक्सर लोग अनानास के छिलकों को बेकार समझकर ऐसे ही फेंक ही देते हैं। लेकिन कुछ ऐसे फल भी है जिसके बीज, गूदा, छिलका उसके फल के तरह ही पौष्टिकता से भरपूर होते हैं। वैसे तो अनानास को हाई कैलोरी फूड माना जाता है लेकिन उसमें पौष्टिकता भरपूर मात्रा में पाया जाता है। हाई कैलोरी फूड होने के कारण इसको थोड़ी-थोड़ी मात्रा में खाना फायदेमंद होता है।**

डाइजेस्टिव सिस्टम को बनाए बेहतर अनानास के छिलके इस रसीले फल के गूदे के तुलना में बहुत सख्त होता है और स्वाद में भी थोड़ा कड़वा होता है। लेकिन ये फाइबर के अच्छे स्रोतों में एक है जो डाइजेस्टिव सिस्टम को बेहतर बनाने में बहुत मदद करता हैं। ब्रोमालाइन नाम का एन्जाइम इसके छिलके में होता है जो रक्त का थक्का बनने में भी सहायता करता है। हाई कैलोरी होती है इसमें अक्सर लोग अनानास के छिलकों को फेंक ही देते हैं। लेकिन कुछ ऐसे फल भी है जिसके बीज, गूदा, छिलका उसके फल के तरह ही पौष्टिकता से भरपूर होते हैं। वैसे तो अनानास को हाई कैलोरी फूड माना जाता है लेकिन उसमें पौष्टिकता भरपूर मात्रा में पाया जाता है। हाई कैलोरी फूड होने के कारण इसको थोड़ी-थोड़ी मात्रा में खाना फायदेमंद होता है। फाइबर से भरपूर अनानास के छिलके इस रसीले फल के गूदे के तुलना में बहुत सेत होता है और स्वाद में भी थोड़ा कड़वा होता है। लेकिन ये फाइबर के अच्छे स्रोतों में एक है जो डाइजेस्टिव सिस्टम को बेहतर बनाने में बहुत मदद करता हैं। ब्रोमालाइन नाम का एन्जाइम इसके छिलके में होता है जो रक्त का थक्का बनने में भी सहायता करता है। इसके छिलकों को थोड़े मात्रा में आप फलों के साथ खा सकते है। या आप इसके छिलकों को पतला करके काट लें और चबाकर खायें।

# बारिश में बिल्कुल न खाएं अंकुरित अनाज

**वैसे तो अंकुरित अनाज सेहत के लिए बेहद फायदेमंद है और इसे नियमित तौर पर अपनी डाइट में शामिल करना आपको सेहत और ब्यूटी के कई फायदे दे सकता है। लेकिन यह जरूरी नहीं कि हर सेहतमंद चीज, हर वक्त एक सा ही परिणाम दे। जी हां, अंकुरित अनाज के चाहे कितने भी फायदे हों, लेकिन बारिश के दिनों में इसे खाना आपके लिए हानिकारक हो सकता है। अब आप सोच रहे होंगे कि आखिर अंकुरित अनाज कैसे सेहत को नुकसान पहुंचा सकता है...**

दरअसल बरसात के दिनों में फूड पॉइजनिंग और पेट खराब होने की समस्या सबसे ज्यादा होती है। इसका सबसे बड़ा कारण है, पानी या अन्य खाद्य पदार्थों में मौजूद बैक्टीरिया के कारण होने वाला संक्रमण, जो आपके पेट को न सिर्फ खराब करता है बल्कि उल्टी और दस्त जैसी समस्याओं को जन्म देकर आपके लिए बेहद खतरनाक साबित हो सकता है। डाइटीशियन इस मौसम में अंकुरित अनाज न खाने की सलाह देते हैं, जिसका पहला कारण है कि इन्हें ज्यादा समय तक पानी में भिगोया जाता है और उससे भी अधिक समय तक इसमें नमी बनी रहती है। ऐसे में इनमें खतरनाक बैक्टीरिया होने का खतरा और भी बढ़ जाता है। दूसरा कारण यह है कि इसमें फाइबर की मात्रा अत्यधिक होती है जो मोशन होने में सहायक होते हैं। ऐसे में यह डायरिया जैसी समस्या का कारण भी बन सकता है जिससे शरीर में पानी एवं पोषक तत्वों की कमी हो सकती है। हालांकि अगर आप इस मौसम में अंकुरित अनाज खाना ही चाहते हैं, तो इसे अच्छी तरह से उबालकर ताजा रहते ही इसका प्रयोग कर लें, ताकि यह आपको हानि न पहुंचा सके।

# ग्लैमरस और फैशनेबल लुक पाने के लिए अपनाएं आसान फैशन हैक्स

**स्टाइलिश दिखने की ख्वाहिश हर एक महिला की होती है। इसके लिए वे लेटेस्ट स्टाइलिश ड्रेसेस के बारे में जानने के लिए हमेशा उत्सुक भी रहती हैं। लेकिन हम अपने वार्ड्रोब में एक से बढ़कर एक स्टाइलिश ड्रेसेस का ढेर तो लगा लेते है, लेकिन इन कलेक्शन से संतुष्ट नहीं हो पाते। वो इसलिए की आप अपने ड्रेसेस के साथ एक्सपेरिमेंट नहीं करती है। जी हां अगर आप खुद को फैशनेबल और ग्लैमरस लुक देना चाहती है, इन टिप्स को जरूर अपनाएं...**



**बॉयफ्रेंड जींस देगी स्मार्ट लुक**

अगर आप स्मार्ट लुक पाना चाहती है, तो बॉयफ्रेड जींस जरूर ट्राई करें। माना की नाम थोड़ा अजीब है, लेकिन ये जींस पहनने पर आपको एक बेहतरीन लुक देती है। इस जींस को आप एसिमेट्रिकल टॉप के साथ पहन सकती है।

**बेल्ट्स के साथ ड्रेसेस करें ट्राई**

नॉर्मल ड्रेस पहनने के बजाय आप इसके पहनने के तरीके में थोड़ा सा बदलाव कर इसे स्टाइलिश लुक दे सकती है। इसके लिए कैजुअल ड्रेसेस के साथ भी अलग-अलग तरह से बेल्ट को पेयर करके पहन सकती है।

**पलाजो पैंट्स से पाएं एलिगेंट लुक**

पलाजो पैंट्स आपको स्टाइलिश लुक के साथ एलिगेंट लुक देता है। पलाजो के साथ आप टॉप या इंडियन कुर्ती दोनों की पेयरिंग करके ट्राई कर सकती है। चाहे ऑफिस हो या दोस्तों के साथ कही बाहर घुमने जाना हो पलाजो पैट्स आपको हर जगह आरामदायक और स्टालिश लुक देने में मदद करते है, तो इन्हें एक बार ट्राई जरूर करें।



**डेनिम के साथ करें पेयरिंग**

अगर आप स्टाइलिश होने के साथ-साथ अपना कंफर्टेबल ड्रेसिंग देखती है, तो डेनिम जैकेट के साथ एक्सपेरिमेंट कर सकती है। इसके लिए आप आप स्लिट कुर्ती, लॉन्ग कुर्ती या किसी भी अन्य पैटर्न वाली कुर्ती के साथ डेनिम जैकेट पहन सकती हैं। ये आपको कम्फर्टेबल तो रखेगा ही साथ ही स्टाइलिश लुक भी देगा।

# बहुगुणी इलायची

**हरी इलायची को पकवानों में जायका बढ़ाने के तौर पर जाना जाता है। लेकनि भारत में खाने में इस्तेमाल में लिए जाने वाले मसाले आयुर्वेदिक दवाओं से भी कम नहीं है। पहले के समय में घर में मौजूद मसालों से ही हर समस्या का इलाज कयिा जाता था। हरी इलायची को लोग मसाले के रुप में इस्तेमाल करते हैं। लेकनि ये भी कसिी औषधि से कम नहीं है। रसोई में आसानी से मिलने वाली इलायची के कई स्वास्थ्य लाभ भी हैं।**

**माउथ फ्रेशनर की तरह करता है काम**

इलायची को माउथ फ्रेशनर की तरह काम करता है। अगर आपको मुंह से दुर्गंध आने की परेशानी है, तो खाना खाने के बाद एक या दो इलायची चबा लें। इससे हाजमा भी ठीक रहेगा और मुंह की दुर्गंध से छुटकारा भी मिलेगा।

**रक्तचाप को करता है नियंत्रित**

इलायची शरीर के टॉक्सिन को बाहर निकालने में सहायता करती है। इसमें कैल्शियम,पौटेशियम और मैग्नेशियम जैसे खनिज पाए जाते हैं। इलायची का सेवन रक्तचाप को भी नियंत्रित करने में सहायक है।

**खून की कमी को करें पूरा**

शरीर में रक्त की कमी के कारण पैदा हुए लक्षणों को कम करने में इलायची महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। रक्तअल्पता दूर करने के लिए इलायची पावडर को हल्दी के साथ गर्म दूध में डालकर लेना चाहिए। चाहें तो मिश्री अथवा गुड़ से मीठा भी कर सकते हैं। गुड़ में अधिक मात्रा में लोहा होता है जिससे रक्तअल्पता का ठीक तरह से मुकाबला किया जा सकता है। इलायची में मौजूद है एक महत्वपूर्ण धातु यानी तांबा। इसके अलावा इसमें लौहांश, आवश्यक विटामिन्स जैसे विटामिन सी, और नियासिन भी मौजूद रहते हैं।

**जुकाम और खांसी का इलाज**

इलायची से आपको जुकाम, खांसी जैसी समस्याओं में भी लाभ मिलता है। अगर सर्दी की वजह से सीने में जकड़न और सांस लेने में तकलीफ हो तो इलायची के तेल की कुछ बूंदें गर्म पानी में डालकर 15 मिनट तक भाप लें। इससे कफ साफ होता है, जिससे आपको सर्दी-जुकाम और जकड़न से राहत मिलती है। आयुर्वेद में इलायची को गर्म तासीर का माना गया है जो शरीर को अंदर से गर्म करती है।

**मर्दाना जोश बढ़ाए**

दूध में इलायची डालकर उबालें। खूब अच्छे से उबल जाए तो इसमे शहद मिलाएं और नियमित रूप से रात को सोते समय इसे पी लें। आप देखेंगे कि आपकी सेक्स लाइफ में आनंद के साथ दीर्घता भी शामिल हो गई है। इलायची एक ऐसे टॉनिक के रूप में भी काम करती है जिससे सेक्स लाइफ में इजाफा होता है। यह शरीर को ताकत प्रदान करने के साथ-साथ असमय स्खलित होने और नपुंसकता की समस्या से भी निजात दिलाने में सक्षम है।



# गर्दन और रीढ़ की हड्डी से जुड़ी समस्याएं

**दुर्घटनाओं और गलत जीवनशैली के कारण देश में गर्दन एवं रीढ़ की हड्डी(स्पाइनल कॉर्ड) के क्षतिग्रस्त होने की समस्याएं बढ़ रही हैं। देश में करीब 15 लाख लोगों को गर्दन अथवा स्पाइनल कॉर्ड में चोट लगने के कारण विकलांगता का जीवन व्यतीत करना पड़ रहा है। अनुमानों के अनुसार देश में हर साल स्पाइनल कॉर्ड के चोटिल होने के 20 हजार से अधिक मामले आते हैं।**



ऊंचाई से गिरने, खेल-कूद और मार-पीट जैसे कई कारणों से गर्दन क्षतिग्रस्त हो सकती है और कई बार इसकी वजह से मौत भी हो सकती है। इसके अलावा गलत तरीके से व्यायाम करने और सोने-उठने-बैठने के गलत तौर-तरीकों से भी गर्दन दर्द की समस्या हो सकती है।

गर्दन की गतिशीलता की मदद से ही हम आगे-पीछे देखते हैं, कम्प्यूटर आदि पर काम करते हैं या किसी से बात करते हैं। गर्दन में हमारे शरीर का बहुत ही नाजुक अंग है, जिसे स्पाइनल कॉर्ड कहा जाता है, जो कई कारणों से चोटिल हो सकता है। अगर गर्दन में चोट बहुत हल्की हो तो आराम करने या फीजियोथिरेपी से राहत मिल जाती है लेकिन कई लोगों के लिए गर्दन में चोट विकलांगता का भी कारण बन जाता है। ऐसे में जरूरी है कि गर्दन में चोट या गर्दन की किसी भी समस्या की अनदेखी नहीं करें। अगर आराम करने या दवाइयों के सेवन से भी गर्दन दर्द बढ़ता जाए या गर्दन दर्द बांहों और पैरों तक फैल जाए अथवा सिर दर्द, कमजोरी, हाथों और पैरों में सुन्नपन और झुनझुनी आए तो तुरंत न्यूरो एवं स्पाइन विशेषज्ञ से जांच और इलाज कराएं।

सवाईकल कॉर्ड में चोट लगने से गर्दन में दर्द की समस्या बहुत ही आम है और इससे काफी लोग ग्रस्त रहते हैं। लेकिन अगर क्वाड्रिप्लेजिया पैरालाइसिस होने पर मरीज को ताउम्र विकलांग जीवन व्यतीत करना पड़ सकता है। उसे बिस्तर पर ही रहने को मजबूर होना पड़ सकता है, उसे बेड सोर यानी बिस्तर पर लंबे समय तक सोने से होने वाले घाव सकते हैं और सांस लेने में तकलीफ हो सकती है और वह रोजमर्रा के कामकाज एवं दिनचर्या के लिए अपने परिजनों पर ही पूरी तरह से निर्भर हो जाता है।

स्पाइनल कॉर्ड में चोट लगने से उसके नीचे का हिस्सा सुन्न हो सकता है, मल-मूत्र त्यागने में दिक्कत हो सकती है और कई बार सांस लेने में भी तकलीफ हो सकती है। इसलिए गर्दन एवं सवाईकल स्पाइन की सुरक्षा करना बहुत जरूरी है और इसमें चोट लगने या कोई दिक्कत होने पर उसकी अनदेखी नहीं करें। गर्दन को हमें हर तरह की चोट से बचा कर रखना जरूरी है और चोट लगने पर तत्काल इलाज करना जरूरी है। ऊंचाई से गिरने पर कई बार मौके पर ही मौत हो जाती है। ऐसे मामलों में ज्यादातर सवाईकल स्पाइन में इंज्युरी ही होती है। दुर्घटना के शिकार या उंचाई से गिरने वाले घायल व्यक्ति का तत्काल आपरेशन होना जरूरी है जिसमें उनके गर्दन की हड्डी को सीधा किया जाता है प्लेट लगाकर उसे एलाइमेंट में रखा जाता है।



# दूध के साथ शहद से बेहतरीन फायदे

- रोजाना दूध के साथ शहद मिलाकर पीना, आपकी शारीरिक और मानसिक सेहत के लिए लाभकारी है। यह दोनों प्रकार की क्षमताओं में इजाफा करने में सहायक है।
- अगर नींद न आने या कम नींद की समस्या है, तो रातको सोते समय गर्म दूध में शहद का प्रयोग करें, इससे नींद भी बेहतर होगी और आप रिलेक्स महसूस करेंगे।
- पाचन क्रिया को दुरुस्त करने के लिए दूध में शहद डालकर पीना एक बढ़िया उपाय है। इससे कब्ज की समस्या भी हल हो जाएगी।
- दूध आपको प्रोटीन और कैल्शियम के अलावा कई जरूरी पोषक तत्व देता है और शहद प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में मदद करता है। दोनों मिलकर एक बेहतरीन सेहत विकल्प साबित होते हैं।
- तनाव दूर करने के लिए यह बेहतरीन उपाय है। इसके अलावा हल्के गुनगुने दूध में शहद मिलाकर पीने से प्रजनन क्षमता और शुक्राणुओं की संख्या में वृद्धि होती है।



# नीलगिरी के पत्तों में छिपा है सांस व गले की बीमारियों का इलाज

**नीलगिरी की चाय बनाकर पीएं**

आमतौर पर इस तरह के हर्बल का इस्तेमाल चाय के जरिए ही किया जाता है जो आपके सांस और संक्रमण को कम करने का काम करता है। यूकेलिप्टस की चाय पीने के लिए आप इसकी पत्तियों का इस्तेमाल करें। चाय को बनाते समय अच्छी तरह से उबाल लें और फिर गुनगुना रहने पर इसका सेवन कर लें।

**जुकाम और ठंड को दूर करता है यूकेलिप्टस**

सर्दी और ब्रोंकाइटिस के लिए ये एक तरीके का लोकप्रिय घरेलू उपाय है। आपको बता दें कि यूकेलिप्टस या नीलगिरी कफ को खत्म करने के लिए भी फायदेमंद होता है। खांसी की कई दवाओं में नीलगिरी का तेल शामिल होता है। हालांकि, शोधकर्ताओं ने सांस की समस्या को पूरी तरह से ठीक करने को लेकर यूकेलिप्टस पर अध्ययन करने की बात कही है।

**यूकेलिप्टस से करें गरारा**

अगर आपके गले में कफ या भारीपन महसूस हो रहा हो तो आप इसके गरारे भी कर सकते हैं। यूकेलिप्टस से गरारे करने से आप बंद नाक और जुकाम से छुटकारा पा सकते हैं। इसके लिए आप गुनगुने पानी के साथ इसकी पत्तियों को डाल लें और गरारे करें।

**यूकेलिप्टस का ड्रॉप**

नीलगरी की पत्तियों का ड्रॉप या बूंदे भी आपके लिए काफी फायदेमंद होती है जो संक्रमण का इलाज करती है। इसे अपनाने के लिए आप नीलगिरी की पत्तियों को पानी के साथ उबलने दें और इसे ठंडा कर किसी बोतल में रख लें और जब भी आपको इसका इस्तेमाल करना हो तो इसका ड्रॉप ले लें।

**यूकेलिप्टस के अन्य फायदे क्या हैं?**

दांतों को रखता है स्वस्थ

नीलगिरी में मौजूद गुण और रोगाणुरोधी क्षमता माउथवॉश और दांतों को स्वस्थ रखने में मददगार होता है। इसके साथ ही नीलगिरी दांतों में मौजूद बैक्टीरिया से लड़ने में सक्रिय होता है जो दांतों की सड़न और पीरियडोंटाइटिस का कारण बनता है।

**फंगल संक्रमण और घाव**

त्वचा पर होने वाले कई संक्रमण के इलाज के लिए यूकेलिप्टस को फायदेमंद और असरदार माना जाता है। ये आपके घाव या चोट पर भी काम करता है और उसे ठीक करने में मदद करता है।

# टोमेटो केचप

## खाने के अलावा अन्य फायदे भी



प्रकृति में स्वाभाविक रूप से टमाटर अम्लीय होते हैं। केचप के रूप में, सिरका की उपस्थिति के कारण यह और भी अम्लीय हो जाते हैं। सॉस की मदद से दाग हटना सबसे सस्ता तरीका है। इसके अलावा, बाज़ार में कई ऐसे ब्लीचिंग एजेंट उपलब्ध हैं, जिनकी तुलना में ये अधिक कारगर है। यह दागों से निपटने के लिये एक जैविक तरीका भी है। अकसर चीज़ों में जब गंदगी लग जाती है तो इन्हें साफ करने के लिये कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। इसलिये अपने घर और बगीचे में टमाटर के केचप का उपयोग करने के कुछ और तरीकों को जानें।

तांबे के ज़िद्दी दाग को खत्म करने के लिए तांबा से बनी हुई चीजें काफी डेकोरेटिव और पुराने ज़माने की लगती हैं। तांबे के बर्तनों में खाना बनाना स्वास्थ्य के लिये अच्छा है, लेकिन आप रखरखाव के बारे में सोचने के लिए मजबूर हो सकते हैं। यदि आप इन बर्तनों को टमाटर केचप से साफ करते हैं तो ये चमकने लगते हैं। बस आपको उसके लिये तांबे के बर्तन पर केचप लगाकर 15 से 20 मिनट तक छोड़ देना है। फिर मुलायम सूती कपड़े के साथ पॉलिश और चमक लाने के लिये गर्म पानी से उसको साफ करना होगा।

ज़िद्दी दाग के लिए, केचप में थोड़ा सा नमक और डाल लें और वही प्रक्रिया दोहराएं। यह तांबे के आभूषणों के लिये भी कारगर उपाय है। पीतल को काला पड़ने से बचाने के लिए आप पीतल के डोरहैंडल, शोपीस और यहां तक कि कुकवेयर में भी इसका इस्तेमाल कर सकते हैं। भारतीय परिवारों में भगवान की मूर्तियां और दीपक अकसर आपको पीतल के ही मिलेंगे। यह समय के साथ गंदे हो जाते हैं और इनमें डार्क पैचेज़ भी बन जाते हैं, जो समय-समय पर सफाई मांगते हैं। टमाटर केचप की अम्लीय प्रकृति आपको इसे साफ करने में मदद करेगी।

चांदी की चमक वापस लाने के लिए यदि आपके पास चांदी का सामान है और आप उसे सही से नहीं रखते हैं तो वे हवा के संपर्क में आने पर काले पड़ जाते हैं क्योंकि ये हवा से संपर्क करके कॉपर ऑक्साइड बनाते हैं, जो इसकी चमक को फीका कर देता है। आप 5 से 10 मिनट तक सिल्वर ऑब्जेक्ट को केचप के बर्तन में डुबो दें और बाद में आप देखेंगे कि उनकी चमक वापस आ जाती है।

## आज की रेसिपीज

# भिंडी नारियल मसाला



**भिंडी ऐसी सब्जी है जिसे खाना सभी पसंद करते हैं। लेकिन इसे एक तरह से ही पकाना और उसे खाना इतना बोरिंग हो सकता है कि आप इस सब्जी को खाना ही छोड़ दें। ऐसा न हो इसके लिए हम लाए हैं भिंडी की सब्जी की नई रेसिपी जिसमें नारियल का स्वाद शामिल कर स्वाद को दोगुना किया जा सकता है।**

**सामग्री :**

- 250 ग्राम कटी हुई भिंडी, 2 टमाटर, 1 बड़ी प्याज लहसुन की 5 कलियां, एक इंच छिला हुआ अदरक, आधा कप फ्रेश नारियल, आधा कप कद्दूकस किया हुआ नारियल, 2 चम्मच नमक, एक चम्मच जीरा, आधा टीस्पून लाल मिर्च, आधा टीस्पून हल्दी, 2 टेबलस्पून तेल

**विधि :**

- प्याज, टमाटर, अदरक, लहसुन और आधा कप नारियल को मिक्सी में दरदरा पीस लें। इसे एक बोल में निकाल लें।
- पैन में तेल डालें और गरम होने पर उसमें जीरा डाल दें। इसके बाद मसाले को भूनने के लिए पैन में डालें और उसमें अन्य मसाले व नमक ऐड कर दें।
- मसाले का कलर ब्राउन हो जाए तो उसमें कटी हुई भिंडी डाल दें और मिक्स करने के बाद प्लेट से ढक दें।
- सब्जी को सिजने दें, इस दौरान बीच-बीच में इसे मिक्स करते रहें ताकि भिंडी जल नहीं जाएं। 10 मिनट बाद इसमें कद्दूकस किया हुआ नारियल डालें और फिर पांच मिनट तक इसे और पकने दें।